आर.एन.आई. नं. 013178/68,
पी.ओ. रजि.नं. मालवा
डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 57 अंक 103 | उज्जैन, शनिवार 27 अप्रैल, 2024 | वैशाख कृष्ण 4 संवत् 2081 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ज्ञानवापी पर फैसला देने वाले जज को मिली जान से मारने की धमकी

**वाराणसी।** यूपी के वाराणसी में 2022 में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वीडियोग्राफिक सर्वेक्षण का आदेश देकर सुर्खियों में आए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने अंतर्राष्ट्रीय नंबरों से मौत की धमकी प्राप्त करने के बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बरेली के पुलिस अधीक्षक को लिखे अपने पत्र में न्यायमूर्ति दिवाकर ने दावा किया कि उन्हें 15 अप्रैल को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल आया और जान से मारने की धमकी दी गई। कुछ दिन बाद इसी तरह की एक और कॉल आई। न्यायमूर्ति दिवाकर का हाल ही में बरेली में ट्रांसफर किया गया है। उन्होंने पहले भी कहा था कि उन्हें और उनके परिवार को धमकियां मिली थीं।


ऑस्ट्रेलिया के तट पर फिर फंसी 160 पायलट व्हेल, 29 की मौत, 130 को रेस्क्यू किया गया, प्लेन और नावों से की जा रही निगरानी।

### सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपेट को लेकर सभी याचिकाएं खारिज की

**नई दिल्ली।** वीवीपेट को लेकर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उन सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में डाले गए वोटों का वीवीपैट के माध्यम से 100 फीसदी सत्यापन की मांग की गई थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की दो जजों की पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा, किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर संदेह करना सही नहीं है। इसलिए हमारे अनुसार सार्थक आलोचना की आवश्यकता है, चाहे वह न्यायपालिका हो, विधायिका हो। लोकतंत्र का अर्थ सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाए रखना है।

### सनी लियोनी ने
### मलयालम प्रोजेक्ट के लिए शूटिंग शुरू की



**मुंबई।** सनी लियोनी फिलहाल अपने अगले अनटाइटल्ड मलयालम प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही हैं। एक लीक वीडियो, जो ऑनलाइन सामने आया है, में एक्ट्रेस को फिल्म के क्रू के साथ शूटिंग करते दिखाया गया है। एक्ट्रेस, जो इस प्रोजेक्ट के साथ मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है, ने हाल ही में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक पमपल्ली और फिल्म की टीम के साथ मुहूर्त पूजा की थी। सनी लियोनी अपनी फिल्मों के सावधानीपूर्वक चयन से अपने फैंस को सरप्राइज करने में कभी असफल नहीं हुई हैं। हाल ही में घोषित अनाम फिल्म के साथ, एक्ट्रेस ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है, जो यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि सनी अब उनके लिए क्या लेकर आएंगी। इस बीच, एक्ट्रेस फिलहाल 'स्प्लिट्सविला एक्स5' के लेटेस्ट सीजन की होस्टिंग करती नजर आ रही हैं।

### आतिशबाजी से घर में लगी आग एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव में आतिशबाजी से लगी आग से हुए सिलेंडर विस्फोट से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। जिलाधिकारी राजीव रोशन ने बताया कि अंटोर गांव में गुरुवार की देर रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी। शामियाना एवं बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था। बारातियों ने पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की, जिससे शामियाना में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा शामियाना आग की चपेट में आ गया। इस दौरान आग के फैलने से वहां रखे सिलेंडर विस्फोट से विस्फोट हो गया। साथ ही लपटों के रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे गए डीजल के स्टॉक तक पहुंचने से आग ने भयानक रूप ले लिया एवं उनके परिवार के छह लोगों की मौत हो गई।

### सोपोर मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, एक नागरिक और दो सैनिक भी घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच चल रही गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि एक नागरिक और दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, सेना और सीआरपीएफ सहित सुरक्षाबलों ने गुरुवार को सोपोर शहर के नौपोरा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने कहा कि जैसे ही सुरक्षा बल छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंचे, उन्होंने आसपास के सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकवादियों की गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए। एक नागरिक को भी कंधे पर गोली लगी है।

---

सीवरेज लाइन के बादर अब स्टॉप डेम टूटने से

# शिप्रा में मिला गंदा पानी

- तीन दिन पहले ही शिप्रा में नालों का पानी मिलने को लेकर बवाल मचा था
- विधायक धरने पर बैठ गए थे, दिन रात काम कर जैसे-तैसे जोड़ी थी लाइन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सीवरेज लाइन फूटने के बाद अब स्टॉप डेम टूटने से एक बार फिर शिप्रा में गंदा पानी मिल गया। इससे शिप्रा का पानी प्रदूषित हुआ है। शिप्रा में गंदगी मिलने की लगातार घटना हो रही है। इससे आम श्रद्धालुओं से लेकर पंडे-पुजारियों व साधु-संतों में शासन-प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी है। शिप्रा को लेकर कई आंदोलन हो चुके हैं।

हर बार शासन योजना की बात करता है तो प्रशासन सफाई कराने की लेकिन इसका स्थाई हल आज तक नहीं निकाला जा सका है। उज्जैन की शिप्रा नदी में गंदे नालों से लेकर इंदौर की कान्ह नदी का पानी मिलने से अब तक रोका नहीं जा सका है। आए दिन शिप्रा में किसी न किसी रूप में गंदा पानी मिलने की घटनाएं हो रही है। पिछले दिनों रामघाट के पास सिवरेज का पानी सीधे बहते हुए शिप्रा में मिल रहा था। इसकी जानकारी लगने पर कांग्रेस विधायक महेश परमार ने मौके पर पहुंचकर शासन-प्रशासन का विरोध करते हुए गंदे पानी में बैठकर ही धरना दे दिया था। नदी के पानी में उतरकर उन्होंने डुबकी लगाकर स्नान भी किया था। इसे लेकर काफी बवाल मचा था। नगर निगम, पीएचई व प्रशासन के अफसरों ने दिनरात मिलकर कर्मचारियों से काम कराया और जैसे-तैसे सुधार कर पानी को रुकवाया। इसके बाद फिर त्रिवेणी घाट पर पर कान्ह नदी के पानी को रोकने के लिए बना स्टाप डेम शुक्रवार को टूट गया। जिससे इंदौर की और से आने वाला दूषित पानी शिप्रा नदी में मिल गया।



#### उज्जैन की जनता का जिम्मेदारों से सवाल

#### आखिर मैली शिप्रा कब शुद्ध होगी

उज्जैन की आम जनता जिम्मेदारों से यह सवाल कर रही है कि आखिर पवित्र नगरी की शान कही जाने वाली पुण्य सलिला लेकिन अभी मैली शिप्रा नदी कब शुद्ध होगी। अब तक इसे साफ करने में करोड़ो रुपए की योजनाएं बनी और रुपए खर्च भी किए गए। लेकिन शिप्रा को शुद्ध बनाने के काम पूर्ण नहीं हो पा रहा है। लाख कोशिश के बाद भी कान्ह नदी का दूषित पानी शिप्रा नदी को गन्दा कर रहा है। शुक्रवार को भी यहीं हुआ जब त्रिवेणी घाट पर कान्ह नदी के गंदे पानी को रोकने के लिए बना डेम टूट गया।

#### उज्जैन कलेक्टर बोले - डेम टूटा नहीं ओवरफ्लो हो गया

उज्जैन कलेक्टर नीरज सिंह ने त्रिवेणी पर डेम टूटने की खबर पर मीडिया से चर्चा में कहा कि डेम टूटा नहीं है बल्कि ओवर फ्लो हो गया है। गंदा पानी आगे नहीं निकल पा रहा था इसलिए उसे तोड़ना पड़ा ताकि पानी निकल जाए। पर्व व स्नान को देखते हुए उसे फिर से बनाने के आदेश दिए गए हैं। संबंधित विभागों की टीम इस कार्य में लगी हुई है।

#### मुख्यमंत्री का गृहनगर, 2028 में सिंहस्थ फिर भी यह हाल

उज्जैन की शिप्रा को लेकर लोगों में कई तरह की चर्चा है। आम लोगों का कहना है कि उज्जैन अब सामान्य शहर नहीं रह गया। यह प्रदेश के मुख्यमंत्री का गृह नगर भी है। शासन-प्रशासन को शिप्रा को लेकर गंभीरता से काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री शुद्धिकरण को लेकर पूर्व में भी निर्देश दे चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन के अफसर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। जबकि 2028 में सिंहस्थ महापर्व भी आने वाला है। इसको ध्यान में रखते हुए भी शिप्रा को लेकर अभी से बड़े काम करने होंगे तब जाकर सिंहस्थ में आने वाले लाखों-करोड़ों लोगों को नहान करा सकेंगे।

---



## मध्यप्रदेश में फिर आंधी-बारिश

### मंदसौर, रतलाम, समेत कई जिलों में गिरा पानी, राजगढ़ में शाह की सभा का तंबू उड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में एक बार फिर मौसम बदल गया है। शुक्रवार को कई जिलों में तेज आंधी और बारिश हुई। मंदसौर, छिंदवाड़ा, रतलाम, झाबुआ, धार, आगर मालवा और राजगढ़ में बारिश हुई। राजगढ़ के खिलचीपुर में तेज हवा के साथ बारिश हुई। जिससे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा का टेंट उड़ गया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे में भोपाल, शाजापुर सहित कुछ अन्य जिलों में आंधी- तूफान और बारिश हो सकती है।

**आशिक का जनाजा है जरा धूम से निकले-**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर थे। सबसे पहले अशोकनगर पहुंचे। यहां पर गुना सीट से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह की राजनीति से परमानेंट विदाई कर दें। आशिक का जनाजा है जरा धूम से निकले।' गुना वालों आपको दो-दो नेता मिलेंगे। ज्योतिरादित्य भी मिलेंगे और केपी यादव भी मिलेंगे। केपी यादव ने इस क्षेत्र की बहुत अच्छी सेवा की है, उनकी चिंता आप मुझ पर छोड़ देना, आपको कुछ करने की जरूरत नहीं है।

---

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण

# रीवा में सबसे कम तो होशंगाबाद में बम्पर वोटिंग

**सतना, दमोह और नर्मदापुरम में कई जगह चुनाव का बहिष्कार, खजुराहो में देर से शुरू हुआ मतदान**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मध्यप्रदेश की 6 सीटों सतना, रीवा, दमोह, खजुराहो, टीकमगढ़ और होशंगाबाद में अस्सी उम्मीदवारों के लिए मतदान हुआ। सबसे ज्यादा होशंगाबाद तो सबसे कम रीवा में वोट डाले गए। सुबह के समय मतदान केंद्रों पर वोटर्स की लंबी-लंबी लाइन नजर आई, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया और गर्मी बढ़ी तो पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की तादाद में कमी दिखी। शाम को फिर थोड़ी तेजी दिखी।



#### वीडी व मलैया ने लगाई फटकार

खजुराहो में सुबह के समय वोटिंग देर से शुरू होने पर वीडी शर्मा ने नाराजगी जताई। दमोह में पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने पोलिंग टीम को फटकार लगा दी। दमोह में ड्यूटी पर तैनात एक वनकर्मी को हार्ट अटैक आ गया। रीवा, सतना, दमोह और नर्मदापुरम में कुछ जगह ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया।

#### सतना में अंधेरे में हुआ मतदान

सतना में बंदरों ने बिजली लाइन को तहस-नहस कर दिया, जिसके चलते एक बूथ पर अंधेरे में वोटिंग हुई। खजुराहो लोकसभा के ग्राम गंज में सेक्टर प्रभारी से मतदाताओं का विवाद हो गया, जिसके चलते दो घंटे तक वोटिंग रुकी रही। ग्रामीणों का आरोप है कि मतदाता पर्ची होने के बाद भी वोट नहीं डालने दिया गया। जानकारी मिलते ही छतरपुर भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने फोन पर कलेक्टर से बात की। खुद कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर व्यवस्था ठीक कराई। सतना के रामपुर बघेलान क्षेत्र के अबेर में फर्जी मतदान की खबर है। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के पवई विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कल्दा के मतदाताओं ने मतदान करने से इनकार कर दिया था। प्रशासन के समझाने के बाद भी गांव के मतदाता अपनी मांगों पर अड़े थे। गांव वालों का कहना है कि गांव में आजादी के बाद आज तक सड़क मार्ग नहीं है। न ही गांव में बिजली है। जिसकी वजह से मतदान नहीं करेंगे। हालांकि समझाइश के बाद फिर वोटिंग शुरू हुई।

---

कम मतदान पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह का भाजपा नेताओं को टास्क

# हर बूथ पर बढ़ाओ 370 वोट



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

कम मतदान को लेकर मध्य प्रदेश में भाजपा विशेष रूप से सतर्क हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार रात को भोपाल पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के चुनिंदा नेताओं के साथ बैठक की। जिसमें मतदान के लिए बची हुई सीटों पर विधायकों को एक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को हुआ। मशीनों की लेट लतीफी को लेकर नाराजगी और अपनी मांगों को आगे रखकर बहिष्कार की खबरों के बीच मतदान जारी है। राजधानी से दूरस्थ जिलों में हो रहे मतदान को लेकर चिंता की लकीरें भोपाल में बैठे नेताओं के माथे पर दिखाई दे रही हैं। केंद्रीय नेताओं से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक स्थितियों को दुरुस्त करने की कवायद में जुटा दिखाई दे रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की यह यात्रा राजगढ़ जिले के खिलचीपुर की सभा से जुड़ी हुई थी। लेकिन, कहा जा रहा है कि शाह का भोपाल आना पहले चरण में हुए कम मतदान की फिक्र के साथ जुड़ा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि शाह ने गुरुवार को एक निजी होटल में पार्टी के चुनिंदा लोगों के साथ बैठक की है। जिसमें उन्होंने मत प्रतिशत बढ़ाने पर खास जोर दिया है। बताया जा रहा है कि शाह ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विधायकों को जिम्मेदारी सौंपी है।



#### सीएम यादव ने मतदान स्थलों की जानकारी ली

सीएम डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचकर मतदान वाले स्थानों की जानकारी ली। चुनाव वॉर रूम पहुंचे सीएम ने प्रदेशभर से आ रही सूचनाओं पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। हर विधायक को प्रति बूथ 370 वोट बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है। इस हिदायत में यह भी जोड़ा गया है कि लोकसभा चुनाव के मतदान स्तर के आधार पर विधायकों का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा। इसके आधार पर ही उनकी अगली रूपरेखा तय होगी।

---

व्हाट्सएप ने कहा

# सरकार मजबूर करेगी तो देश छोड़ देंगे, एन्क्रिप्शन नहीं तोड़ेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग एप व्हाट्सएप और भारत सरकार के बीच लंबे समय से लड़ाई चल रही है। अब यह लड़ाई आखिरी चरण में पहुंच गई है। व्हाट्सएप इस बार आर-पार के मूड में नजर आ रहा है। सरकार की ओर से बार-बार कहा जा रहा है कि व्हाट्सएप को मैसेज के सोर्स के बारे में बताना होगा यानी कोई मैसेज पहली बार कब और कहां से भेजा गया था इसकी जानकारी देनी होगी। इस मसले पर व्हाट्सएप का कहना है कि इसके लिए एन्क्रिप्शन तोड़ना होगा और यह उसकी प्राइवेसी पॉलिसी के खिलाफ है।

#### ...तो छोड़ देंगे देश

व्हाट्सएप की ओर से दिल्ली हाईकोर्ट में कहा गया है कि व्हाट्सएप का इस्तेमाल लोग इसलिए करते हैं क्योंकि यह एन्क्रिप्टेड है और लोगों को इसकी प्राइवेसी पर भरोसा है। यूजर्स ये जानते हैं कि व्हाट्सएप पर भेजे गए मैसेज एंड टू एंड एन्क्रिप्टेड होते हैं। ऐसे में उनके मैसेज को कोई भी नहीं पढ़ सकता है, लेकिन एन्क्रिप्शन तोड़ने के बाद इसकी प्राइवेसी खत्म हो जाएगी। अगर भारत सरकार ने एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया तो हमें देश छोड़ना होगा। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक व्हाट्सएप की तरफ से दिल्ली हाईकोर्ट में वकील तेजस कारिया ने कार्यवाहक चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ से कहा कि एक प्लेटफॉर्म के तौर पर हम कह रहे हैं कि अगर हमें एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए कहा जाता है, तो हम यहां से चले जाएंगे।

---

# इंदौर में नग्न युवक की सिर कुचलकर हत्या




**हाथ-पैर बांधकर मारा**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घटना एरोड्रम इलाके में हुई है। यहां पर एक युवक की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक घटना स्कीम नंबर 155 में स्थित आईडीए मल्टी के मैदान की है।

सूचना के बाद पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे और बताया कि यहां पर एक युवक का सिर कुचला हुआ शव मिला है। युवक की उम्र 30 से 35 वर्ष के आसपास लग रही है। अफसरों के मुताबिक युवक के पहले हाथ-पैर बांधे गए और फिर उसके सिर को कुचल दिया गया। युवक के शरीर पर कपड़े नहीं हैं और उसके गले में ओम का लॉकेट पहना हुआ है। सिर किस चीज से कुचला गया अभी यह पता नहीं चल सका है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## न्यूज कॉलम

### महाकाल मंदिर में क्रिस्टल के कर्मचारियों को कलेक्टर रेट से मानदेय दें -महाकाल सेना

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर की व्यवस्था में क्रिस्टल कंपनी के कर्मचारी दर्शन, भीड़ नियंत्रण एवं अन्य सभी कार्य तन्मयता से कर रहे हैं। वर्तमान में कंपनी कर्मचारी व अधिकारियों को बहुत कम वेतन मिल रहा हैं। इन्हें समिति कर्मचारियों की तरह ही वेतन दे। यह मांग महाकाल सेना धर्म प्रकोष्ठ के उप प्रमुख आशीष ठक्कर ने महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर को पत्र भेजकर की हैं। पत्र में उल्लेख हैं कि समिति द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को 20 से 25 हजार रुपए मानदेय देते हैं फिर भी यह लोग अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाते हैं।

### बाल हनुमान आगर रोड पर मंदिर बचाओ संघर्ष समिति ने की आरती



**उज्जैन।** आगर रोड गाड़ी अड्डा चौराहा जेसी स्काई हाइट मल्टी जेसी मिल परिसर में स्थित श्री बाबा बाल हनुमान पर मंदिर बचाओ संघर्ष समिति ने हनुमान जन्मोत्सव पर महाआरती की। मंदिर के पुजारी रूपेश मेहता ने बताया 11 ब्राह्मणों ने बाबा का अभिषेक, पूजन किया। श्रृंगार के बाद महाआरती की गई। आरती में महेश पुजारी, ब्रह्मऋषि जय गुरु, करणी सेना के शैलेंद्र सिंह झाला, बजरंग दल के अंकित चौबे, क्षत्रिय समाज के महेंद्र सिंह बैंस, साहू समाज से महेश साहू, भगवान शर्मा, विजय पुजारी, मुकेश खंडेलवाल, अर्पित पुजारी, रुद्रेश शर्मा, राजू बैरागी, महाकाल सेना के अशोक राठौर सहित हिंदूवादी संगठन के सदस्य व बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### जैविक खेती के बारे में दी जानकारी

**उज्जैन।** इंगोरिया बलेड़ी क्षेत्र के आसपास के गांव में नवभारत फर्टिलाइजर लिमिटेड कंपनी के कृषि अधिकारी नाजु कहार तथा इंगोरिया टीम जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया। सूक्ष्म पोषक तत्वों की भारी मात्रा में कमी होने के कारण फसलों पर अनावश्यक रोगों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।

### जिले के हाईस्कूल एवं हायरसेकेंडरी में औसत से कम परिणाम देने वाले स्कूल

# जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों का खोला बही खाता 166 को कारण बताओं सूचना पत्र जारी...

**जिला शिक्षा अधिकारी का दावा**

## हाईस्कूल का परिणाम 58 नहीं 60.49 फीसदी रहा, हायर सेकेंडरी का 73.19 नहीं 72.71 प्रतिशत रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हाईस्कूल एवं हायरसेकेंडरी का परिणाम आने के उपरांत जिले में समीक्षा का दौर शुरू हो गया है। शिक्षा विभाग ने ऐसे सभी स्कूलों का बही खाता खोल लिया है जिनका परिणाम जिले के औसत से कम रहा है। जिले में ऐसे 99 हाई स्कूल एवं 67 हायर सेकेंडरी स्कूल सामने आए हैं। इधर जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा ने दावा करते हुए कहा है कि हाईस्कूल में जिले का परिणाम 58 नहीं 60.49 फीसदी रहा है और हायर सेकेंडरी में 73.19 की बजाय 72.71 प्रतिशत रहा है। उज्जैन जिले में हाल यह रहे हैं कि हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में जिले में टाप 3 विद्यालयों में उत्कृष्ट माधवनगर, सोडंग ,नलवा ने 96 प्रतिशत परिणाम देकर स्थान बनाया है। 90 प्रतिशत से अधिक परिणाम देने वाले 9 स्कूल रहे हैं जिनमें अजडावदा, बंजारी, महिदपुर, चामलेश्वर, पीपलू, बनबना, मॉडल उज्जैन, ब्यावरा, बिरियाखेड़ी, मॉडल महिदपुर शामिल रहे हैं।



### एक भी सीएम राईज, पीएम श्री शामिल नहीं

जिले में कक्षा 10 वीं के परिणाम में सीएम राईस एवं पीएम श्री विद्यालयों के हाल बुरे रहे हैं। इनमें से एक भी विद्यालय प्रथम 10 विद्यालयों में स्थान बनाने में सफल नहीं रहा है। यहां तक की एक भी विद्यालय 90 फीसदी तक भी नहीं पहुंचा है। अधिकांश की स्थिति सामान्य विद्यालय सी ही रही है। हाल यह हैं कि प्रथम तीन स्कूलों में एक उत्कृष्ट एवं 2 माडल स्कूल ही आ पाए हैं।

### हायर सेकेंडरी का बही खाता

हायर सेकेंडरी में जिले के टाप 3 विद्यालय कचनारिया, तोपखाना, चामलेश्वर ने 100 प्रतिशत परिणाम दिया है। 90 प्रतिशत और उससे अधिक परिणाम देने वाले स्कूलों में ,अंबोदिया ,उत्कृष्ट उज्जैन ,लोहाना ,ढाबला हर्दु ,सीएम राईज जीवाजीगंज , पीएम श्री कन्या तराना ,माधवगंज, मॉडल उज्जैन ,भेरवगढ ,रुनीजा, सीएम राईज उत्कृष्ट घटिया ,पंवासा , इंगोरिया ,रोहल खुर्द शामिल रहे हैं। इस प्रकार हायर सेकेंडरी में 2 सीएम राईज, 1 पीएम श्री और 1-1 उत्कृष्ठ एवं माडल ही स्थान बना पाए।

### कार्यशाला आज

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान गिरीश तिवारी ने बताया आगामी वर्ष के परीक्षा फल में सुधार के लिए सत्र शुरू होते ही कक्षा 9 के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाए है उनमें से प्रथम 100 की कार्यशाला 27 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से उत्कृष्ट माधवनगर में रखी गई है। कार्यशाला को डीईओ आनंद शर्मा मोटिवेशन करेंगे । एडीपीसी गिरीश तिवारी तथा 6 विषयों के कोर्स डायरेक्टर एवं मास्टर ट्रेनर के द्वारा भी उन्मुखीकरण किया जायेगा।

### 99 स्कूलों को कारण बताओ सूचना पत्र

जिले के कुल 201 हाई स्कूलों में से 102 का परीक्षा फल जिले के परिणाम 60 फीसदी के बराबर या ज्यादा रहा है। 67 स्कूलो का परीक्षा फल 41 से 59 फीसदी रहा । 23 स्कूलों का परीक्षा फल 31से 40 फीसदी रहा। 09 स्कूलों का परिणाम तो 30 फीसदी या इससे कम रहा है। जिले के परीक्षा फल से कम परीक्षाफल वाले 99 स्कूल को शुक्रवार को कारण बताओ सूचना पत्र जिला शिक्षा अधिकारी ने सोमवार को कार्यालय में उत्तर प्रस्तुत करने के आदेश के साथ दिए है।



### 103 में से 67 को कारण बताओ सूचना पत्र

हायर सेकेंडरी परिणाम को लेकर जिले के कुल 103 स्कूलों में से 58 स्कूलों का परीक्षा फल जिले के रिजल्ट 72.71 प्रतिशत के बराबर या ज्यादा रहा है। इसकी अपेक्षा 19 स्कूलों का परीक्षा फल 61 से 72.5 प्रतिशत यानि जिले के परिणाम से कम रहा है। इसी तरह से 14 स्कूलों का परीक्षा फल 51से 60 फीसदी रहा। 10 स्कूलों का परिणाम 41 से 50 और 02 स्कूलों का तो 40 फीसदी या इससे कम रहा है। ऐसे 45 स्कूलों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा जिले के 22 विशिष्ट स्कूल जिनका लक्ष्य 100 फीसदी परिणाम का था और जिन्होंने स्थान नही बनाया उनसे भी उत्तर मांगे गए हैं।

### जांच परिणाम मतदान बाद ही सामने होंगे




मंदिर में 25 मार्च के अग्निकांड ने सबको हिला कर रख दिया था। कुछ मिनटों में ही माहौल बदल गया था। 14 लोग झूलसे थे । प्रभु की कृपा रही 97 जैसा कोई बहुत बडा घटनाक्रम नहीं हो पाया। जो 14 झुलसे थे उनमे से 13 ही घर लौट पाए। शासन प्रशासन ने इलाज में पूरा सहयोग किया। एक को बचाने के लिए मशक्कत की गई। मुंबई में देश के सबसे अच्छे अस्पताल तक भेजा गया। प्रशासनिक मुखिया ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच के लिए दो संजीदा अफसरान तैनात किए गए । 3 दिन में जांच रिपोर्ट मांगी। नागपुर के एक्सपर्ट से अग्निकांड की जांच करवाई गई, रिपोर्ट ली गई । निश्चिंतता के साथ अफसरों की जांच की आंशिक रिपोर्ट सामने आई। मानव अधिकार आयोग ने भी रिपोर्ट मांग ली । लापरवाही के दोषी अफसर को हटाया गया। जांचकर्ता एक अफसर को ही बैठाया गया। मंदिर की व्यवस्थाओं को सिरे से जांचने का काम शुरू हो गया। इसके साथ ही मंदिर में अग्नि सुरक्षा के लिए भी निर्णय लेते हुए काम शुरू किए गए। श्रद्धालुओं के हित में भी मंदिर परिसर में कई सारे काम किए जाने लगे हैं। निर्णय लिए जाने लगे हैं। युवा अधिकारी का चिंतन सामने आने लगा है। मंदिर में बहुत से मामले ऐसे हैं जिन पर समिति को विचार करते हुए निर्णय लेने चाहिए। सुरक्षा हित में जितने निर्णय लेने हों ताबडतोड लिए जाने चाहिए। मंदिर और परिसर में ब्लाक वार विद्युत की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पूर्व में कई बार मंदिर के आसपास के क्षेत्र में ऐसे मामले सामने आते रहे हैं। ऐसे ही तमाम मसलों को लेकर संबंधित विभागों के दल बनाकर मंदिर में सुरक्षा को लेकर क्या , क्यों और कैसे किया जा सकता है इस पर विचार और रिपोर्ट ली जाना चाहिए। मसला यूं है कि बाद में जांच करवाने से बेहतर है कि आयोजनों का प्रारूप सामने रखा जाए और विभागों से सुरक्षा व्यवस्था पर आपात हालातों पर प्लान लेकर उनके अनुसार तैयारियों को अंजाम दिया जाए। हाल के घटनाक्रम से अगर हमने सबक लेकर आगे की तैयारियों को नजरअंदाज किया तो भविष्य हमें कोसे बिना नहीं रह पाएगा। वैसे तो वर्तमान के घटनाक्रम में ही कोसने का काम बाकी है।अफसरों की जांच की पूर्ण रिपोर्ट सामने आना शेष है। खुसूर- फुसूर है कि लोकसभा मतदान से पहले अफसरों की रिपोर्ट सामने नहीं आएगी। प्रशासनिक मुखिया कतई नहीं चाहते कि मुद्दे पर राजनीति हो और दलों की राजनीति के दलदल के छींटे से उस पर कोई दाग लगे।

### मार्ग आवंटन के आवेदन जमा करने वालों की भीड़

# उज्जैन में 1 मई से नए नियमों से चलेंगे ई-रिक्शा, हर रिक्शा का अलग-अलग मार्ग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में 1 मई से नए नियमों से ई-रिक्शा चलेंगे। प्रशासन ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। ई-रिक्शा वालों की पिछले दिनों एक बैठक भी हो चुकी है। जिसमें उन्हें इस बारे में समझा दिया गया था। ई-रिक्शा अब शहर में अलग-अलग मार्गों पर सूची अनुसार चलेंगे। इसके लिए प्रशासन इन ई-रिक्शों को मार्ग आवंटित करेगा। इसके लिए आवेदन करना होगा जिसकी अंतिम तारीख 27 अप्रैल निर्धारित है।

प्रशासनिक अफसरों ने बताया कि ई-रिक्शा चालकों को अब मार्ग आवंटित किए जाएंगे। प्रत्येक तीन महीने में ये मार्ग बदले भी जाएंगे, ताकि सभी चालकों को समान रूप से सभी मार्ग पर वाहन चलाने का अवसर मिलता रहे। बिना आवंटन के यदि रिक्शा अब मार्ग पर चलते नजर आए तो प्रशासन कार्रवाई करेगा। 26 अप्रैल तक इसके आवेदन की अंतिम तारीख बताई गई थी। आवेदन जमा करने के लिए रिक्शा संचालकों की संबंधित विभाग में भीड़ लग रही है।

## बिना मार्ग आवंटन के सड़क पर चले तो कार्रवाई



### आरटीओ बोले- 6 जोन में 20 मार्ग निर्धारित कर चलाए जाएंगे ई-रिक्शे

शहर में ईरिक्शों को आने वाले नए नियमों की जानकारी देते हुए उज्जैन के आरटीओ संतोष मालवीय ने बताया कि शहर को 6 जोन में बांटा जाएगा। ई-रिक्शा चलाने के लिए 20 मार्ग निर्धारित किए गए हैं। इसमें प्रथम आओ-प्रथम पाओ की नीति अपनाएंगे। इसके लिए आरटीओ कार्यालय में पंजीकृत प्रत्येक ई-रिक्शा संचालक से निर्धारित 20 मार्गों में से किन्हीं 3 मार्गों पर अपने आवेदन के माध्यम से स्वीकृति प्रदान करते के लिए परमिट शाखा में आवेदन बुलाए गए है।

### इससे शहर में जाम नही लगेगा एक ही मार्ग पर नहीं होंगे रिक्शे

नए व पुराने शहर में ई-रिक्शा की इतनी भरमार हो गई है कि पूरे शहर का ट्रॉफिक अस्त-व्यस्त हो गया है। इससे अब रोज जाम की स्थित बन रही है। रहवासी से लेकर शहर में निकलने वाले वाहन चालक सब इस समस्या से परेशान हो चुके हैं। इससे निपटने के लिए ही प्रशासन ने यह योजना बनाई है। जिससे अब यह होगा कि एक ही मार्ग पर इतने सारे रिक्शे नहीं होंगे। अलग-अलग मार्ग पर रिक्शे चलेंगे तो जाम नहीं लगेगा और सभी मार्ग पर रिक्शे मिलने से यात्रियों को भी सुविधा होगी।

## पटवारी 50 हजार नकद एवं एक लाख चेक से रिश्वत लेते पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



संभागीय लोकायुक्त पुलिस उज्जैन ने देवास जिले के पटवारी मनोहर बिलावले को 14 बीघा भूमि के सीमांकन के मामले में किसान घनश्याम चौधरी ग्राम पटाडा से 50 हजार रूपए नकठ एवं 1 लाख का चेक रिश्वत में लेते हुए पकडा है। आरोपी को शिक्षा विभाग के दो पंचों की साक्षी में पकडा गया और नियमानुसार नोटिस तामिल कर छोड दिया गया है।

लोकायुक्त डीएसपी सुनील तलान ने बताया कि कृषक घनश्याम चौधरी ग्राम पटाडा जिला देवास ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन को शिकायत करते हुए बताया था कि हल्का 88 का पटवारी मनोहर बिलावले उससे 14 बीघा जमीन का सीमांकन करने के लिए प्रति सीमांकन के 70 हजार के हिसाब से 210000/- रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत की तसदीक डीएसपी सुनील तालान के द्वारा करने पर इसकी पुष्टि हुई। आरोपी पटवारी उक्त सीमांकन के लिए कृषक से एक लाख 90 हजार रुपए लेने पर सहमत हुआ। शुक्रवार को पहली किस्त में डेढ़ लाख रुपए लेना तय हुआ। लोकायुक्त उज्जैन की आठ सदस्य दल के साथ शुक्रवार को ट्रैप प्लान तैयार करते हुए आवेदक के द्वारा आरोपी पटवारी से बात की तो उसने मांगलिया तिराहा इंदौर पर पैसे लेकर बुलाया । स्थल पर पहुंचकर शिकायतकर्ता कृषक ने नगद 50 हजार रूपए तथा एक लाख का चेक जैसे ही पटवारी ने लिया उसे लोकायुक्त दल ने रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया गया । नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दल ने पटवारी के हाथ धुलवाए और पंचनामा बनाकर उसे सूचना पत्र तामिल करवाया गया।

### पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ का नतीजा

**उज्जैन।** पिछले एक माह से थाइलैण्ड के विभिन्न नगरों में विश्व शांति धम्म यात्रा के बाद बौद्ध भिक्खु डॉ सुमेध थेरो भारत लौटे। इस विश्व शांति धम्म यात्रा में बैंकांक, चियांगमाई, थाटोन, आउथइया आदि आधुनिक एवं प्राचीन नगरों की धम्म यात्रा की तथा अनेक विश्व शांति संगठनों के साथ धम्म के मार्ग को आगे बड़ाने के लिये साधना एवं विपश्यना की विधियों पर चर्चा की।

## 9 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन स्वीकृत, 2 के अमान्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शुक्रवार को उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के लिए नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफिसर नीरज कुमार सिंह की उपस्थिति में की गई। निर्वाचन के लिए 11 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए थे। संवीक्षा में 9 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र स्वीकृत और 2 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र अमान्य किए गए हैं।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी उज्जैन अर्थ जैन ने बताया कि श्रीमती दीपिका द्वारा इंडियन नेशनल कॉंग्रेस के अभ्यर्थी के रूप में नामनिर्देशन पत्र जमा किया गया था। जिनके आवश्यक संख्या में प्रस्तावक नहीं होने और शपथ पत्र पूर्णतः प्रस्तुत नहीं करने पर नाम निर्देशन पत्र अमान्य किया गया है। इसी प्रकार पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के अभ्यर्थी पुष्पेंद्र द्वारा भी शपथ पत्र पूर्णतः प्रस्तुत न करने पर उनका नाम निर्देशन पत्र अमान्य किया गया है। इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी महेश परमार, भीम सेना दल के अभ्यर्थी डॉ हेमंत परमार, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी अनिल फिरोजिया, बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी प्रकाश चौहान, निर्दलीय अभ्यर्थी के रुप में श्रीमती गंगा मालवीय, निर्दलीय अभ्यर्थी महेश परमार, निर्दलीय अभ्यर्थी अनिल, निर्दलीय अभ्यर्थी ईश्वरलाल और निर्दलीय अभ्यर्थी सुरेश का नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य होने से स्वीकृत किया गया है। श्री जैन ने बताया कि 29 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे के पूर्व विधिमान्य नामनिर्देशित अभ्यर्थी में से इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर नियमानुसार अभ्यर्थिता से नाम वापस ले सकता है।

## नेपाली बाबा आज करेंगे बाबा महाकाल का पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

यज्ञ सम्राट परम तपस्वी 1008 आत्मानंद दास महात्यागी (नेपाली बाबा) जी महाराज आज शुक्रवार 27 अप्रैल को उज्जैन प्रवास के दौरान बाबा महाकाल के दर्शन अभिषेक करेंगे। तत्पश्चात अवंतिकापुरी खालसा आश्रम क्षीरसागर घाटी नई सड़क पर भक्तों को दर्शन देंगे। समाजसेवी हरिसिंह यादव ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व नेपाली बाबा ने महाकाल का पूजन अर्चन कर अयोध्या में विशाल यज्ञ किया था।

# बान्द्रा टर्मिनस-पटना-रतलाम स्पेशल ट्रेन का परिचालन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



ग्रीष्मकालीन छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से रतलाम मंडल से होकर 09049/09050 बान्द्रा टर्मिनस-पटना-रतलाम स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया के साथ किया जाएगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में एक-एक फेरों का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 09049 बान्द्रा टर्मिनस पटना स्पेशल 27 अप्रैल, 2024 को बान्द्रा टर्मिनस से 23.00 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम (08.25/08.35, रविवार), नागदा (09.45/09.47) एवं उज्जैन (10.50/10.55) होते हुए 29 अप्रैल, 2024 सोमवार को 11.00 बजे पटना पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09050 पटना रतलाम स्पेशल 29 अप्रैल, 2024 सोमवार को पटना से 14.00 बजे पटना से चलकर रतलाम मंडल के उज्जैन (14.20/14.25, मंगलवार) एवं नागदा (19.15/19.20) होते हुए 30 अप्रैल, 2024 मंगलवार को 20.30 बजे रतलाम पहुँचेगी।


इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, बनारस, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है । गाड़ी संख्या 09049 बान्द्रा टर्मिनस पटना का बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, उधना, सूरत, सायण, भरुच, वडोदरा एवं गोधरा स्टेशनों पर भी ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में स्लीपर श्रेणी के कोच रहेंगे। ट्रेनों के ठहराव के समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

इसी प्रकार अजमेर से उज्जैन के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। दोनों दिशाओं में यह ट्रेन दस-दस फेरे चलेगी। गाड़ी संख्या 09655 अजमेर उज्जैन स्पेशल 27 अप्रैल, 2024 से 29 जून, 2024 तक अजमेर से प्रति शनिवार को 22.10 बजे चलकर रतलाम मंडल के चित्तौड़गढ़ (02.10/02.15, रविवार), नीमच (03.13/03.15), मंदसौर (03.54/03.56), रतलाम (05.40/05.50) एवं बड़नगर (06.43/06.45) होते हुए रविवार को 08.10 बजे उज्जैन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09656 उज्जैन अजमेर स्पेशल 28 अप्रैल, 2024 से 30 जून, 2024 तक उज्जैन से प्रति रविवार को 13.30 बजे चलकर रतलाम मंडल के बड़नगर (14.52/14.54), रतलाम (15.40/15.50), मंदसौर (16.56/16.58), नीमच (17.56/17.58) एवं चित्तौड़गढ़ (19.25/19.30) होते हुए प्रति रविवार को 23.40 बजे अजमेर पहुँचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में नसिराबाद, बिजयनगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर, रतलाम एवं बड़नगर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।



## आपकी खबरें

### मतदाताओं को जागरूक करने हेतु इंदौर में बनेगी आज मानव श्रृंखला




**इंदौर।** इंदौर में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 13 मई को होने वाले मतदान की व्यापक तैयारियां जारी है। इंदौर को मतदान में नम्बर वन बनाने के लिए सभी संभव प्रयास किये जा रहे है। इस सिलसिले में 27 अप्रैल को शाम 5 बजे गाँधी हॉल परिसर में मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनाई जायेगी। इसके माध्यम से मतदान का संदेश देते हुये मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जायेगा।

### तीन उम्मीदवारों के नाम-निर्देशन पत्र हुए निरस्त

**इंदौर।** इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिये प्राप्त नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा(जाँच) का कार्य आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह द्वारा किया गया। इसमें तीन उम्मीदवारों के नाम-निर्देशन अविधिमान्य पाये गये। इन उम्मीदवारों में सुनील तिवारी(निर्दलीय), रविद्र लोखंडे (निर्दलीय) तथा मोतीसिंह(इंडियन नेशनल कांग्रेस) शामिल है। अभ्यर्थी 29 अप्रैल 2024 (सोमवार) के दोपहर तीन बजे के पूर्व तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। जिले में 13 मई (सोमवार) को मतदान होगा और 4 जून (मंगलवार) को मतगणना होगी।

### ई रिक्शा: जल्द से जल्द रूट को स्थगित करने की मांग की



**उज्जैन।** कोठी पैलेस स्थित प्रशासनिक संकुल भवन पर असंगठित ई रिक्शा चालक परिचालक संघ संबंध भारतीय मजदुर संघ द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। अध्यक्ष बल्लू सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अप्रैल को सड़क सुरक्षा समिति की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें शहर के यातायात को लेकर विभिन्न निर्णय लिये गए जिसमें ई रिक्शा को 06 झोनों में निर्धारित किया जाकर मार्ग तय किये गए। जो कि संघ की दृष्टि से सही नहीं हैं।

भविष्य में उक्त निर्णय से ई रिक्शा चालक परिचालकों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पडेगा। जो कि एक मनमानी कार्यवाही है। शहर के यातायात को ध्यान में रखते हुए ई रिक्शाओं की संख्या जो कि जरूरत से ज्यादा हैं और नवीन ई रिक्शा उज्जैन शहर में खरीदी पर रोक लगाई जाए। जिस तरह शहर सुरक्षा समिति ने ई रिक्शा के रूट तय किये हैं उस मान से पूर्व में टेम्पो संचालित होते थे जिनके स्थान पर मैजिक गाडिया संचालित होती है। जो कि अपने निधारत मार्गों पर ना चलते हुए मात्र उज्जैन दर्शन में ही संचालित की जाती है। जबकि ई रिक्शा थी व्हीलर वाहन हैं। ई रिक्शा का झोन मय रूट तय किया गया हैं। इस प्रकार आटो रिक्शा का कोई रूट तय नहीं किया गया हैं। कलेक्टर को ज्ञापन देकर असंगठित ई रिक्शा चालक संघ ने मांग की है कि बनाए गए रूट को जल्द से जल्द स्थगित किया जाए। रूट का निर्णय लेने के पहले ई रिक्शा संघ व एसोसिएशन के किसी भी प्रतिनिधि को सडक सुरक्षा समिति की बैठक में प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित नहीं किया गया। ई रिक्शा चालकों को शहर के अंदर झोन वाईज स्टेण्ड बनाकर दिए जाए जिससे शहर का यातायात सुचारू रूप से चले।

## मंदिर के गर्भगृह में लगी आग का चैप्टर बंद करने की तैयारी में प्रशासन !

# 'महाकाल मंदिर' में 'ठंडी' हो गई 'गुलाल' से भड़की आग...!

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाकाल मंदिर में धुलंडी के दिन भस्म आरती के दौरान लगी आग का चैप्टर बंद करने की तैयारी है...! सूत्रों ने बताया है कि भले ही घटना के बाद आनन-फानन में महज तीन दिनों में जांच कराने की औपचारिकता पूरी कर दी हो लेकिन बताया जा रहा है कि प्रशासन गुलाल के कारण लगी आग को ठंडा करने में जुटा हुआ है। इसके पीछे कारण जो भी हो लेकिन महसूस होता है कि बीते वर्षों में जो भी हादसे मंदिर में हुए हो और कुछ दिनों तक हादसों को लेकर जांच आदि की रस्म निभाई जाकर मामलों को ठंडे बस्ते में पहुंचा दिया जाता है ठीक उसी तरह से गुलाल के कारण लगी आग के मामले को भी अब ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी है।

### बचाया जा रहा है दोषियों को...!

धुलंडी के दिन भस्मारती में मंदिर के गर्भगृह में गुलाल के कारण आग लगने का हादसा हो गया था। इस घटना में महाकाल मंदिर के एक सेवक सत्यनारायण सोनी की मौत भी इलाज के दौरान

हो गई है। इसके बाद ऐसा लगा था कि घटना के लिए जो भी दोषी होगा उसका चेहरा न केवल सार्वजनिक होगा बल्कि कड़ी सजा भी मिलेगी लेकिन सूत्र यह भी बताते है कि किसी न किसी दबाव के कारण दोषियों को बचाया जा रहा है और यही कारण है कि बीते दिनों मंदिर के बारे में चंद निर्णय लेकर इतनी बड़ी घटना का चैप्टर हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी की जा रही है।

सीएम डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में हुए इस हादसे को लेकर उन्होंने भी गंभीरता दिखाई थी लेकिन यहां लिखने में बिल्कुल भी गुरेज नहीं है कि जिला प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच घोषित करने की तत्परता से अधिक जल्दबाजी तो मात्र तीन दिन में जांच की औपचारिकता पूरी करने में दिखा दी, किंतु दोषी आज भी अज्ञात ही हैं। यहां यह भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि पूरे मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है लेकिन जिस दिन आगजनी की घटना हुई थी उसके फुटेज कहां गए...इसका जवाब किसी जिम्मेदार के पास नहीं है।

### दर्शन व्यवस्था में बदलाव नहीं लेकिन गाइडलाइन की बात

बीते दिनों ही मंदिर प्रबंध समिति की बैठक कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई थी और इसमें यह निर्णय लिया गया था कि भस्मारती से लेकर सामान्य दर्शन व्यवस्था में किसी तरह से फिलहाल बदलाव नहीं होगा लेकिन महाकाल मंदिर में होली-दिवाली समेत हर त्यौहार के लिए नई गाइडलाइन बनाई जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंदिर के मानसरोवर भवन में 10 बेड का अस्पताल स्थापित करने, मई के पहले सप्ताह में उत्तम वर्षा के लिए सौमिक सुवृष्टि कार्यक्रम आयोजित करने, बुजुर्ग और दिव्यांग दर्शनार्थियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने और महाकाल मंदिर को संपत्ति कर से मुक्त कराने के लिए कार्यवाही करने जैसे निर्णय हुए। हाल में होली के पर्व पर गर्भगृह में लगी आग की घटना के बाद मंदिर में विभिन्न पर्व मनाने के लिए एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) बनाने पर भी निर्णय हुआ। इसके तहत अब विभिन्न पर्व तय गाइडलाइन के अनुसार ही मनाए जाएंगे। महाकाल मंदिर में होली, दीपावली, श्रावण, नागपंचमी आदि पर्व मनाए जाने के लिए नई गाइडलाइन तैयार होगी, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो। इसके लिए पुजारी, पुरोहितों से भी सुझाव लिए जाएंगे। कुल मिलाकर प्रबंध समिति में इस तरह के जो निर्णय अर्थात नई गाइड लाइन तय करने का जो फैसला हुआ है उससे यह साफ हो गया है कि गुलाल से लगी आग की घटना पर प्रशासन ने पानी डाल दिया है।

## संत सत्कार समिति की साधारण सभा में किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महामंडलेश्वर ज्ञानदासजी महाराज के सानिध्य में महाप्रभुजी की बैठक में आयोजित संत सत्कार समिति की साधारण सभा में समाज में सेवा के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाने वाले दीपक राजवानी, राजेन्द्र शाह एवं विट्ठल नागर सहित अन्य सदस्यों को सम्मानित किया गया।

संस्था सचिव भगवान शर्मा ने बताया कि संत सत्कार समिति देश की एकमात्र संस्था है जो संतों के सम्मान के साथ ही विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के माध्यम से समाज सेवा के कार्यों में अग्रसर है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी व संरक्षक प्रकाश चित्तौड़ा ने आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों तथा सिंहस्थ 2028 की रूपरेखा से सदस्यों को अवगत कराया। कोषाध्यक्ष ओम गुप्ता ने आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा आगामी कार्ययोजना को दृष्टिगत रखते हुवे रखा। राष्ट्रीय कवि अशोक भाटी एवं वरुण गुप्ता ने मतदान का महत्व बताते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए सदस्यों को शपथ दिलायी। कार्यक्रम का संचालन भगवान शर्मा ने किया व आभार विठ्ठल नागर ने माना ।

मतदान जागरूकता के लिए संकल्प-पत्र के द्वारा प्रतिबद्धता

## घर-घर जाकर दिया जा रहा है मतदान निमंत्रण, महाविद्यालयीन छात्रों के लिए ऑनलाइन विकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदान में इन्दौर को नम्बर वन बनाने के लिए अनेक नवीन प्रयास किये जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के निर्देशन में इसी कड़ी में युवाओं और दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में रहने वाले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक अनूठी पहल शुरू की गई है। जिसमें सभी महाविद्यालयों में छात्रों को मतदान के अधिकार का महत्व समझाते हुए मतदान करने का संकल्प ऑनलाइन गूगल फॉर्म से भरवाए जा रहे है। इसी प्रकार दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक ग्राम पंचायतों के माध्यम से घर-घर जाकर मतदान निमंत्रण दे कर स्वेच्छा से संकल्प पत्र भरवाए जा रहे है। मतदाता अपने परिवार सहित मतदान दिवस पर मतदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करने के साथ-साथ क्षेत्र के 5 अन्य व्यक्तियों को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने के संबंध में उल्लेख है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन की पहल से केवल महाविद्यालयीन छात्रों के माध्यम से प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं को अपितु ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं को भी मतदान के प्रति प्रेरित करने में मदद मिल रही है।

## आज होगा एक शाम मतदान के नाम का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में एक अलग ही अंदाज में जन्मदिन मनाया जा रहा है। समाजसेवी श्याम जायसवाल के जन्मदिन के अवसर पर उज्जैन में श्याम जायसवाल मित्र मंडली द्वारा एक शाम मतदान के नाम मतदान जागरूकता सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

विधानसभा संयोजक जगदीश पांचाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसको लेकर जागरूकता अभियान चला कर जन्मदिन मनाने की तैयारी की जा रही है। श्याम जायसवाल मित्र मंडली द्वारा मतदान जागरूकता सम्मेलन का कार्यक्रम आज 27 अप्रैल को शाम 7:00 बजे शहनाई गार्डन में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल जी जैन कालुहेड़ा, उमेशनाथ जी महाराज, मुकेश जी टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, अध्यक्ष विवेक जोशी उपस्थित होंगे। मित्र मंडली के लोगों ने कहा कि लोग लाखों रुपए खर्च कर अपना जन्मदिन मनाते हैं। पर श्याम जायसवाल मित्र मंडली ने संकल्प लिया है कि समाजसेवी श्याम जायसवाल का जन्मदिन जागरूकता मतदान अभियान चलाकर मनाया जाएगा। मित्र मंडली ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम के समापन पर सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाई जाएगी इसके बाद भोजन प्रसादी कराई जाएगी।

### त्योहारों पर लगाई जाने वाली मेहन्दी भी दे रही हैं मतदान का संदेश



**इंदौर।** इन्दौर जिले में सभी तीज त्योहारों का रंग प्रायः खूब ही जमता है, लेकिन इस बार लोकतंत्र का खास पर्व मनाने के लिए महिलाओं का उत्साह चरम पर है। प्रत्येक तीज-त्योहार, पर्व पर अपने हाथों में मेहन्दी सजाने वाली महिलाएं इस बार लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान दिवस के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मेहन्दी से संदेश दे रही है। मेहन्दी के ये रंग महिला मतदाताओं को स्वयं मतदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करने के साथ-साथ अन्य महिलाओं और युवतियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

30 अप्रैल तक भेज सकेंगे प्रविष्टि

## 'प्रत्येक वोट जरूरी है' पर प्रतियोगिता की बढ़ी तिथि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'प्रत्येक वोट जरूरी है' विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों को अतिरिक्त अवसर देने की मंशा से इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि पांच दिन बढ़ाकर अब 30 अप्रैल कर दी गई है। पहले यह 25 अप्रैल थी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि mp.mygov.in पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी।

बताया गया कि विजयी प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रुपये एवं प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपये एवं प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। इसी तरह 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले

## 208 अधिकारी/कर्मचारियों को नोटिस जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए व्यापक तैयारियां जारी है। मतदान के लिए मतदान दलों के अधिकारी/कर्मचारियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विगत दिनों सम्पन्न हुये प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बिना किसी कारण के अनुपस्थित रहे 208 अधिकारी/कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

बताया गया कि मतदान दल हेतु पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी-एक के 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 तक आयोजित किये गये प्रशिक्षण में बिना किसी कारण के अनुपस्थित रहे 152 कार्मिकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार मतदान अधिकारी-दो एवं मतदान अधिकारी-तीन के गत 22 अप्रैल एवं 23 अप्रैल 2024 को आयोजित किये गये प्रशिक्षण में बिना किसी कारण के 56 अनुपस्थित रहे कार्मिकों को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

जालसाजों ने एक दिन में 500 से ज्यादा चैंबर बनाना और पांच किमी तक लाइन खोदना दर्शाकर भुगतान भी ले लिया। जांच कमेटी ड्रेनेज विभाग की फाइलें खंगाल रही थी कि ऐसा बंडल हाथ लगा, जिसमें 70 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा हुआ है।

# निगम की जांच कमेटी ने 50 फाइलें जब्त की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




नगर निगम का ड्रेनेज विभाग घोटाले के मामले में उफान पर है। इस बार 70 करोड़ का घोटाला उगला है। निगम की जांच कमेटी ने गुरुवार को 50 फाइलें जब्त की हैं। जालसाजों ने एक दिन में 500 से ज्यादा चैंबर बनाना और पांच किमी तक लाइन खोदना दर्शा कर भुगतान भी ले लिया।

एमजी रोड थाने में 28 करोड़ रुपये की गड़बड़ी की एफआइआर दर्ज होने के बाद निगमायुक्त शिवम वर्मा विभागीय जांच करवा रहे हैं। निगम की चार सदस्यीय जांच कमेटी ड्रेनेज विभाग की फाइलें खंगाल रही थी कि ऐसा बंडल हाथ लगा, जिसमें 70 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक जब्त फाइलें ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार मोहम्मद सिद्दीक, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद जाकिर, रेणु वढ़ेरा और राहुल वढ़ेरा की हैं। कुछ अन्य ठेकेदारों के नाम भी हैं, लेकिन अफसर खुलकर नहीं बता रहे।

इन फाइलों में जनकार्य, उद्यान कार्य, लाइन खोदाई और ड्रेनेज संबंधित कार्य दर्शाए गए हैं। ठेकेदारों ने एक दिन में 500 से ज्यादा चैंबर बनाना और पांच किमी तक की लाइन खोदना बताया, जो व्यवहारिक रूप से संभव ही नहीं है। कमेटी अब रिपोर्ट बना रही है। जिन लोगों ने गड़बड़ी की उन पर भी कार्रवाई की तैयारी है।

### सीसीटीवी फुटेज में नहीं दिखे चोर

पुलिस एक्जीक्यूटिव इंजीनियर (ईई) सुनील गुप्ता के बयानों की भी जांच कर रही है। गुप्ता द्वारा ही मार्च में 20 फाइलों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। गुप्ता का दावा है कि निगम परिसर में खड़ी कार से फाइलें चोरी हुई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकाले तो कर्मचारी परिसर में खड़े नजर आए लेकिन कार से फाइल निकालने के फुटेज नहीं मिले। जिन फाइलों में चोरी हुई, उनमें गुप्ता के भी हस्ताक्षर हैं। टीआइ विजयसिंह सिसोदिया के मुताबिक जांच के लिए नमूने लिए गए हैं।

### ठेकेदार खुद ही फाइल ले गए और आडिट विभाग ने स्वीकृत कर दी

निगम अफसर ठेकेदारों के इशारे पर काम कर रहे थे। ठेकेदारों ने जाली बिल, स्वीकृति, निविदा बनाकर फाइलें तैयार की और अफसर-बाबुओं से साइन करवाते गए। फाइलें आवक-जावक शाखा से गुजरी ही नहीं। खास बात यह कि आडिट विभाग ने भी ठेकेदारों की शक्ल देखकर भुगतान की स्वीकृति दे दी। जिन फाइलों में गड़बड़ी हुई वो संबंधित शाखाओं में गई ही नहीं। कमेटी को नौ अन्य फाइलों की तलाश है जिनमें घोटाला हुआ है।



## नेकी की दीवार पर ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने लिया भाग

**शुजालपुर।** नेकी की दीवार पर ग्रीष्मकालीन शिविर में निशुल्क कोचिंग के बच्चों को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुरूवार को मेहंदी सिखाते हुए बच्चों ने मतदान मेहंदी लगाई और शतप्रतिशत मतदान के लिए अपील करते हुए गीत गाया मम्मी पापा सुनो मेरा कहना, मतदान करने अवश्य जाना। साथ ही कबाड़ से जुगाड़ सिखाया गया, जिसके अंतर्गत अच्छे क्राफ्ट बनाने वाले बच्चों को जॉय एकेडमी संचालिका रिंकू सोलंकी द्वारा ड्राइंग बुक देकर पुरस्कृत किया गया एवं सभी बच्चों को जन्मदिन के अवसर पर क्राफ्ट पेपर भेट किए। इस अवसर पर ग्रीष्मा शाह, परमजीत कौर खालसा, वीणा गोयल आदि उपस्थित रहे।

## मलेरिया दिवस पर सिविल अस्पताल में हुआ कार्यशाला का आयोजन

**सुसनेर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया व डेंगू जनजागरूकता के लिए गुरूवार को राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल सुसनेर में जागरूकता की शपथ दिलाई गई। जिसमें मुख्य खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजीव बरसेना के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया है कि मलेरिया डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों के प्रति जन जागरूकता लाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाये। साथ ही लोगों को मौसमी बीमारियों को लेकर बरती जाने वाली सावधानियां के बारे में जानकारी दे। जिससे लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाया जा सके। इस अवसर पर बीईई प्रेम नारायण यादव डॉ अखिलेश कुमार बागी, श्रीमती गिरजा सोनी,साहिबा कोसर,पूजा कोहरी, ,श्रीमति सरला जोशी,श्रीमति किरण शर्मा,श्रीमति अश्विना जैन,आवेश खांन,सुरेश डाबर,शाहरूख खांन,आदिप जैन,महेंद्र सूत्रकार,गोपाल बैरागी, दीपक कुमार आदि मौजूद थें।

## सेन समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**खिलचीपुर।** सेन समाज का 14 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन सोयत जिला आगर मालवा में संपन्न हुआ,जिसमें राजगढ़, आगर, मंदसौर, व राजस्थान के झालावाड़ जिले के समाज के विवाह योग्य युवक - युवतियों ने भाग लिया इस अवसर पर 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम का आयोजन सेन समाज समिति (सालिया खेड़ी) सोयत द्वारा किया गया, जिसमें विवाह सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी 14 जोड़ो को, आयोजन समिति द्वारा गृहस्थी का सामान भी "निशुल्क" उपलब्ध कराया गया समिति में भाग लेने आए समाज जनों और अन्य लोगों ने सभी वर-वधु को उपहार स्वरूप नगद राशि भी दी गई, इसी कड़ी में सुसनेर विधायक की ओर से सभी जोड़ों को कन्यादान स्वरूप अपनी ओर से एक-एक प्रेशर कुकर उपहार में दिया गया कार्यक्रम में मध्य प्रदेश और राजस्थान से लगभग पांच छे हजार सामाजिक बंधूओ ने भाग लिया।

## आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

**देवास।** सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन कार्यवाही की जा रही है। वृत्त सोनकच्छ में अलसुबह आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्यवाही कर चलित भट्टियों को नष्ट किया। कार्यवाही में कुल 185 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 5500 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ। लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। कार्यवाही में कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 5 लाख 87 हजार रूपए है। सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग दल द्वारा वृत्त कन्नौद एवं खातेगांव में अवैध मदिरा विक्रय की सूचना पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। कार्यवाही में कुल 77 लीटर हाथभट्टी मदिरा, 700 किलाग्राम महुआ लाहन, 25 पाव देशी मदिरा, 5 बीयर बोतल, 6 बीयर कैन बरामद किये। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 88 हजार 560 रूपए है।

## चिमनाबाई स्कूल में टॉपर छात्राओं का किया सम्मान

**देवास।** महारानी चिमनाबाई हायर सेकंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा में टॉप आई छात्राओं का एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वी की वंदना अमृतलाल पटेल 87 प्रतिशत, तनु कैलाश प्रजापति 87 प्रतिशत, कीर्ति राजेश शर्मा 84 प्रतिशत, हेमलता गिरी गोस्वामी 78 प्रतिशत, रवीना लखनलाल 76 प्रतिशत तथा कक्षा 12वी की वैष्णवी अनिल पाठक 90 प्रतिशत, मेघा गंगाराम मीणा 85 प्रतिशत, राशि संजय पंवार 84 प्रतिशत, पलक संजय कौशल 81 प्रतिशत, प्राची अशोक ठाकुर 72 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य रुचि व्यास ने बताया कि कक्षा 10 वी से 11 में आई छात्राओं के लिए सभी संकाय की डेमो क्लास का आयोजन किया गया है इसके अंतर्गत छात्राएं किसी भी विषय की क्लास में बैठकर विषय के बारे में अपनी समझ बना सकते है।

## खुले बोरवेल और बगैर मुंडेर के कुएं की शिकायत 181 पर करें

देवास। जिले के नागरिक खुले बोरवेल और बगैर मुंड़ेर के कुएं की शिकायत 181 पर कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि खुले बोरवेल और बगैर मुंडेर के कुएं होने के कारण अक्सर जनहानि की संभावना बनी रहती है। इसके दृष्टिगत जिनके भी खुले बोरवेल और बगैर मुंडेर के कुएं हैं वे तुरंत बोरवेल को बंद करें तथा कुएं की मुंडेर की चार फीट की मुंडेर बनाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना को होने से रोका जा सकें।

### कक्षा 10 वी 77 व कक्षा 12 वी 56 प्रतिशत रहा रिजल्ट

# सुसनेर विकासखंड शासकीय स्कूलों का कोई भी छात्र प्रदेश व जिले की मेरिट लिस्ट में नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

मध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को 10वी-12 वी बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किया है। विकासखंड के सरकारी एवं निजी विद्यालयों का प्रदेश की मेरिट लिस्ट में नाम नहीं आया। वहीं जिला स्तरीय मेरिट लिस्ट में सरकारी एवं निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है। इस लिस्ट में 10 वी में 1 निजी स्कूल एवं 12 वी में 4 निजी स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हुए हैं। खास बात यह रही कि एक भी शासकीय स्कूल के छात्र प्रदेश व जिलें की प्रवीण सूची में शामिल नहीं हुवें। नगर के आस्था अकेडमी स्कूल में कक्षा 12 वी बायोलॉजी विषय में भूमिका मालवीय पिता तुलसीराम मालवीय ने 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर जिलें में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सुसनेर विकासखंड में 14 हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल के रिजल्ट की बात करते तो इस वर्ष कक्षा 10वीं में 759 छात्रों में से 718 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें 408 छात्र उत्तीर्ण व 309 अनुतीर्ण रहे है। वहीं कक्षा 12 वी में कुल 411 छात्रों में से 406 छात्र परीक्षा में सम्मिलित होवें थें। जिसमें 315 छात्र उत्तीर्ण व 91 छात्र फैल होवें है। सुसनेर विकासखंड में शासकीय स्कूलों में कक्षा 10वीं का 77.58 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का 56.82 प्रतिशत रिजल्ट रहा है।

### ये हुए जिले की प्रावीण्य सूची में शामिल

कक्षा 10 वी की जिला प्रावीण्य सूची में ईवेंचर किड्स सुसनेर के छात्र पियूष पिता राजाराम पुष्पद 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 12 वी में आस्था अकादमी सुसनेर की भूमिका पिता तुलसीराम, आस्था अकादमी सुसनेर की छात्रा जिया मसूरी पिता सलीम मंसुरी,आस्था अकादमी सुसनेर के गौतम पाटीदार पिता गिरीराज पाटीदार 92.8 प्रतिशत (संकाय जीवन विज्ञान), इंवेचर किड्स सुसनेर की छात्रा प्रिंसी अग्रवाल पिता राकेश अग्रवाल ने 92.6 प्रतिशत(वाणिज्य संकाय), की जिलें की प्रवीण सूची में शामिल हुई है।

### लक्ष्मी सुमन ने 84.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**ब्यावरा।** कक्षा आठवीं के परिणाम जारी हुआ जिसमें मलावर निवासी लक्ष्मी पिता सुरेश सुमन ने कक्षा 8वी में 84.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी प्राप्त की बिटिया ने नगर, परिवार और समाज का नाम रोशन किया लक्ष्मी सुमन को विद्यालय परिवार और नगर के वरिष्ठ जनों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी


### कायनात पठान को मेरिट



**शाजापुर।** एमपी बोर्ड द्वारा बीते दिनों कक्षा दसवी और बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें खीस्त ज्योति कॉन्वेंट स्कूल बेरछा की छात्रा कायनात पठान ने 85 प्रतिशत अंक लाकर बेरछा एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। कायनात अभिभाषक सईद पठान की पुत्री तथा वरिष्ठ नेता हाजी मुन्ना पठान की पोती हैं। कायनात के इस उपलब्धि पर स्कूल स्टॉफ सहित ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया।

## 10वीं में चाँद बी व 12वीं में रविना रही अव्वल






**शुजालपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में पी.एम. श्री. एकीकृत शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी का परिणाम उत्कृष्ट रहा। संस्था में कक्षा 10 वी की छात्रा चाँद बी पिता आबीद खाँ ने 90 प्रतिशत प्राप्त किए एवं छात्रा रविना पिता मोडसिंह ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 वी में कला संकाय शिवानी पिता प्रेमनारायण ने 81.6 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में रितू दांगी पिता मोडसिंह ने 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढाया। स्कूल की प्राचार्या अल्पनाराणा एवं समस्त स्टाफ नें शुभकामनाए दी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में जॉय किड्स एकैडमी शुजालपुर की कक्षा दसवीं की छात्रा अनन्या जैन पिता ऋ षभ जैन धवल ने 94 प्रतिशत अंक लाकर संस्था व परिजनों को गौरवान्वित किया। उनकी उपलब्धि पर विद्यालयीन शिक्षकों एवं परिवार जनों और देवेंद्र जैन, सचिन जैन, संतोष जैन, नरेंद्र जैन ,अनिल ग्रेन, सुरेंद्र जैन, पारस जैन, प्रकाश,राजेंद्र जैन,सुशील गोधा, राकेश जैन आदि ने हर्ष व्यक्त किया। अपनी इस सफ लता का श्रेय अनन्या ने अपने स्कूल शिक्षकों और परिजनों को दिया।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें संस्था रामचन्द्र चौबे स्मृति शिक्षा निकेतन शुजालपुर के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है । कक्षा 12 वी में प्रत्युष गोलैट 94 प्रतिशत,अर्पिता पंवार 92, हिताशी मीणा 85, आदित्य जैन 83, तनय पाटीदार ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 10 वी में स्वाती परमार 91 प्रतिशत,राधिका मीणा 86, महिमा यादव 81,कुलदीप अहिरवार 74,महक मंसुरी 74 व विशाखा सामरवाल ने 72 प्रतिशत अंक अर्जित किए। संस्था समिति सदस्य, प्राचार्य और शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की विशाल आम सभा

# मोदी के ऐतिहासिक व साहसिक कदमों से राष्ट्र को मजबूती मिली

### रोडमल नागर के समर्थन में केंद्र के विकास कार्यों को जनता के समक्ष रखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा/राजगढ़



केंद्रीय गृहमंत्रीअमित शाह ने आज राजगढ़ जिले में खिलचीपुर के स्टेडियम ग्राउंड पर भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में एक विशाल महती आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कहती है कि राजस्थान और मध्य प्रदेश को कश्मीर से क्या लेना देना।

कांग्रेस कश्मीर से धारा 370 को समाप्त नहीं करना चाहती थी मगर नरेंद्र मोदी सरकार ने कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा अयोध्या में राम मंदिर बनवाया, नरेंद्र मोदी ने पूरे 10 वर्ष में ढेर सारे विकास के काम किए है लोकसभा चुनाव में इस बार 400 सीटों का लक्ष्य पार करेंगे और रोड़मल नागर को जिताएंगे, रोडमल नागर के कार्यकाल में दो हजार करोड़ रुपए का रामगंज मंडी से भोपाल रेलवे परियोजना का शिलान्यास सहित कई विकास कार्य हुए।

भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी नेतृत्व वाले नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक, साहसिक कदम उन्होंने उठाए हैं, राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए पूरे प्रयास किए है केंद्र सरकार के विकास कार्यों को उन्होंने विस्तार से बताया और भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने के लिए जनता से आव्हान किया। साथ ही जीत का मंत्र कार्यकताओं को देकर गए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कुछ मार्ग प्रतिबंधित रहे। इस अवसर पर अनेक भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 5 करोड़ की लागत से बनने जा रहा मां कर्मा देवी मंदिर

**ब्यावरा/राजगढ़।** पशुपतिनाथ मंदिर घुरेल गींदौर हॉट स्थित 5 करोड़ की लागत से बनने वाले नवनिर्मित मां कर्मा देवी धाम शक्तिपीठ मंदिर हेतु भूमि पूजन किया गया मां कर्मा मंदिर निर्माण हेतु 22 एकड़ जमीन का भूमि पूजन मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रवि करण साहू अध्यक्ष तलघानी बोर्ड एवं बटन लाल साहू द्वारा किया गया समाज जनों द्वारा सर्वप्रथम सभी के द्वारा मां कर्मा देवी पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत बंधन शाल श्रीफल माला अंग वस्त्र प्रधान कर किया गया इसके बाद होली का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया तथा सर्वाधिक बोली जिसमें रामनारायण जी साहू अखिल भारतीय कर्मा देवी धाम कार्यवाहक अध्यक्ष सारंगपुर परिवार चौथी बोली 5 लाख 51हजार111 रुपए की राही। जिसके बाद उन्हें परिवार सहित भूमि पूजन करने का मौका मिला। इस अवसर पर मां कर्मा देवी धाम पूर्व अध्यक्ष अमृतलाल साहू शिक्षण एवं पूर्व अध्यक्ष, शिवनारायण साहू पूर्व लाइनमैन एमपीईबी, वर्तमान अध्यक्ष रामगोपाल साहू शिक्षक, कार्यवाहक अध्यक्ष राम नारायण साहू पूर्व मुखिया, प्रकाश जी साहू महासचिव, पूर्व महासचिव रामचंद्रर साहू ,वर्तमान महासचिव रामचंद्र साहू पूर्व थाना प्रभारी, पुरुषोत्तम जी साहू जिला अध्यक्ष राजगढ़ राजमल साहू वर्तमान जिला अध्यक्ष राजगढ़ अशोक कुमार साहू वर्तमान जिला सहायक अकोला अध्यक्ष राजेंद्र साहू प्रमोद साहू फोटोग्राफर नरेंद्र साहू पत्रकार इंदौर है के समाज जनों का विशेष योग रहा तथा इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जेल में लगा स्वास्थ्य शिविर, 77 बंदियों का परीक्षण कर दी दवाइयां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाजापुर ललित किशोर के मार्गदर्शन में 25 अप्रैल गुरुवार को जिला जेल शाजापुर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान न्यायाधीश सिराज अली द्वारा जिला जेल का निरीक्षण भी किया गया। इस मौके पर जिला न्यायाधीश एवं सचिव सिराज अली ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर दवाईयों का वितरण किया जा रहा है, ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम द्वारा मानसिक तनाव से दूर रहा जा सकता है। उन्होने बंदियों को विधिक सहायता की जानकारी दी। वहीं शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी द्वारा बंदियों को विधिक सहायता, निःशुल्क अधिवक्ता योजना, जेल लोक अदालत, जेल लीगल एड क्लीनिक एवं अपील के प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके अलावा उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन बंदियों को जमानत का लाभ देने संबंधी आदेश और जमानत आदेश उपरांत जमानत प्रस्तुति में आने वाली समस्याओं के निराकरण के बारे में बताया। साथ ही लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम से अपने लंबित प्रकरणों की प्रगति के संबंध में चर्चा एवं समाधान के बारे में अवगत करवाने का भी आह्वान किया। प्ली ऑफ बारगेनिंग के प्रावधान, प्रक्रिया, बंदियों के अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, यूटीआरसी के क्रियान्वयन, पेरोल, समय पूर्व बंदियों की रिहाई इत्यादि कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके उपरांत जिला जेल में जिला चिकित्सालय के चिकित्सक विशेषज्ञों की टीम के द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेष स्वास्थ्य शिविर में 71 पुरुष, 05 महिला, 01 ट्रांसजेंडर बंदी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय के डॉक्टर जितेंद्र मौर्य, स्त्री रोग चिकित्सक डॉक्टर मुक्ता आचार्य, डॉक्टर गोविंद पाटीदार सहित अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ, फार्मासिस्ट, लैब असिस्टेंट, लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहे।

## छात्र ने जान देने की कोशिश की

**खिलचीपुर।** 10-12वीं की परीक्षा परिणाम घोषित होते ही कम अंक आने पर बच्चे हताश हो रहे हैं। नगर के पास के गांव के एक छात्र ने सिर्फ इसलिए जहरीला पदार्थ खा लिया कि उसे उम्मीद से कम अंक मिले। हालांकि उसकी तबीयत स्थिर बनीं हुई है। जानकारी के अनुसार अरविंद पिता बृजमोहन (18) निवासी गुनाखेड़ी ने जहर खा लिया। ईलाज के दौरान उसका जहर निकाला गया, फिलहाल उसकी स्थिति ठीक है। छात्र अरविंद ने बताया कि काफी मेहनत और लगन से पढ़ाई की थी। 75 प्रतिशत से अधिक अंक मिलने की उम्मीद थी लेकिन नहीं मिल पाए। 68 प्रतिशत अंक ही उन्हें प्राप्त हुए हैं। ऐसे में पूरी तरह टूट चुका था और कुछ सुझ नहीं रहा था। यही कारण है कि छात्र ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। 12वीं की एक 20 वर्षीय अन्य छात्रा की मौत भी जहरीला पदार्थ खा लेने से हो गई।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ईश्वरलाल पटेल पिता श्री हेमनदास पटेल उम्र 73 वर्ष निवासी 97 निकास रोड उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 7/1 रकबा 0.794 हेक्टर, सर्वे नंबर 8/1 रकबा 0.063 हेक्टर व सर्वे नंबर 9/1 रकबा 0.735 हेक्टर, सर्वे नंबर 9/2 रकबा 0.728 हेक्टर भूमि मे से हिस्से पै की 0.541 हेक्टर व सर्वे नंबर 8/2 रकबा 0.062 हेक्टर भूमि कुल किता 5 कुल रकबा 2.195 हेक्टर भूमि स्थित कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन मे स्थित है को कय करने बाबत करार किया होकर आंशिक राशि अदा कर सौदा चिट्ठी संपादित की गई है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर उक्त भूमि के अनुबंध पत्र/ विकय पत्र का संपादन किया जाना शेष है । उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य का बकाया हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से (3) तीन दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे आकर मेरे कार्यालयीन समय मे संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन व पंजीययन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 26.04.2024

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र**
**आर.टी.ओ. कार्यालय के पिछे देवास रोड उज्जैन**
**समय - सुबह 11.00 से 07.00 बजे**
**मोबाईल - 9827792292**




## मतदान के लिए प्ररित किया

**शुजालपुर।** मतदाता जागरूकता के लिए केन्द्रों पर निरंतर चल रहे कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाडी केंद्र वार्ड 21गणेश मंदिर एरिया ओर वार्ड 22 मार्केटिंग सोसायटी पर आगनवाडी कार्यकर्ता अरुणा वर्मा,रंजीता शाक्यवार,ममता यादव द्वारा 13मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाताओं को मतदान की समझाइश दी गई एवं मतदान की शपथ दिलवाई गई। इसी प्रकार मतदाता जागरूकता के लिए सेक्टर शहरी 01 परियोजना शुजालपुर के वार्ड 5 में रंगोली एवं मेहंदी के माध्यम से मतदान का महत्व बताया गया और सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई। शुजालपुर सिटी के वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में विकासखंड समन्वयक मनीषा दवे और वार्ड की कार्यकर्ता द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## अचानक मौसम में परिवर्तन होने से पानी आया शादियो में परेशानी



**खाचरौद।** नगर में प्रातः 9 बजे के लगभग अचानक मौसम में बदलाच आ गया। कुछ ही मिनटो में तेज हवा के साथ पानी की बौछारें आने लगी। नगर में कई स्थानो पर नालीयॉ गंदे पानी की बहकर सड़क पर आ गईं। बिन मौसम बरसात के नजारे से नगर व खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानी छा गई। क्योंकि नगर में हो रही शादियाँ तो धर्मशालाओं के अंदर होने से एक स्थान पर सिमट गये। परन्तु ग्रामीण क्षेत्र में खुले मैदान व खेतो में टेंट लगाकर शादी की रसाई में आफत बन गई। कई ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवार के आयोजन से टेंट ध्वस्त हो गये। भोजन का सामान पानी से भीगने लगा। लोग सामान को उठाकर आसपास घरों में लेकर भागे तथा अलग अलग घरो में भोजन कराना पड़ा। दिनभर से मौसम बरसात को होने से बादल छाये रहे। थोड़ी थोड़ी देर में पानी की बौछारे रूक रूक कर गिरने लगी। इसीतरह खाचरौद नागदा रोड़ पर तेज हवा और पानी से पेड़ रोड़ पर गिर जाने से रास्ता जाम हो गया। दोनों साईड गाड़ियों की लाईन लगी। पेड़ का हटाने का कार्य किया जा रहा है।

## वैश्य समाज द्वारा प्याऊ का शुभारंभ




**शाजापुर।** वैश्य महा सम्मेलन की जिला इकाई शाजापुर द्वारा मौसम के तल्ख मिजाज को देखते हुए एबी रोड पर निजी हॉस्पिटल के पास शीतल जल के प्याऊ का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को समाज के लोगों ने विधिवत पूजन कर प्याऊ की शुरूआत की। इस मौके पर समाज के वरिष्ठों ने कहा कि भीषण गर्मी का दौर है और चंद कदम चलने पर ही कंठ सूख रहा है। ऐसे में लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्याऊ शुरू किया गया है। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय सचिव जगदीश माहेश्वरी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, जिलाध्यक्ष कमल नारायण माहेश्वरी, महिला विंग की जिलाध्यक्ष गायत्री विजयवर्गीय, गुलाब गुप्ता, मुकेश गुप्ता, नीतू सिंघल, मनीष माहेश्वरी, अमृतलाल गुप्ता, अशोक गुप्ता, श्रीराम महेश्वरी सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## आर्मी ट्रेनिंग पर जा रहे युवक को करणी सेना परिवार ने दी विदाई

**शाजापुर।** मातृ भूमि की रक्षा के लिए आर्मी ट्रेनिंग में जा रहे युवक को करणी सेना परिवार के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर विदाई दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार डूंगरगांव निवासी राठौड़ परिवार का बेटा दीपक बना देश सेवा के लिए गुरुवार को दोपहर 2 बजे आर्मी ट्रेनिंग के लिए रवाना हुआ। इसके पूर्व ग्रामीण और करणी सेना परिवार ने उन्हे बड़े हर्ष उल्लास के साथ विदा किया। इस मौके पर जय हिंद के नारे भी लगाए गए।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार दिव्यांश व्यास दत्तक पिता श्री रमेशचन्द्र जी व्यास, आयु-19 वर्ष, व्यवसाय विद्यार्थी, निवासी-104. महावीर नगर, भैरूगढ़ रोड़, पीपलीनाका, उज्जैन म.प्र. को उसके पिता/माता संजय कुमार शर्मा पिता श्री रामनारायण जी शर्मा व श्रीमती अनुसुईया शर्मा पति श्री संजय शर्मा निवासीगण 1484, वार्ड नं. 15, हाउस नं. 1484/1, जीन मोहल्ला कुरावर मंडी राजगढ़ म.प्र. द्वारा दिनांक 15/02/2021 को दत्तक माता-पिता रमेशचन्द्र व्यास पिता श्री राधाकिशन जी व्यास व श्रीमती बसंती व्यास पति श्री रमेशचन्द्र व्यास निवासीगण भैरूगढ़, उज्जैन को रजिस्टर्ड दत्तक विलेख उप-पंजीयक कार्यालय उज्जैन के माध्यम से मुझ शपथग्रहिता को दत्तक दिया था। तभी से मेरा पक्षकार अपने दत्तक माता-पिता के साथ निवासरत हैं तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने आधार पत्र, पेनकार्ड समग्र आईडी आदि में भी नाम दिव्यांश व्यास दत्तक पिता रमेशचन्द्र व्यास दर्ज करवा लिया गया हैं तथा मेरे पक्षकार के द्वारा कक्षा हाई स्कूल परीक्षा दिसम्बर 2023 में म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल से उत्त्रीण की हैं जिसकी अंकसूची की कॉपी संलग्न प्रस्तुत है तथा कक्षा 1 ली से लेकर 11 वीं तक में मेरे पक्षकार के पिता का नाम संजय शर्मा दर्ज हैं। चूंकि मेरा पक्षकार भी दत्तक माता-पिता के साथ निवासरत हैं तथा उन्हीं का नाम अपनी कक्षा 10वीं की अंकसूची में दर्ज करवाना चाहता हैं तथा मेरा पक्षकार कक्षा 10 वीं की अंकसूची में मेरे पक्षकार के मूल पिता संजय शर्मा तथा माता अनुसुईया शर्मा का नाम कम कर उसके स्थान पर पिता रमेशचन्द्र व्यास तथा माता बसंतीबाई व्यास दर्ज किये जाने हेतु इस जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया जा रहा हैं। जिससे कि दत्तक माता-पिता का नाम मेरे पक्षकार 10वीं की अंकसूची में दर्ज हो सके। इस हेतु उभयपक्षों की पूर्ण सहमति हैं यदि इस संबंध में किसी भी आम व खास को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अविलंब 07 दिवस में सूचित करे। जिससे कि समय पर निराकरण हो सके।

अतः मेरे पक्षकार का नाम उसकी अंकसूची में व गजट नोटिफिकेशन के माध्यम से परिवर्तित हो इस हेतु जाहिर सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

इति दिनांक 26/04/2024

**एन. के राठौड़ हाईकोर्ट एडवोकेट (नोटरी)**
**कार्यालय- 22, बजरंग कॉलोनी चिमनगंजमण्डी, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 92294-39023**

## खास न्यूज

### चिमनगंज थाना क्षेत्र में हुई चोरी का मिला सुराग

**उज्जैन।** दो दिन पहले चिमनगंज थाना क्षेत्र के कोयला फाटक पर राजदरबार कपड़े की दुकान में हुई चोरी की वारदात में बदमाश का फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने शहर में कैमरों के फुटेज खंगाले थे। जिसके आधार पर पुलिस को बदमाश का सुराग मिल गया है। बदमाश देवासगेट क्षेत्र तक पहुंचा था। पुलिस ने बदमाश के आगे का रूट पर ट्रेक किया है। जिसके आधार पर उसकी गिर तारी के लिये एक टीम प्रयासरत है। चोरी की वारदात के बाद सामने आया था कि बदमाश दुकान से सवा लाख रुपए नगद और कैमरों का डीवीआर चुराकर ले गया है। बदमाश ने तड़के 4.26 मिनट पर पहुंचा था और 21 मिनट में वारदात कर निकल गया था। वहीं तिरुपति सॉलिटर कॉलोनी में बदमाशों ने धावा बोलकर दो मकान में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया था। उक्त वारदात में भी फुटेज सामने आने पर बदमाशों को चिन्हित करने का काम पुलिस कर रही है। बदमाश पारदी या कंजर गिरोह के हो सकते है।

### 72 घंटे बाद मिली लापता हुई नाबालिग



**उज्जैन।** लापता हुई नाबालिग को पानबिहार पुलिस ने 72 घंटे की तलाश के बाद दस्तयाब कर लिया। नाबालिग को घर के समीप कालोनी में रहने वाला अरविंद मालवीय बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और घर में छुपाकर रखा था। नाबालिग के लापता होने पर परिजनों ने अपहरण (धारा 363)की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने नाबालिग के मिलने पर बयान दर्ज किये। जिसमें सामने आया कि उसके साथ युवक द्वारा जबरदस्ती की गई है। पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि प्रकरण में धारा 366 ए, 376 (2) एन, 506 भादवि, 5 (एल)/6 पास्को एक्ट का इजाफा किया गया है। आरोपित युवक शादीशुदा है, जिसकी पत्नी गर्भवती होना सामने आई है। आरोपित युवक टेंट हाऊस पर काम करता है। शुक्रवार दोपहर आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### छह साल पुराने मामलों में फरार स्थायी वांरटी गिरफ्तार



**उज्जैन।** वर्ष 2018 में दर्ज हुए अपराधिक मामलों में गिर तार तीन आरोपियों के खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किया था। जिनकी पिछले 2-3 सालों से महकाल थाना पुलिस को तलाश थी। गुरूवार-शुक्रवार रात पुलिस ने स्थायी वारंटी काला शाहरूख निवासी महाकाल क्षेत्र, देवीलाल पिता चीना निवासी जूना सोमवारिया, और संजू मालवीय निवासी सदावल को गिर तार कर लिया। तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। स्थायी वारंटियों को गिर तार करने में एएसआई चंद्रभानसिंह, प्रधान आरक्षक नागेन्द्र सिंह मकवाना, आरक्षक अनिल चौरषिया की भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा स्थायी वारंटियों की गिर तारी पर पुलिसकर्मियों को पुरूस्कृत भी किया जा रहा है। महाकाल पुलिस द्वारा पकड़े गये तीनों स्थायी वारंटियों की गिर तारी पर 2-2 हजार का इनाम दिया गया।

### पुरानी रंजीश को लेकर युवक से मारपीट

**उज्जैन।** मालीपुरा पीपलवाली गली में रहने वाले अश्विन पिता मुकेश चौहान 24 वर्ष के साथ पुरानी रंजीश के चलते लोहारगली के बाहर मालीपुरा में अमन बागोरिया और उसके साथी ने बेल्ट-डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। अश्विन के घायल होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में देवासगेट थाना पुलिस ने घायल अश्विन के पिता की शिकायत पर अमन और उसके साथी के खिलाफ धारा 323, 294, 506, 34 का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 358-6 | 890-7 | |
| मेन बाजार | 344-1 | 257-4 | |
| कल्याण नाइट | 169-6 | 290-1 | |
| मिलन डे | 445-3 | 119-1 | |
| मिलन नाइट | 240-6 | 168-5 | |
| रुकमणि मार्निंग | 179-7 | 447-5 | |
| रुकमणि नाइट | 248-4 | 246-2 | |
| मधुर डे | 479-0 | 677-0 | |
| मधुर नाइट | 557-7 | 238-3 | |
| शुभांक | 4 | 6 | 8 |

## हैंडल लॉक तोड़कर देता था चोरी को अंजाम

# पेट्रोल खत्म होने पर खेतों के किनारे खड़ी कर देता था बाइक

awantika.com@उज्जैन




बाइक चोरी को अंजाम देने के बाद पेट्रोल खत्म होने पर बदमाश खेतों के किनारे खड़ी कर देता था। जिसके बाद घूमते-फिरते नजर भी रखता था। चैकिंग में पकड़ाने पर उसकी निशानदेही पर 4 बाइक बरामद की गई है। शुक्रवार को पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर बदमाश को केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेज दिया गया। बिना नंबर की बाइक के दस्तावेज मांग

चिंतामण गणेश थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई अपनी टीम में शामिल एएसआई राधेश्याम भाबंर, प्रधान आरक्षक सुनील भदौरिया, राजेन्द्र सिंगाड़ आरक्षक जीवन कटारिया, समरथ और दिलीप शर्मा के साथ गुरूवार देर शाम पैदल भ्रमण पर निकले थे। चिंतामण ब्रिज के नीचे पहुंचने पर एक युवक बिना नबंर की बाइक पर आता दिखाई दिया। जिसे रोकने का प्रयास करने पर उसने भागने की कोशिश की। संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अ षिेक पिता अंतरसिंह राठौर निवासी ग्राम भैसला खुर्द इंगोरिया होना बताया। पुलिस ने मौके पर बाइक के दस्तावेज मांगे, नहीं दिखाने पर थाने लाया गया। जहां सामने आया कि बाइक चिंतामण मंदिर के समीप सूरज गार्डन के बाहर से 5 मार्च को चोरी की थी। उक्त बाइक चोरी का प्रकरण दिलीप कुमार निवासी चिंतामण ने दर्ज कराया था। चोरी की बाइक बरामद होने पर स त पूछताछ की गई तो अभिषेक ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्र में खेतों के किनारे चोरी की तीन अन्य बाइक भी छुपाकर रखना कबूल कर लिया। पुलिस ने उक्त चोरी की तीनों बाइक बरामद की तो सामने आया कि पिछले 2 माह के दौरान बाइक जीआरपी, नानाखेड़ा और कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस बाइक चोरी का प्रकरण दर्ज कर अपराधिक रिकार्ड तलाशा जिसमें पता चला कि पूर्व में माधवनगर पुलिस की गिर त में आ चुका था। उसके खिलाफ इंगोरिया, खाराकुआ थाने पर ाी मारपीट के प्रकरण दर्ज है। थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि आरोपी से चार बाइक बरामद होने पर उसे न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

### स्टूडेंट बनकर निकालता था वारदात करने

बाइक चोरी करने वाले बदमाश ने पूछताछ में बताया कि परिवार भैसलाखुर्द से कुछ समय पहले ग्राम जवासिया में रहने आ गया था। पहले किराये का मकान लिया था, बाद में झोपड़ी बनाकर रहने लगे। उसे बाइक पर घूमने का शौक था, वहीं शराब पीने लगा था। शौक पूरा करने के लिये उसने बाइक चोरी का प्लान बनाया और स्टूडेंट बनकर निकलने लगा। वह कंधे पर बेग भी टांग लेता था ताकि कॉलेज में पढ़ने वाला विद्यार्थी लगे। अलग-अलग क्षेत्रों में रैकी करने के बाद मौका मिलते ही हैंड लॉक तोड़कर बाइक चोरी कर लेता था। पेट्रोल खत्म होने पर खेतों के किनारे खड़ी कर आता था। जिस पर नजर रखता था। पैसों की जरूरत होने पर वह बाइक बेचने की फिराक में निकला था तभी पुलिस ने उसे रोक लिया।

### सड़क दुर्घटना में मां बेटे की मौत, पिता और दो पुत्री गंभीर रूप से घायल, भोपाल रेफर

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में गुना बायपास स्थित अरन्या जोड़ पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल पर सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरन्या निवासी गोपाल वर्मा अपनी पत्नी रचना और तीन बच्चो के साथ मोटरसाइकिल से शादी समारोह से घर लौट रहे थे, तभी अरन्या जोड़ पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक पर सवार श्रीमति रचना 30 वर्ष और पुत्र योगेश 5 वर्ष की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

# महाकाल में श्रद्धालु अब जल चढ़ा सकेंगे, समिति ने पात्र लगाए



कार्तिकेय मण्डप व सभामंडप में जल अर्पण हेतु लगाए गए पात्र

awantika.com@उज्जैन




महाकाल मंदिर में आम श्रद्धालु अब भगवान को जल चढ़ा सकेंगे। मंदिर प्रबंध समिति ने इसके इंतजाम कर दिए हैं। मंदिर में विभिन्न स्थानों पर जल चढ़ाने के पात्र लगा दिए गए हैं। पिछले कई दिनों से भगवान महाकाल को मंदिर में जल चढ़ाने की व्यवस्था नहीं होने की वजह से श्रद्धालुओं में नाराजगी थी। इसको ध्यान में रखते हुए समिति ने यह सुविधा उपलब्ध करा दी है। कार्तिक मण्डप की ओर से आने वाले भक्त महाकाल भगवान को जल अर्पित कर सकेंगे। समिति द्वारा यहां जल अर्पित करने हेतु पात्र की व्यवस्था की गई है। वही सभा मंडप में भी जल पात्र लगा दिया गया है। दोनों स्थानों से श्रद्धालु भगवान महाकाल को लोटे से जल चढ़कर जल अर्पित कर सकेंगे।

**श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया जल सीधे महाकाल के शिवलिंग पर अर्पित होगा:** श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किया जल पाइप के माध्यम से मंदिर के गर्भगृह में लगे अभिषेक पात्र के माध्यम से भगवान महाकाल के मुख्य शिवलिंग को समर्पित होगा। वैशाख व ज्येष्ठ मास में भगवान को जल अर्पण हो सके इसलिए यह व्यवस्था की है।

# चैकिंग में नियमों का उल्लंघन करते मिले 38 वाहन चालक

awantika.com@उज्जैन

शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर पुलिस द्वारा प्रतिदिन शाम के समय शहर के चिन्हित स्थानों पर चैकिंग पाइंट लगाकर वाहन चालको की जांच की जा रही है। चैकिंग के दौरान नशा कर वाहन चलाने वाले, ट्रिपल राईडिंग,



बिना हेलमेट के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर एक्शन लिया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार-शुक्रवार को शहर में हुई चैकिंग के दौरान 38 वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते मिले। जिनके खिलाफ जुमार्ने की कार्रवाई करते हुए 15 हजार 600 रुपए समन शुल्क वसूला गया। एएसपी जयंतसिंह राठौर ने बताया कि चैकिंग अभियान लगातार चलाया जा रह है। शाम के समय 2 घंटे पाइंटो पर थाना पुलिस, यातायात पुलिस को तैनात किया जा रहा है। चैकिंग अभियान के साथ ही रात में लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता को देखते हुए प्रशासन की टीम भी बाहरी मार्गों पर वाहनों की चैकिंग में लगी हुई है। प्रशासनिक टीम द्वारा चार पहिया वाहनों के साथ बड़े वाहनों की चैकिंग की जा रही है।

## व्यास को सुप्रीम कोर्ट से मिला स्थाई स्थगन आदेश

# महाकाल मंदिर के सामने बना पंडित आनंद शंकर व्यास का मकान नहीं टूटेगा

awantika.com@उज्जैन





महाकाल मंदिर के सामने बड़े गणेश के बाहर बना पंडित आनंद शंकर व्यास का मकान अब नहीं टूटेगा। पंडित व्यास को सुप्रीम कोर्ट से मकान को लेकर स्थाई स्थगन आदेश मिल गया है।

पंडित व्यास के अभिभाषक मनीष मनाना ने बताया पंडित आनंद शंकर व्यास के आनंद भवन को प्रशासन या महाकाल मंदिर समिति अब नहीं तोड़ सकेगी। उल्लेखनीय है कि प्रशासक महाकाल मंदिर द्वारा पंडित व्यास का भवन महाकाल मंदिर की भूमि पर होना व्यक्त कर भवन को अतिक्रमण कर निर्मित होना दर्शित कर दिया था तथा तहसीलदार नगर उज्जैन को अतिक्रमण हटाए जाने का आवेदन दिया था। तहसीलदार द्वारा पंडित व्यास को बेदखल करने का सूचना पत्र 20 दिसंबर 2021 को जारी किया था। जिस पर पंडित व्यास ने दीवानी न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर स्थगन चाहा था। उच्च न्यायालय द्वारा 16 मार्च 2022 को अंतरिम राहत प्रदान की गई थी। 21 मार्च 2023 को उच्च न्यायालय द्वारा मूल याचिका निरस्त कर स्थगन समाप्त कर दिया था। उक्त आदेश से व्यथित होकर पंडित व्यास ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष 2023 में याचिका दायर की थी। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 26 अप्रैल 2024 को अंतिम सुनवाई कर आनंद भवन न तोड़ा जाए, स्थाई स्थगन आदेश पारित किया।

### तीन साल तक शोषण करने वाला भी गिरफ्तार



**उज्जैन।** तीन बच्चों की मां को तीन साल तक लिवइन में रख शोषण करने वाला आरोपी युवक जितेन्द्र शर्मा भी गुरूवार रात चिमनगंज थाना पुलिस की हिरासत में आ गया। जिसे शुक्रवार को पुलिस ने न्यायालय से जेल वारंट जारी होने पर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा है। विदित हो कि तीन बच्चों की मां सिहोर रहने वाली है। कोरोना काल में पति का निधन होने के बाद उसकी पहचान जितेन्द्र से हो गई थी। शादी का झांसा देकर जितेन्द्र ने कुछ साल महिला को इंदौर में रखा, उसके बाद उज्जैन के काजीपुरा में किराये का मकान दिला दिया था। महिला ने शादी करने की बात कहीं तो वह छोड़कर भाग निकला था। महिला ने चिमनगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी।

### गिरफ्त में आया विवाहिता का शोषण करने वाला युवक

awantika.com@उज्जैन

शादीशुदा महिला का सालभर से शोषण करने वाला युवक पुलिस की गिरफ्त में आ गया। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है। महिला ने 2 दिन पहले उसके खिलाफ खाराकुआ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। खाराकुआ थाना पुलिस ने बताया कि नमक मंडी क्षेत्र की रहने वाली महिला 2 बच्चों की मां है। जो परिवारिक विवाद के चलते से अलग रहने लगी थी। हाटकेश्वर कालोनी में रहने वाले विकास सोनी से उसकी पहचान हो गई। उसने महिला को लिवइन में रखा और शादी झांसा दिया और शोषण किया। 2 दिन पहले महिला ने थाने आकर विकास द्वारा शोषण करने की शिकायत दर्ज कराई। मामले में दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया और आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### मालव माटी की खुशबू से सराबोर चित्रों की नुमाइश

**उज्जैन।** चित्रकार सुषमा जैन के चित्रों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी राजस्व कॉलोनी स्थित क्लब फनकार कला दीर्घा में शुक्रवार को उद्घाटित हुई। मालवा की वरिष्ठ फनकार सुषमा जैन ने ताजगी भरे 35 चित्रों को इस नुमाइश में प्रदर्शित किया है। उनके चित्रों को देखकर बरबस ही मालवा माटी की खुशबू महसूस की जा सकती है। ठंडक की गुदगुदाहट देते वृक्ष, पक्षियों का कलकल नाद , नारी का खिलता यौवन कैनवास पर चटक रंगो के साथ मधुर संगीत का रसास्वादन करा देते हैं। अपनी तूलिका से कलाकार ने सुन्दर रचना संसार को सर्जित किया है। उनके चित्रों को देखकर पक्षियों की सुरीली चे चहाहट स्पष्ट सुनाई देने लगती है। प्रकृति अपने रंगों की खुशबू बिखेरती नजर आती है। उनके चित्रों में मनुष्य की आकृतियां अपनी संपूर्णता को प्रदर्शित करती हैं। प्रदर्शनी का हर चित्र दर्शक को अपनी ओर खींचता है।

## इंदौर-नागदा बायपास पर बुजुर्ग महिला को मारी थी टक्कर

# जिला अस्पताल आने के बाद तूफान गाड़ी छोड़कर भागा निकला चालक

awantika.com@उज्जैन




इंदौर-नागदा बायपास मार्ग पर शुक्रवार सुबह तूफान गाड़ी से हुई दुर्घटना में बुजुर्ग महिला घायल हो गई। चालक ने महिला को घायल देखा तो खुद ही जिला अस्पताल उपचार के लिये लेकर आया, जहां गाड़ी खड़ी करने के बाद भाग निकला। तूफान में 14 लोग सवार थे, जो चालक के भागने पर परेशान होते रहे।

उदयपुर से इंदौर के लिये जा रही तूफान ने इंदौर-नागदा बायपास मार्ग पर हाटकेश्वर कालोनी के सामने सब्जी का ठेला लेकर जा रही गुड्डीबाई पति भंवरलाल 55 निवासी सांवराखेड़ी को टक्कर मार दी थी। तूफान में शादी समारोह के दौरान केटर्स का काम करने वाले 14 लोग सवार थे। बुजुर्ग महिला के घायल होने चालक तूफान गाड़ी से उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां उपचार के लिये भर्ती कराने के बाद चालक गाड़ी जिला अस्पताल में खड़ी कर भाग निकला। केटर्स का काम करने वाले मनोज ने बताया कि चालक को डर था कि बुजुर्ग महिला के परिजन आने पर उसके साथ मारपीट हो सकती है। वहीं पुलिस उसे पकड़ सकती है। मनोज का कहना था कि केटर्स का काम करने वाले सभी लोग इंदौर के रहने वाले है। उदयपुर शादी में काम करने गये थे। केटरिंग का काम करने वाले ठेकेदार द्वारा तूफान गाड़ी बुक की गई थी। जिसमें सवार होकर इंदौर लौट रहे थे। दुर्घटना में बुजुर्ग महिला के घायल होने की जानकारी मिलने पर नीलगंगा जिला अस्पताल पहुंच गई थी। घायल बुजुर्ग महिला के बयान दर्ज किये गये है। जो क्षेत्र में फेरी लगाकर सब्जी बेचने का काम करती है।

## महाकाल के प्रसाद पैकेट पर फोटो को लेकर विवाद

# इंदौर हाईकोर्ट के आदेश महाकाल मंदिर समिति 3 माह में निराकरण करें

awantika.com@उज्जैन

महाकाल के लड्डू प्रसाद के पैकेट पर मंदिर के फोटो को लेकर विवाद हाईकोर्ट तक पहुंच गया। मामले में इंदौर हाईकोर्ट ने मंदिर समिति को आदेश देकर कहा तीन महीने में इसका निराकरण करें।

मामले में जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और जस्टिस गजेंद्र सिंह की कोर्ट में सुनवाई हुई। शुक्रवार को हाईकोर्ट के आदेश मिले। 19 अप्रैल 2024 को महंत सुखदेवानंद ब्रह्मचारी श्री शंभु पंच अग्नि अखाड़ा इंदौर, पंडित शरद कुमार मिश्र ने हाई कोर्ट में याचिका लगाकर मंदिर के लड्डू प्रसाद पैकेट पर महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर और ऊँ छापने को गलत बताकर आपत्ति ली थी।

### कोर्ट में कहा -प्रसाद खाकर कचरे में फेंक रहे, पीएम तक से शिकायत

याचिकाकर्ता के वकील अभीष्ट मिश्र ने कहा कोर्ट में कहा कि मंदिर के लड्?डू प्रसाद बॉक्स पर धार्मिक फोटो है। लोग इन खाली पैकेट को कचरे में फेंकते हैं। धर्म के हिसाब से यह सही नहीं है। वैष्णो देवी, अमृतसर गोल्डन टेम्पल के प्रसाद में चित्र नहीं है। मंदिर एक्ट में भी जिक्र नहीं है। समिति को आवेदन दिए, अधिकारियों से मिले, पीएम मोदी, सीएम हेल्प लाइन में शिकायत की सुनवााई नहीं हुई तो कोर्ट गए।

### महाकाल मंदिर के प्रशासक बोले- समिति में बात करेंगे

**महाकाल मंदिर के प्रशासक मृणाल मीणा ने कहा इस विषय पर मंदिर समिति की बैठक में बात कर कोई निर्णय लेंगे।**



आध्यात्मिक होने का अर्थ है, अपने भीतर एक सम्राट होना। जीने का यही एकमात्र तरीका है। क्या कोई व्यक्ति सचेतन यह चुनेगा कि उसे अपनी जरूरत की हरेक वस्तु किसी व्यक्ति या अन्य स्रोत से मांगनी पड़े? हो सकता है कि विवशतावश उसे कोई वस्तु मांगनी पड़ जाए, लेकिन जान-बूझकर क्या कोई ऐसा चुनाव करेगा? क्या हर व्यक्ति वैसा नहीं होना चाहेगा, जहां वह शत-प्रतिशत अपने भीतर हो? इसका अर्थ यह नहीं है कि आपको पूरी तरह से आत्म-निर्भर होना है। पारस्परिक निर्भरता हमेशा बनी रहती है, लेकिन आपके भीतर हर चीज उपस्थित है; आपको बाहर नहीं खोजना है। यहां तक कि आपको किसी के भी साथ की जरूरत नहीं है। अगर दूसरे व्यक्ति को इसकी जरूरत है, तो आप उसे देंगे, लेकिन स्वयं में आपको किसी व्यक्ति की संगत की जरूरत नहीं है। इसका अर्थ यह है कि अब आप अपने अंदर भिखारी नहीं रहे। केवल बाहरी जरूरतों के लिए हो सकता है कि आपको बाहर संसार में जाना पड़े। यही परम स्वतंत्रता है। अध्यात्म पालतू बिल्लियों के लिए नहीं है। आप जीवन में कुछ नहीं कर सकते, लेकिन आप यह सोचते हैं कि आप आध्यात्मिक हो सकते हैं; तो ऐसा नहीं है। अगर आप संसार का कोई भी काम कर सकते हैं, तो एक संभावना बनती है कि आप अध्यात्म के लायक बन सकें, अन्यथा नहीं। अगर इस संसार के किसी भी काम को लेकर उसे अच्छी तरह करने की शक्ति और साहस आपके पास है, तब आपके आध्यात्मिक होने की उम्मीद की जा सकती है। जिनमें कोई दूसरा काम करने का सामर्थ्य नहीं है, यह उन लोगों के लिए नहीं है। इन दिनों पूरे देश का, संभवतः पूरे संसार का भी यही मानना है कि निकम्मे और नालायक लोग ही आध्यात्मिक बन जाते हैं, क्योंकि तथाकथित आध्यात्मिक लोग ऐसे ही बन गए हैं। वे लोग, जो जीवन के उतार-चढ़ाव को नहीं सह सकते और जिनमें कोई काबिलियत नहीं है, वे किसी मंदिर के सामने बैठ जाते हैं और उनका जीवन गुजर जाता है। यह आध्यात्मिकता नहीं, यह भीख मांगना है। अगर आपको अपनी चेतना पर विजय प्राप्त करनी है, चेतना के शिखर पर पहुंचना है, तो आप एक भिखारी बनकर वहां कभी नहीं पहुंच सकते।



सम्पादकीय

## ग्रीन कार्ड का लंबा इंतजार

अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के मामले में वहां रहने वाला भारतीय समुदाय अब दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक साल 2022 में 65,960 भारतीयों को आधिकारिक तौर पर अमेरिकी नागरिकता प्रदान की गई। इसके बाद अमेरिका में नए नागरिकों के स्रोत के रूप में भारत मेक्सिको के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया। मगर ये आंकड़े न तो अमेरिका में नागरिकता या ग्रीन कार्ड हासिल करने का इंतजार कर रहे भारतीयों की स्थिति बयां करते हैं और न ही उनकी समस्याओं को समझने में कोई मदद करते हैं।

साल 2023 के आंकड़े देखें तो वहां भारतीय मूल के 2,90,000 ऐसे लोग रह रहे हैं जिनके पास बाकायदा ग्रीन कार्ड (लीगल परमानेंट रेसिडेंसी) है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो वे ऐसे लोग हैं जो अमेरिकी नागरिकता हासिल करने की संभावित पात्रता रखते हैं, लेकिन उनकी बारी नहीं आ रही। इसके अलावा डिपेंडेंट्स को मिला लिया जाए तो करीब 12 लाख भारतीय ऐसे हैं जो अमेरिका में ग्रीन कार्ड के इंतजार में बैठे हैं। इनका एक अच्छा खासा हिस्सा हाईली स्किल्ड की श्रेणी में आता है।

हालांकि हाल के वर्षों में नागरिकता आवेदनों के बकाया मामलों को निपटाने में तेजी आई है। 2020 के आखिर में लंबित आवेदनों की संख्या 943,000 हो गई थी जो 2021 में 840,000, 2022 में 550,000 और 2023 में करीब 408,000 तक आ गई थी। मगर लंबित आवेदनों को निपटाने की प्रक्रिया में आई तेजी से ग्रीन कार्ड के लिए लगी भारतीयों की कतार कम करने में खास मदद नहीं मिलने वाली। उफ्र की 2020 की एक रिपोर्ट के आकलन के मुताबिक साल 2030 तक एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड की टॉप तीन कैटिगरीज में भारतीयों के लंबित आवेदन की संख्या 21 लाख को पार कर जाएगी जिसे निपटाने में मौजूदा कानूनी प्रक्रियाओं के मुताबिक दो सौ साल लगेंगे। असल में एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड के लिए लंबे इंतजार के पीछे मुख्यतया मौजूदा अमेरिकी कानूनों के दो प्रावधानों की भूमिका है।

यथार्थ को समझे

# कम मतदान होने का सच वह नहीं जो बताया जा रहा

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के 102 स्थानों का लोकसभा चुनाव संपन्न होने के कई तरह के आकलन सामने आ रहे हैं । इस दौर में नौ राज्यों तमिलनाडु ,उत्तराखंड, अरुणाचल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम ,नगालैंड, सिक्किम तथा तीन केंद्र शासित प्रदेशों अंडमान, लक्षद्वीप और पुडुचेरी का मतदान संपन्न हो चुका है।



अवधेश कुमार
(दैनिक अवन्तिका)

हिंदी भाषी राज्यों के दृष्टि से देखे तो ऐसे 35 स्थान का चुनाव संपन्न हुआ है जिनमें बिहार के चार ,मध्य प्रदेश के 6 ,राजस्थान के 12, उत्तर प्रदेश के आठ और उत्तराखंड के पांच स्थान शामिल हैं। दक्षिण के राज्य तमिलनाडु के सभी 39 स्थानों पर मतदान संपन्न हो चुका है। माना जा रहा था कि देश के एक बड़े क्षेत्र में मतदान के बाद इसकी प्रवृत्तियों का आकलन करना थोड़ा आसान हो जाएगा। लेकिन मतदान के बाद आम टिप्पणी यही है कि प्रवृत्तियों का आकलन कठिन हुआ है। बहरहाल , इसकी सबसे बड़ी विशेषता रही कि पश्चिम बंगाल को छोड़कर कहीं भी किसी तरह की हिंसा की घटना नहीं हुई। यह बताता है कि देश का चुनाव तंत्र बिल्कुल सहज ,सामान्य और सुव्यवस्थित अवस्था में काम कर रहा है। इसका अर्थ यह भी है कि हम कम अवधि और कम चरणों में भी लोकसभा चुनाव को समाप्त कर सकते हैं।

सबसे ज्यादा चर्चा मतदान प्रतिशत कम होने को लेकर है और कई तरह के आकलन किया जा रहे हैं। हालांकि तथ्य नहीं है कि सभी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत ज्यादा गिरा है। पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में ज्यादा मतदान हुए तो बिहार और उत्तराखंड में अत्यंत कम। इन दो राज्यों में भी अलग-अलग क्षेत्र को देखें तो कहीं ज्यादा तो कहीं कम मतदान हुआ है। एक बार राज्य , मतदान प्रतिशत को देखें। उत्तर प्रदेश में 2019 के 63.88 के मुकाबले 60.25% ,उत्तराखंड में 61.88 प्रतिशत के मुकाबले 55.89%, मध्य प्रदेश में 67.08%, छत्तीसगढ़ में 65.80 की जगह 67.56 प्रतिशत, राजस्थान में 63.71 की जगह 57.26 प्रतिशत, बिहार में 53.47% की जगह 48.88%, पश्चिम बंगाल में 83.7 9% की जगह 80.55%, महाराष्ट्र में 63.0 4% की जगह 61.87% तमिलनाडु के सभी 39 क्षेत्र में 69.46 प्रतिशत, असम में 78.23% की जगह ,75.95%, अरुणाचल में 67% की जगह 72.74%, मणिपुर में 78.20% की जगह 72.117%, मेघालय में 67.15% की जगह 74.5 0%, मिजोरम में 63.02% की जगह 56. 6 0%, नागालैंड में 83.12 प्रतिशत की जगह 56.91%, त्रिपुरा में 83.12% की जगह 81. 6 2% सिक्किम में 78.119% की जगह 80.003%, पुडुचेरी में 81. 19% की जगह 78.8 0%, अंडमान निकोबार में 64.85% की जगह 63.99%, लक्षद्वीप में 84.96% की जगह 83.88%, जम्मू कश्मीर में 57.35 प्रतिशत की जगह68 प्रतिशत मतदान हुआ। तो एक- दो स्थान को छोड़कर ज्यादातर जगहों में मतदान गिरा है। उत्तर प्रदेश में 2019 के मुकाबले लगभग 5.30 प्रतिशत कम मतदान हुआ। सबसे अधिक 83.88 प्रतिशत मतदान लक्षद्वीप सीट पर तो बंगाल के जलपाईगुड़ी में 82.15% मतदान हुआ। हिंसा के शिकार मणिपुर में मतदान कम नहीं माना जा सकता है। कुल मिलाकर इन क्षेत्रों में 2019 में औसत मतदान 69.43 % से ज्यादा हुआ था। चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के अनुसार यह करीब 68.29 प्रतिशत है।? यानी करीब 1.14% कम मतदान हुआ है। तो राष्ट्रीय स्तर पर मतदान में ज्यादा गिरावट नहीं है । 2019 लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मतदान हुआ था। तो यह माना जा सकता है कि लोकसभा चुनाव में इससे ज्यादा मतदान की संभावना शायद अभी नहीं है।

नागालैंड में इसलिए मतदान प्रतिशत ज्यादा गिरा क्योंकि छह जिलों में ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स फ्रंट (ईएनपीओ) ने अलग राज्य की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। इन छह जिलों के 20 विधानसभा क्षेत्रों में चार लाख से अधिक मतदाता हैं। जब इतनी संख्या में मतदाता मत डालेंगे नहीं तो उसे गिरना ही है। इसे मतदान की प्रवृत्ति नहीं मान सकते। करीब डेढ़ दशक पहले मतदान घटने का अर्थ सत्तारूढ़ घटक की विजय तथा बढ़ने का अर्थ पराजय के रूप में लिया जाता था और प्रायः ऐसा देखा भी गया। किंतु 2010 के बाद प्रवृत्ति बदली है। मतदान बढ़ने के बावजूद सरकारें वापस आई हैं और घटने के बावजूद गई है। इसलिए इसके आधार पर कोई एक निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। दूसरे, हर जगह मतदान प्रतिशत ज्यादा गिर भी नहीं है। तीसरे, बंगाल में साफ दिखाई दे रहा है कि दोनों पक्षों के मतदाताओं में एक दूसरे को हराने और जीताने की प्रतिस्पर्धा है।। संदेशखाली से लेकर अन्य मामलों के कारण वहां हिंदुओं के बड़े समूह के अंदर ममता बनर्जी को लेकर आक्रोश है।

सबसे ज्यादा चर्चा उत्तर प्रदेश की है तो जरा क्षेत्र के हिसाब से देखें कि कहां कितना मतदान हुआ। सहारनपुर में पिछली बार 70.87% हुआ था जबकि इस बार 68.99% , पीलीभीत में 67.41 की जगह 63.70, मुरादाबाद में 65.46 की जगह 62.05, कैराना में 67.45 की जगह 61.5 , नगीना में 63.66 की जगह असर दशमलव 54, मुजफ्फरनगर में 80.42 की जगह 58.5, बिजनौर में 66.022 की जगह 58.21 और रामपुर में 63.01की जगह 55.75% मतदान हुआ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस इलाके में मतदान प्रतिशत घटना सामान्य स्थिति का परिचायक नहीं है। इस क्षेत्र को जातीय और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का विशेषण प्राप्त है। तो यह आकलन करना कठिन है कि जहां मतदान प्रतिशत गिरा वहां किनके मतदाता नहीं आए। पिछले चुनाव में भाजपा के लिए यह चुनौतीपूर्ण क्षेत्र था तथा बसपा सपा ने उसे गंभीर चुनौती दी थी। भाजपा को केवल तीन स्थान मिले थे जबकि बसपा को तीन और सपा को दो। अगर भाजपा विरोधी उसे हराना चाहते थे तो उन्हें भारी संख्या में निकलना चाहिए। कहा भी जा रहा है कि सपा के कोर मतदाता यानी मुसलमान और यादवों का बड़ा समूह आक्रामक होकर मतदान कर रहा था।। विरोधी भारी संख्या में निकलेंगे तो समर्थक भी इसका ध्यान रखेंगे। हालांकि उम्मीदवारों के चयन , दूसरे दलों से आये लोगों को महत्व मिलने तथा कहीं -कहीं,गठबंधन को लेकर भाजपा समर्थकों और कार्यकताओं में थोड़ा असंतोष है तथा एक जाति विशेष ने भी विरोधात्मक रूप अख्तियार किया था।

सुखी जीवन के सूत्र

## तटस्थ रहिए, दुःखी मत होइए

विश्रांति के बाद ही वेश्राम का मूल्य है। भूख-प्यास से विकल होने पर ही भोजन का स्वाद है। जिस प्रकार आवश्यकता को आविष्कार की जननी कहा जाता है, उसी प्रकार दुःख को सुख का जनक मान लिया जाए, तो अनुचित न होगा। जिसके सम्मुख दुःख आते हैं, वही तो सुख के लिए प्रयत्न करता है। जिसने गरीबी से टक्कर ली है, वही अथार्भाव दूर करने के लिए अग्रसर होगा। दुःख तकलीफ ही पुरुषार्थी व्यक्ति को क्रयाशीलता पर आधारित रखती है, उस पर पानी चढ़ाती है अन्यथा ननुष्य निकम्मा-निर्जीव होकर एक मृतकतुल्य बनकर ही रह जाए ।

सुख में अत्यधिक प्रसन्न होना, हर्षित होना भी दुःख का एक वेशेष कारण है। यह साधारण नियम है कि जो अनुकूल परिस्थितियों में खुशी से पागल हो उठेगा, उसी अनुपात से प्रतिकूल परिस्थितियों में दुःखी होगा। सुख प्रसन्नता का कारण होता है किंतु इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि आप उसमे इतना प्रसन्न हो जाएँ कि आपकी अनुभूतियाँ सुख की ही गुलाम बनकर रह जाएँ । वे प्रसन्नतापरक परिस्थितियों की अभ्यस्त हो जाए। ऐसा होने से आपकी सहनशक्ति समाप्त हो जाएगी और जरा-सा भी कारण उपस्थित होते ही आप अत्यधिक दुःखी होने लगेंगे। अस्तु, दुःख से बचने का एक उपाय यह भी है कि सुख की दशा में भी बहुत प्रसन्न न हुआ जाए । संतुलन पूर्ण तटस्थ अवस्था का अभ्यास इस दिशा में बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। तटस्थ भाव सिद्ध करने के लिए दुःख से नहीं सुख से अभ्यास करना होगा। जब-जब मनोनुकूल परिस्थितियाँ प्राप्त हों, सुख का अवसर मिले, तब-तब साधारण मनोभाव से उसका स्वागत कीजिए, हर्षातिरेक में न आइए। इस प्रकार प्रसन्नतापूर्ण वातावरण में किया हुआ अभ्यास अधिक सफल होता है। प्रसन्नावस्था में जो कार्य किया अथवा सीखा जाता है, वह जल्दी सीखा जा सकता है।

हर्ष के समय जो अपना संतुलन बनाए रखता है, विषाद के अवसर पर भी वह सुरक्षित रहता है। दुःख-सुख में समान रूप से तटस्थ रहना इसलिए भी आवश्यक है कि अतिरेक के समय किसी बात का ठीक निर्णय नहीं किया जा सकता।


क्रमशः


## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27 अप्रैल 2024 शनिवार
सूर्योदय - 06:01 सूर्यास्त 18:48
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - तृतीया 08:20 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - ज्येष्ठा 04:29 उपरांत मूल
योग - परिघ 03:22 उपरांत शिव
करण - विष्टि
चन्द्रमा - वृश्चिक में है। 28:29 पर धनु में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम - सव्वाल मास 17 तारिख

**मेष-** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी।

**वृषभ-** शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मिथुन-** घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी।

**कर्क-** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**सिंह-** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या-** स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे।

**तुला-** निवेश शुभ फल देगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

**वृश्चिक-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**धनु-** चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा।

**मकर-** कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा।

**कुंभ-** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी।

**मीन-** यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

व्यंग्य

## हाय-हाय यह गर्मी

कुछ कहावतें समय के साथ बदलती रहती हैं। जैसे तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा। लेकिन पंखे की तीन पत्तियाँ तीन तिगाड़ा तो कतई नहीं हो सकती। गर्मी के दिनों में वो न हो तो आदमी का बिगाड़ा हो सकता है। जिस प्रकार ब्रह्मा, विष्णु, महेश की तिकड़ी दुनिया चलाती है, ठीक उसी तरह पंखे की तीन पत्तियाँ मेरे घर को। पंखे की स्पीड पाँच की हो तो कहना ही क्या, बिखरे हुए अखबार के पन्नों की तरह सब कुछ फड़फड़ाने लगता है। पंखा पुराण में नाना प्रकार की कष्ट लीलाएँ वर्णित हैं। पंखा न चले तो बच्चे घर से भाग जाते हैं। सब्जियाँ खराब हो जाती हैं। गर्मी में जिन कपड़ों को धोने के लिए पांच मिनट लगते हैं, वही पसीने से तर-बतर होने के लिए दो मिनट। कभी-कभी तो लगता है कि मैगी नूडल्स ने दो मिनट का फामूर्ला यहीं से चुराया है।



डॉ. सुरेश मिश्रा
(दैनिक अविन्तका)

पंखे के बंद होते मैं इस तरह छटपटाने लगता हूँ जैसे बिन पानी मछली। वैसे मछलियाँ बरसात के दिनों में भी सुरक्षित नहीं होती। भूख के आगे सभी अभागे हैं। कभी-कभी सोचता हूँ यह पंखा न होता तो क्या होता? न मेरी शादी होती, न मेरे बच्चे। या यूँ कहिए कि दुनिया ही नहीं होती। बहरहाल, पंखे के बंद होते ही, सारा-का-सारा माहौल अचानक से पसीने का पानीपत बन जाता है। कभी आप बगलों को खुजलाते हैं तो कभी सिर। कभी पीठ को खुजलाते हैं तो कभी कुछ। ऐसे समय में हमें अपने शरीर पर बड़ा पछतावा होता है। भगवान से प्रार्थना करते दिखाई देते हैं कि यह गर्मी का मौसम क्यों बनाया? बनाया तो बनाया बदन खुजलाने के लिए और दो-चार हाथ क्यों नहीं दिए? सच कहें तो पंखे का बंद होना समस्त मानवजाति के लिए अभिशाप बन जाता है। पंखा है तो हवा है। हवा है तो वाह-वाह है। नहीं तो आह-आह है।

गर्मी के दिनों में वैसे तो सब कुछ जल्दी पकता है, लेकिन दिमाग का नंबर पहले आता है। इन दिनों में सरल वाक्यों का प्रयोग श्रेष्ठ माना जाता है। संयुक्त अथवा मिश्रित वाक्यों से खोपड़िया कुछ ज्यादा ही पक जाती है। ऐसे में मनुष्य गलतियों का पुतला वाली उक्ति को चरितार्थ करने में अपना सब कुछ लगा देता है। यही कारण है कि जब कोई किसी के घर जाता है तो उसके लिए टेबल वाला तीन पत्तियों का झेलनदार तीव्र गति में दौड़ा दिया जाता है। उसके बाद पानी, शरबत और आवभगत की अन्य सामग्री दी जाती है। गर्मी की दुपहरिया में जब सूर्य सिर को भूमध्य रेखा समझ शून्य डिग्री पर प्रयाण करता है तब सुनने, समझने और बोलने की क्षमता समाप्त हो जाती है। डैड डेड की तरह, मम्मी मिस्र की मम्मी की तरह दिखाई देने लगते हैं। गर्मी के दिनों में बिजली चली जाए तो सबके मुँह से एक ही वाक्य निकलता है झ्र बिजली कब आएगी? गर्मी के दिनों में बिजली को छुप्पम-छुपाई खेलने का बड़ा शौक होता है। आदमी जब तक जीने की आस न छोड़ दे तब तक उसके दर्शन नहीं होते। थोड़ी सी हवा भी कहीं से आ जाए तो मानो ऐसा लगता है जैसे पंखा चल पड़ा। अब भला पंखा सरकार थोड़े न है कि भेड़-बकरियों के वोट से चल पड़ेगा। इसके लिए बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जो कि इस समय मंहगाई को छोड़कर कहीं दूसरी जगह दिखाई नहीं देती। मैं तो कहूँ महंगाई की बिजली से सपनों का पंखा चलाइए और इस जिंदगी से छुटकारा पाइए।

### कान और कंधे के मध्य मोबाइल रखकर वाहन न चलाए


बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में लापरवाही के कारण जान माल की हानि होती है जिसे कई वर्षो से रोकने हेतु प्रयत्न किये गए मगर दुर्घटनाए कम नहीं हुई सड़क पर चलते हुए या गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात कर रहे लोगो की आए दिन दुर्घटना की खबर पढ़ने को आती है ।अधिकांश लोग वाहन चलाते समय चालक अपने मोबाइल को कान और कंधे के बीच दबाकर बातचीत करते हुए वाहन चलाते है उनका ध्यान बातचीत पर ही ज्यादा रहता ही ।पीछे हार्न देने वाले की भी वो सुनते नहीं ऐसे में दुर्घटना संभव है ।सीसीटीवी कैमरे लगा कर चालान की कार्यवाही की जाना चाहिए। ताकि उनकी आदत पर रोक लग सके।मोबाइल एवं स्वयं की सुरक्षा के साथ दूसरों का भी ख्याल रखे ।परिवार के लोग आप के घर आने की राह देख रहे है ।सुरक्षित चले ,लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के लिए निर्धारित गति से ज्यादा गति में वाहन चलाना ,शराब पीकर के वाहन चलाना, एवं यातायात के नियमों का पालन नही करने से दुर्घटनाए होती है इन छोटे छोटे उपायों का पालन करने से सुरक्षित रह सकते है।

# ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ा सकती ये बुरी आदत

खराब लाइफस्टाइल के चलते आजकल ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे हैं। आखिर यह क्यों होता है, यहां जाने ब्रेन स्ट्रोक का कारण क्या है? ब्रेन स्ट्रोक आने पर कुछ लोग तुरंत जान गवां देते हैं तो कुछ लोग इलाज के बाद ठीक हो जाते हैं। जानें लाइफस्टाइल की कौन सी आदतें ब्रेन स्ट्रोक के खतरे को बढ़ाती हैं? हर साल दुनियाभर में ब्रेन स्ट्रोक के कारण कई लोग अपनी जान गवां देते हैं। दरअसल, ब्रेन स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति है जो मस्तिष्क में रक्तप्रवाह रुकने यानी खून का बहना रुकने या नसें फटने के कारण होता है। ब्रेन स्ट्रोक आने पर कुछ लोग तुरंत जान गवां देते हैं तो कुछ लोग इलाज के बाद ठीक हो जाते हैं। हालांकि रिकवरी में समय लगता है। ब्रेन स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्या से बचने के लिए खराब लाइफस्टाइल में कुछ बजलाव कर सकते हैं। इस लेख में हम जानेंगे ब्रेन स्ट्रोक होने के क्या कारण होता है।

### तंबाकू

तंबाकू का सेवन ब्रेन स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकता है। तंबाकू में पाएं जाने वाला केमिकल तत्व आपकी धमनियों को कमजोर कर सकते हैं, जिससे ब्लड फ्लो बिगड़ सकता है। जो लोग स्मोकिंग करते हैं उनमें ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है, स्मोकिंग के कारण खून के थक्के जम सकते हैं, ऐसे में ब्रेन स्ट्रोक की समस्या से बचने के



लिए आप बीड़ी, सिगरेट का इस्तेमाल बंद करें।

### तनाव

स्ट्रैस के कारण कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कई बार तो लोगों को समझ भी नहीं आता है और वह तनाव के कारण डिप्रेशन के शिकार भी हो सकते हैं। तनाव की वजह से ब्रेन स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। दरअसल, स्ट्रैस के कारण नींद कम आती है, जिस वजह से हार्ट हेल्थ खराब हो सकती है। ये सभी समस्याएं ब्रेन स्ट्रोक का कारण बन सकती हैं।

### शराब

शराब के सेवन से ब्रेन स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकता है। शराब के अधिक सेवन से खासकर हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित व्यक्तियों में ब्रेन स्ट्रोक खतरा ज्यादा रहता है। ऐसे में शराब का सेवन करना बंद कर दें।

### खराब लाइफस्टाइल और डाइट

बिगड़ी लाइफस्टाइल और फास्ट फूड का सेवन करना मास्तिष्क स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। जंक और फास्ट फूड में सोडियम की मात्रा ज्यादा होती है जो मोटापा और ब्लड प्रेशर का बढ़ाता है, जिससे ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बना रहता है। ब्रेन स्ट्रोक की समस्या से बचने के लिए अपनी डाइट का खास ख्याल रखें। इसके साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर अनाजों को शामिल करें।

### एक्सरसाइज न करना

आजकल लोग अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को मैनेज करने में इतने बिजी हो चुके कि उन्हें खुद का ख्याल रखने का समय भी कम मिलता है। नो फिजिकल एक्टिविटी के कारण स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। ब्रेन स्ट्रोक की समस्या से बचने के लिए आप रोजना एक्सरसाइज करें और अपने ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखें।

धर्म-आध्यात्म

# अपने अंदर के 'झूठे मुखौटे' का त्याग कैसे करें?

हम कितने झूठे व्यक्ति हैं, झूठापन लेकर हम समाज में लोगों से मिलते हैं। एक झूठा पति हो, झूठी पत्नी हो, भाई, बहन, दोस्त। अब यहाँ पर हम जब झूठा व्यक्ति कहते हैं, इसका मतलब क्या है? इसका मतलब यह है कि जो भाव आपके भीतर है, जो भी विचार आप लेकर चलते हैं वो कहीं पर तो आप लोगों से छुपाते हैं, मतलब ऐसे की कमियों को छुपाना और अच्छाइयों को बढ़ चढ़ कर बताना। या कुछ किया भी न हो, फिर भी वो बताना, तो यह जो झूठा मुखौटा है उसको निकालने का समय आया है। आप जब परिवर्तन की इस यात्रा में आगे बढ़ रहे हैं, परिवर्तन की इस यात्रा के साथ आप अपने भीतर एक उच्चतम आध्यात्मिक अवस्था का अनुभव करने वाले हैं, या तो सही मायने में आप एक इंसान बनने वाले हैं, तो आपको इस झूठे मुखौटे का त्याग करना होगा नहीं तो आप ऐसे ही जीवन में कही पर भटकते रहेंगे, जहाँ पर स्थिरता नहीं आएगी और शांति का अनुभव नहीं होगा। जैसे लोग भाग रहे हैं वैसे ही आप भी भागते रहेंगे। इसके ऊपर एक सूत्र है, जो आज हम सभी मिलकर सीखेंगे। तो पहली बात यह है कि कई बार एक आदत सी बन जाती है कि रोते रहना। रोते रहना मतलब यह कि अपना दुखड़ा रोते रहना, बार बार किसी से भी मिलते हुए मेरे साथ यह हो गया, मेरे साथ वो हो गया, मैं अकेला हूँ, या मैं अकेली हूँ, मुझे कोई प्यार नहीं करता, मेरे साथ कोई नहीं है ,सबसे हम बात करने की कोशिश करते हैं।कोई मुझसे बात नहीं करता, लोगो को



मैं पसंद नहीं हूँ या कुछ भी अच्छा करने की कोशिश करते हैं अच्छा होता ही नहीं है। तो यह जो भाव है, बार बार हम यह लेकर चलते हैं सब जगह।

अब इसके पीछे एक तो कारण यह भी होता है कि हम इस दुखड़े को रोते हुए लोगों को अपनी ओर आकर्षित करें। यह भी भाव होता है, जिसे कहते हैं कि आप मुझे देखो, मेरे ऊपर कुछ अत्याचार हुआ है, इस भाव के साथ भी बात करते हैं। हम आपको यह बताते हैं अगर आपकी जिन्दगी में सच में कुछ प्राब्लम है तो आपको अपने पति, पत्नी को या अपने पिता या माता को या तो भाई, बहन या अपने नजदीकी दोस्त, किसी को तो आप जा कर बता सकते हैं, पर सभी को जा कर बताना यह सही नहीं होता।

इसका मतलब आप कहीं पर तो ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। यही होता है। अगर आपको पसंद नहीं है कि कोई आपसे इस तरह से बात करे तो आप भी किसी के साथ ऐसे बात ना करें। तो आपको इसको छोड़ना होगा तुरंत इसी वक़्त। मैं जैसा हूँ वैसा ही हूँ और मेरी तकलीफ अगर है तो मैं सही व्यक्ति को ही बताऊंगा। ये आप सभी आज ध्यान में रखें। दूसरी बात, यहाँ पर आती है कि आप जब इस परिवर्तन की यात्रा के साथ जुड़े हैं तो इस यात्रा में एक आम साधारण व्यक्ति बनने वाले हैं। आप महान व्यक्ति नहीं बनने वाले हैं। उस ३ँड्ढ४ँ३ को, उस विचार को आप छोड़ दीजिये कि आप महान बनने वाले हैं। एक बड़े संत बनने वाले हैं, ऐसा कुछ नहीं है। या गुरु बनने वाले हैं, ऐसा भी कुछ नहीं है। आप एक साधारण इंसान ही बनोगे, तो महान बनने की कोशिश मत कीजिएगा कि अभी मैं आध्यात्मिक व्यक्ति हो गया हूँ तो मेरे अंदर क्रोध नहीं आएगा। यह गलत है। मुझे सबको सिर्फ माफ करते रहना है, क्षमा करते रहना है, यह भी गलत है।

मुझे सबके लिए करुणा का भाव रखना है, यह भी गलत है। मुझे दानवीर होना है, यह भी गलत है। यह झूठा चेहरा है। आप जैसे हो वैसे रहना ही आध्यात्मिकता है। इसके पहले जितने भी सच में जो अच्छे गुरु हो कर गए हैं उन्होंने कभी भी यह कोशिश नहीं की,अपने आप को महान बनाने की तो आप भी यह ना करें। तीसरी बात यहाँ पर जो आती है कि आप किसी और के जैसे नहीं बन सकते हैं। आप जैसे हो वैसे ही आपको रहना है। किसी और की कॉपी नहीं बन सकते। आप किसी के प्रति भी बनते हो, कितना भी अच्छा करने की कोशिश करोगे आप, आप उनके जैसे नहीं बन सकते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

### अनाज का भाव

गेहूं मिल क्वालिटी - 2450 से 2550 रूपए, मालवराज गेहूं - 2450 से 2525 रूपए, लोकवन - 2650 से 3100 रूपए, चना दाल - 8000 से 8300 रूपए, डॉलर चना - 12300 से 9800 रूपए, चना कांटा - 6200 से 6275 रुपए, चना देशी - 5800 से 5950 रूपए, तुवर दाल - 14200 से 14300 रूपए, मसूर दाल - 7200 से 7300 रूपए, मूंग दाल- 10550 से 10650 रूपए, मूंग मोगर- 11450 से 11550 रूपए, उड़द दाल- 14300 से 11500 रूपए, उड़द मोगर - 11900 से 12000 रूपए,मसूर दाल - 7200 से 7300 रूपए, बासमती- 11500 से 12600 रूपए, मोगरा - 4500 से 7000 रूपए

### सब्जी भाव

टमाटर- 309 से 2443, कद्दू- 500 से 1885, खीरा- 200 से 2237, करेला- 7000 से 5190, लौकी- 1000 से 1863, बैंगन- 400 से 2651, फुल गोभी- 253 से 2341, अदरक- 2000 से 12089, हरी मिर्च- 800 से 4649, पत्ता गोभी- 400 से 2664, धनिया- 800 से 2500, शिमला मिर्च- 800 से 3998

### प्याज भाव

एक्स्ट्रा सुपर प्याज- 1050 से 1600 सुपर प्याज- 800 से 1300, एवरेज प्याज- 250 से 700

### आलू भाव

एक्स्ट्रा सुपर आलू- 1800 से 2300, गुल्ला आलू- 1400 से 1750, ज्योति आलू- 1255, चिप्सोना आलू- 700,,छांटन आलू- 200

### लहसुन भाव

एक्स्ट्रा सुपर लहसुन- 17427, सुपर लहसुन- 15000, एवरेज लहसुन- 10000, मीडियम लहसुन- 7275, हलकी लहसुन- 4000

## उज्जैन मंडी भाव

लोकवन गेहूँ- 1875-3165, सुजाता- 3100-4000, चना इटालियन- 6156-6299, देशी- 5000-6091, काबली- 5001-10390, बड़ा- 5281-6200, रायडा- 4612-4770, अलसी- 4801, बटला- 3560, सोयाबीन- 2800-5026, मैथीदाना- 5100, मसूर- 5300-5461, मावा- 260 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्डर्ड- 73,200, रवा- 73,100 चांदी- टंच- 80,700, पाट- 80,600।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

न्यूज-कॉलम



## 8 माह से बिछड़े दम्पत्ति को मिलाया बच्ची को पहली बार देखा पिता ने

**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी, पुनीत गेहलोद के निर्देशन व मार्गदर्शन में ऊर्जा महिला हेल्पडेस्क की टीम व परामर्श केंद्र बड़वानी की टीम के द्वारा 8 माह से बिछड़े हुए दंपत्ति को मिलाया है। आवेदिका वंदना निवासी टिटगारिया खेडा- ठीकरी ने बताया की पति मनीष से 2 वर्ष पूर्व मेरा विवाह हुआ था ।हमारा 8 माह का एक दुधमुंहा बच्चा हैं, पति-पत्नि मे छोटी-मोटी बातों को लेकर विवाद होने, मन मुटाव होने से 8 माह से मायके मे रह रही हु ।हमारा समझौता कराया जाए। इस पर परामर्श की टीम ने दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग की दोनो पक्षो को समझाया, काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों के मध्य समस्त विवाद समाप्त हुआ तथा दोनों दंपत्ति परामर्श केंद्र से साथ में विदा किए गए। अच्छा जीवन जीने की शुभकामनाएं देकर विदाई दी। इस पूरे प्रयास के दौरान सब इंस्पेक्टर ललीता चौहान, ए.एस .आय. रेखा यादव, काउंसलर अनीता चोयल , प्रधान आरक्षक आशा डुडवे ,आरक्षक गीता कनेश , उपस्थित पूरी टीम इस सुखद पल की साक्षी बनी।

## दो बाईकों की आमने-सामने भिड़न्त में एक व्यक्ति की मौत

**नीमच।** बुधवार को दो बाइको की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में एक वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जिसे गंभीर अवस्था में नीमच जिला चिकित्सालय लाया गया।जहां चिकित्सकों ने उसकी मौत की पुष्टि की। जिसके बाद गुरुवार सुबह कैंट दी पुलिस द्वारा मृतक के शव का परीक्षण कराकर शव परिजनों को सौपा गया। वही मामले में पुलिस ने जीरो पर कायमी कर मर्ग कायम करते हुए आगे की कार्रवाई हेतु प्रकरण जय संबंधित थाना नयागांव भेजा है। जिला चिकित्सालय चौकी से मिली जानकारी के अनुसार गुड्डू लाल पिता सूरजमल बंजारा उम्र 40 वर्ष निवासी नई आबादी ग्राम नई बामनिया निंबाहेड़ा राजस्थान बीते कल बुधवार को अपनी बाइक पर सवार होकर नयागांव खोर फैक्ट्री की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई ।इस घटना में गुड्डू लाल की मौत हो गई। जिसे जिला चिकित्सालय लाया गया जहा डॉक्टर ने मृत घोषित किया। जिसका शव परीक्षण गुरुवार को करवकर परिजनों को सोपा ।अचानक हुए हादसे से परिवार में शोक छा गया। वाहन चालक इन दुर्घटनाओं से सीख ले कर बच सकते हैं।

## आईपीएल क्रिकेट सट्टा ऑनलाईन प्रकरण में 9 आरोपी गिरफ्तार

**नीमच ।** पुलिस थाना बघाना के आईपीएल क्रिकेट सट्टा ऑनलाईन प्रकरण में उक्त फरार 1 आरोपी को गिरफ्तार कर जब्त उपकरण किया। 1 एप्पल मोबाईल, प्रकरण में घटना 21 अप्रैल को 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण में 13 अन्य आरोपी नामजद किये गये थे।उक्त प्रकरण में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु गठित संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 25 अप्रैल को मुखबीर सूचना पर से जाकिर पिता पिता बाबू खां उम्र 43 वर्ष निवासी स्कीम नं. 8 मकान नं. 51 बघाना को गिरफ्तार किया जाकर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। प्रकरण अनुसंधान जारी होकर अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है।

## भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सुधिर गुप्ता ने किया जनसंपर्क




**पिपलियामंडी।** भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सुधिर गुप्ता ने गांव रिंछा में जनसंपर्क किया। इस मौके पर आपके साथ प्रकाश पोरवाल रिंछा,बाबुलाल डाका पिपल्या विशन्या, प्रकाश पोरवाल रिछा, मांगीलाल जी पोरवाल लिम्बावास, विनोद भुत पिपलिया मंडी, राजेश कुमार कारपेन्टर जलोदिया, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की पहले मुझे पायल के नाम से जाना जाता था अब मेरा नाम परिवर्तन होकर पायल पोरवाल हो गया है अतः भविष्य में अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावें

**पायल पोरवाल, पिता, अशोक पोरवाल**
**पताः 56, प्रीती नगर सुन्दर नगर**
**उज्जैन म.प्र मध्य प्रदेश - 456010**



**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2023-24/09RT-1**
**दिनांक: 25.04.2024**

वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** TRD work in connection with providing 12 mtr. foot over bridge under Amrti Bharat Scheme at various stations of Ratlam Division. **अनुमानित लागत:** रु. 5,17,91,199/-. **बयाना राशि:** रु. 4,09,000/-. **समापन अवधि:** 14 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 20.05.2024 at 15:00 hrs. **ऑफर की वैधता:** 60 days from the date of opening. **वेबसाइट: www.ireps.gov.in** **नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने।

AK/15/1/14

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly


## मतदान दलों का द्वितीय रेण्ड माईजेशन होगा 27 अप्रैल को

**बड़वानी।** लोकसभा निर्वाचन के कार्य हेतु मतदान दलों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन 27 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र खरगोन-बड़वानी हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री गोवेकर मयूर रतिलाल की उपस्थिति में एनआईसी बड़वानी में किया जायेगा।

# बेहद धीमी गति से चल रहा जिला अस्पताल का निर्माण कार्य

**बार-बार भोपाल के अधिकारी आकर शहरवासियों से इसके शुरू होने का वादा करके चले जाते हैं, लेकिन इस पर अमल आज तक नहीं हो पाया**

नगर प्रतिनिधि ▶▶ इंदौर

स्वास्थ्य मूलभूत सुविधाओं में आता है जो गरीब से लेकर अमीर तक को मिलना ही चाहिए। अमीर तो फिर भी निजी अस्पतालों में जाकर इलाज करवा सकते हैं लेकिन गरीबों के सरकारी अस्पताल ही एकमात्र सहारा होते हैं, सरकार की अनदेखी उन गरीबों पर दोतरफा मार करती है, एक तो वे पैसे के अभाव में निजी में इलाज नहीं करवा पाते और दूसरा वे अपनी जान तक गंवा देते हैं। शहर के सांसद, विधायकों का भी इस ओर ध्यान नहीं है, उन्हें अपनी प्राथमिकता में इसे लेकर इसका निर्माण पूरा करवाना चाहिए।

'वादे हैं वादों का क्या...' यह कहावत इस समय जिला अस्पताल की नई बन रही बिल्डिंग पर सटीक बैठती हुई नजर आ रही है। यहां बार-बार भोपाल के अधिकारी आकर शहरवासियों से इसके शुरू होने का वादा करके चले जाते हैं, लेकिन इसपर अमल आज तक नहीं हो पाया है। कछुए की तरह रेंगते हुए चल रहे अस्पताल का निर्माण कार्य कब पूरा होगा यह किसी को पता नहीं है।

दो माह पहले एसीएम मो. सुलेमान और आयुक्त सुदाम खाड़े यहां निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल निर्माण की गतिविधियों को देखा था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि अप्रैल तक 100 बेड का अस्पताल शुरू हो जाएगा, तल और प्रथम मंजिल बन जाएगी। लेकिन वास्तविक हालात यह है कि अभी इसका निर्माण कार्य ही पूरा नहीं हो पाया है।

ऐसे में अभी इसे शुरू होने में और कितना समय लगेगा, यह कह पाना मुश्किल है। यह पहली बार नहीं है जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी जिला अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा होने की बातें कर चुके हैं। छह वर्षों में कई बार इस तरह के वादे कर यह वाहवाही तो लूट चुके हैं, लेकिन अमल नहीं कर पाएं हैं। कभी कोरोना, तो कभी ठेकेदार की लापरवाही का हवाला देते हुए निर्माण कार्य पूरा नहीं होने की बात कहते हैं। अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



बता दें कि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा था कि अस्पताल निर्माण में ड्राइंग और डिजाइन के कारण देरी हो रही है। एक वर्ष में दो मंजिल और बन जाएगी। इस दौरान सीटी स्कैन और एमआरआइ मशीन लगाने की जगह भी इन्होंने देखी थी। सिविल सर्जन डा. गिरधारी लाल सोढ़ी ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड इसका निर्माण कर रहा है। लेकिन अभी तक इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है।

**300 बेड का बन रहा अस्पताल**

जिला अस्पताल 300 बेड का बनाया जा रहा है। जिससे शहर के साथ ही संभागभर से आने वाले मरीजों को इलाज की सुविधाएं मिल सकेगी। वर्तमान में अस्पताल के नाम पर सिर्फ यहां स्त्री एवं प्रसूति विभाग को शुरू किया गया है। अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को यहां भर्ती करने की व्यवस्था भी नहीं है। जिला अस्पताल की नई इमारत तैयार होने के बाद यहां एमआरआइ, सीटी स्कैन जैसी मशीनें भी स्थापित की जाना है जो पहले से स्वीकृत हैं। जिसका सबसे ज्यादा फायदा पश्चिम इंदौर की 15 लाख जनसंख्या को मिलेगा।

**निजी अस्पताल जाने पर मजबूर मरीज**

जिला अस्पताल के काम की गति धीमी होने का सबसे ज्यादा खामियाजा पश्चिम क्षेत्र की जनता ही हो रहा है। उन्हें छोटे मोटे उपचार के लिए भी निजी अस्पताल जाना पड़ रहा है। जिला अस्पताल पर नूरानी नगर, चंदन नगर, सिरपुर, बांक, द्वारकापुरी सहित दर्जनों कालोनियों और बस्तियों के रहवासी आश्रित हैं। आसपास के दो दर्जन से अधिक गांव के लोग भी यहां इलाज के लिए आते हैं। जिला अस्पताल की सुविधा नहीं होने से मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।

# पत्रकार यशवंत बागड़ी सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल, उदयपुर में उपचार जारी

नगर प्रतिनिधि ▶▶ नीमच

शहर के पत्रकार, नीमच सिटी क्षेत्र के निवासी,प्रेस संगठनों के सक्रिय सदस्य, यशवंत बागड़ी पिता नानालाल जी बागड़ी 46 वर्ष ,एम पी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन जिला नीमच के सक्रिय कार्यकारिणी सदस्य और उनकी पत्नी ममताबाई बागड़ी उम्र 40 बुधवार शाम मनासा के पास सड़क हादसे में गंभीर घायल हो गए हैं।प्राप्त जानकारी अनुसार पत्रकार यशवंत बागड़ी पत्नी के साथ अपनी एक्टिवा से गुरूवार को रामपुरा स्थित कुलदेवता के दर्शन को गए थे। वापसी मे नीमच लौटने के दौरान मनासा के पहले रात्रि 7.30 बजे लगभग मुंदड़ा पेट्रोल पंप के पास यशंवत बागड़ी की एक्टिवा को अज्ञात स्वीफ्ट कार चालक ने लापरवाही से जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालात में बागड़ी दंपति को मनासा शास. अस्पताल ले जाया गया । जहां से यशवंत बागड़ी पैर मे गंभीर चोट होने से दोनों को उदयपुर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में यशवंत बागड़ी का एक पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से डॉक्टर्स की सलाह पर पैर को घुटने से ऊपर से काटना पड़ा । इस मामले में मनासा थाने पर रिपोर्ट की गई थी।लेकिन गंभीर अवस्था में घायल को रात्रि में रेफर कर दिया गया था। और परिजनों ने उपचार के बाद प्रकरण दर्ज कराने की बात कही थी। अभी मनासा पुलिस सूचना के आधार पर जांच कर कर रही है।




# नीमच नपा सीएमओ वशिष्ठ का तबादला, उज्जैन अटैच किया

## सीएमओ का प्रभार डिप्टी कलेक्टर रश्मि श्रीवास्तव को

नगर प्रतिनिधि ▶▶ नीमच

लोकसभा चुनाव से पहले नीमच नगर पालिका के सीएमओ महेंद्र वशिष्ठ पर गाज गिरी है। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर नपा सीएमओ महेंद्र वशिष्ठ का तबादला कर दिया गया है। अब उन्हें संयुक्त संचालक, उज्जैन के दफ्तर में अटैच किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शासन ने महेन्द्र वशिष्ठ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नीमच के संबंध में की गई शिकायत को दृष्टिगत रखते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के परिप्रेक्ष्य में स्थानांतरण किया है। राज्य शासन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीमच को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक संयुक्त संचालक कार्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास उज्जैन संभाग उज्जैन में अटैच किया है।नीमच के सीएमओ का दायित्व डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव को नीमच 25 अप्रैल 2024 कलेक्टर श्री दिनेश जैन द्वारा नीमच नगर पालिका के सीएमओ महेंद्र वशिष्ठ को उज्जैन संलग्न किए जाने के फल स्वरुप उन्हें उज्जैन के लिए कार्य मुक्त कर दिया गया है। नीमच नगर पालिका के सीएमओ का प्रभार डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव को सोपा गया है।जिला कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गयाहै।



# शासन ने खुले बोरवेल की शिकायत या नया बोर खुदवाने हेतु मोबाइल एप जारी किया

नगर प्रतिनिधि ▶▶ बड़वानी

प्रदेश में खुले बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने की घटनाओ को रोकने के लिए राज्य एवं जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाये जा रहे हैं ।सर्वोच्च न्यायालय , नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुसार एमपी एस इडी सी विभाग के माध्यम से तैयार करवाए गए पोर्टल पर निजी शासकीय नलकूप खनन करवाने वाली संस्था विभाग व्यक्ति की जानकारी दर्ज की जावेगी। साथ ही नलकूप खनन एजेंसी को भी इस पोर्टल पर पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा। इस पोर्टल का अनुश्रवण एवं उपयोग जिला कलेक्टर एवं सम्बंधित विभागों द्वारा किया जायेगा।शिकायत दर्ज करने हेतु सामान्य नागरिको के लिए परख मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया गया है। यह नवाचार , नागरिको को खुले बोरवेल के मामलों की आसानी से शिकायत /रिपोर्ट करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे सम्बंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा सके । इस उपाय को लागू करके, सरकार खुले बोरवेल से जुडी दुर्घटनाओ को रोकने और मध्य प्रदेश के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। इस मोडयूल को , गूगल प्ले स्टोर से डाउन लोड किया जा सकता है ।

सामान्य जन शिकायत करने हेतु एप में निर्धारित जानकारी भरें तथा खुले बोरवेल का फोटो अपलोड करने के बाद शिकायतकर्ता को एसएमएस द्वारा शिकायत आई डी प्राप्त हो जाएगी। विभाग द्वारा शिकायत की जाँच उपरांत आवश्यक कार्यवाही की जावेगी । साथ ही नवीन बोरवेल करवाने के पूर्व जमीन मालिक को इस एप के माध्यम से बोरवेल खनन एजेंसी का चुनाव करना होगा।

बोर के सफल होने की सुचना विभाग को देना होगी एवं असफल होने की स्थिति में सूखे बोरवेल को सीमेंट कंक्रीट के ब्लॉक से ढंकते हुए फोटो अपलोड करना होगा। बोरिंग कार्य के दौरान स्थल की बेरिकटिंग इस प्रकार की जाये कि कोई छोटा बच्चा वहां पहुँच न सके द्य साथ ही नलकूप खनन उपरांत सुरक्षा तथा खुला नलकूप पाए जाने पर सुरक्षात्मक कार्यवाही हेतु नगरीय निकाय जिला, जनपद, ग्राम पंचायतो के जन प्रतिनिधियों, अभियंताओं एवं शासकीय अमले को निर्देशित किया जा रहा है एवं आम जनता में भी इस विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ।

ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की घटनाओ को रोकने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हेल्प लाइन शिकायत दर्ज कराने हेतु मोबाइल नंबर जारी किये गए हैं। जिले में कही भी खुला बोरवेल सूखा असफल बोरवेल जिसमे केसिंग पाइप न डाला गया हो या निकलने के बाद मिट्टी भरकर बंद न किया गया हो दिखाई देने पर इसकी शिकायत की तत्काल जाँच करवाई जाएगी, शिकायत सही पाए जाने पर जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तावित अनुश्रवण समिति द्वारा बोरवेल के मालिक पर सख्त कार्यवाही की जावेगी साथ ही बोरवेल को तत्काल सीमेंट कंक्रीट से बंद किया जाएगा।

## विशेष व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

**बड़वानी।** शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में राज्य स्तरीय नैक प्रकोष्ठ एवं प्राचार्य डॉ दिनेश वर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिदिन मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के अंतर्गत हिंदी विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान माला के अंतर्गत हो रहे,विशेष व्याख्यान में डॉ विक्रम चौहान शासकीय महाविद्यालय झिरन्या जिला खरगोन ने ऑनलाइन ऑफलाइन गूगल लिंक के माध्यम से मीडिया के सामाजिक सरोकार पर अपने विचार अभिव्यक्त किये। मीडिया यदि सकारात्मक भूमिका अदा करे तो सामाजिक सांस्कृतिक आर्थिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की जा सकती है। वर्तमान समय में मीडिया की महती भूमिका है। सोशल मीडिया सामाजिक मानदंडों को कैसे प्रभावित करता है। कई विद्वानों ने सामाजिक और राजनीतिक परिणामों पर मीडिया के प्रभाव का अध्ययन किया है। हम उन चौनलों के बारे में आश्चर्यजनक रूप से बहुत कम जानते हैं जिनके माध्यम से प्रभाव संचालित होता है,दो तंत्र इसके प्रभाव का कारण बन सकते हैं मीडिया नयी जानकारी प्रदान करता है जो व्यक्तियों को इसे व्यक्तिगत चौनल स्वीकार करने के लिए प्रेरित करता है,लेकिन साथ ही मीडिया श्रोताओं को यह भी बताता है,कि दूसरे क्या सिखाते हैं इस संबंध में सामाजिक चौनल की सुविधा मिलती है। हालांकि सोशल मीडिया ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा की अस्वीकृति को बढ़ाया ।

## रसायन विज्ञान में भी कॅरियर बना सकते है विद्यार्थी-डॉ. धनन्जय द्विवेदी



**मण्डलेश्वर।** शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर में कैरियर काउंसिलिंग प्रोग्राम के अंतर्गत रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सागर सिंह ठाकुर द्वारा रसायन विज्ञान विषय में कैरियर के अवसरों का अवलोकन विषय पर डॉ धनंजय द्विवेदी का व्याख्यान आयोजित करवाया गया जिसमे डॉ धनंजय द्विवेदी द्वारा विद्यार्थियों को रसायन विषय से क्या क्या रोजगार की संभावना है उसके बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। इसी प्रोग्राम के तहत महविद्यालय के ग्रंथपाल श्री दीपक यादव द्वारा पुस्तकालय एवम सूचना विज्ञान विषय में कैरियर की संभावनाओं के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की एवं विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। साथ ही विश्व बैंक परियोजना के तहत रसायन विभाग के लैब इक्विपमेंट पर वर्कशॉप आयोजित कर हैंड्स ऑन ट्रेनिग विद्यार्थियो को प्रदान की गई।

## जागरूकता रैली के बाद दिलाई मतदान की शपथ

**मण्डलेश्वर।** आगामी लोकसभा चुनाव 2023 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिये लोगो में जागरूकता हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर नगर परिषद मण्डलेश्वर द्वारा शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कँवरतारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ शासकीय स्कूल प्रांगण से जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें विद्यार्थी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मतदान करने की अपील वाले बैनर पोस्टर लेकर चल रहे थे साथ ही बच्चो ने मतदान करने के लिये नारे भी लगाए । जागरूकता रैली स्कूल ग्राउंड से बस स्टैंड होकर वापस स्कूल केम्पस पहुंची जहां पर सी एम ओ शिवजी आर्य ने उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई । महात्मा गांधी स्कूल के प्राचार्य जे के सोनी शासकीय कन्या उ मा वि के प्राचार्य एस एस डावर प्रधान पाठक दिलीप खेडेकर दीपक चौबे जुगल पाटीदार एन सी सी अधिकारी राकेश बारिया स्पोर्ट्स टीचर मुश्ताक पठान जनशिक्षक सरदार सिंह ठाकुर श्रीमती शबनम खान पठान ज्योत्सना शर्मा अरुणा सोलंकी सीमा भटोरे कविता भालसे प्रिया पाण्डे मेघना कानूनगो मोनिका मण्डलोई प्रिया कोठारी नगर परिषद से कैलाश मिश्रा मुकेश श्रीवास इंद्रजीत सिंह चौहान सुखदेव डावर अभिषेक वर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू चौहान अम्बिका गोयल मीनाक्षी रावल शांति कानूडे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षक नगर परिषद कर्मचारी एव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।




## 29 अप्रैल को विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम में जायेगी ईवीएम

**बड़वानी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. राहुल फटिंग के निर्देशन में 29 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीने राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में नवीन ईवीएम वेयर हाउस कलेक्टर परिसर बड़वानी से विधानसभा सेंधवा, राजपुर, पानसेमल एवं बड़वानी में बनाये गये अस्थाई स्ट्रांग रूम में भेजी जायेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा सेंधवा का स्ट्रांग रूम वीर बलिदानी खाज्या नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेंधवा में, विधानसभा राजपुर स्ट्रांग रूम संत सिंगाजी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजपुर में, विधानसभा पानसेमल का स्ट्रांग रूम अटल बिहारी शासकीय महाविद्यालय पानसेमल में तथा विधानसभा बड़वानी का स्ट्रांग रूम एकलव्य विद्यालय बनाया जावेगा।

## सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की बैठक होगी 27 को

**बड़वानी ।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र खरगोन-बड़वानी हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री गोवेकर मयूर रतिलाल 27 अप्रैल को दोपहर 3 बजे कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के सभागृह में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन कार्यो की समीक्षा करेंगे।

# पिता के हत्यारे पुत्र को न्यायालय ने दी आजीवन कारावास की सजा

नगर प्रतिनिधि ▶▶ बड़वानी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बड़वानी आनन्द कुमार तिवारी ने अपने दिए एक फैसले में पिता द्वारा पुत्र के चरित्र शंका करने पर पुत्र आरोपी कमल उर्फ कमलेश पिता दूर्गा बारेला, निवासी निहाली द्वारा पिता दूर्गा की हत्या करने के आरोप में आजीवन कारावास एवं एक हजार अर्थदंड से दंडित किया।

लोक अभियोजक श्री दीपक चौहान से प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक दूर्गा और आरोपी कमल दोनों पिता पुत्र होकर दोनों के मध्य घटना के समय रात्रि में इस बात को लेकर लड़ाई झगड़ा हुआ कि आरोपी अपनी मां से अवैध सम्बन्ध बनाता था। मृतक पिता ने आरोपी पुत्र पर अपनी मां के साथ अवैध सम्बन्ध होने का आरोप लगाया, जिससे आरोपी पुत्र बुरी तरह आहत होकर नशे की हालत में आवेश में आकर उसने अपने पिता दूर्गा को सिर पर ईंट से वार किया उसकी मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गई।

घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य को अभियुक्त ने घटना को अंजाम देने के पूर्व खेत में भेज दिया था। सुबह परिवार के सदस्य खेत से घर आये उन्होंने आरोपी को डाक्टर लाने का कहने पर आरोपी शाम तक घर लौट कर नहीं आया, जिस पर परिवार के सदस्यों को उस पर शंका हुई। इस पर पुलिस थाना पलसुद को दी गई। अनुसंधान में पुलिस ने ईंट पर पाए रक्त नमुना एवं अभियुक्त के कपड़ों एक मानव रक्त पाया, जिसकी विशेषज्ञ से जांच करने पर समान रक्त पाए जाने की पुष्टि हुई। मर्ग जांच उपरांत आरोपी कमल के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया।

प्रकरण का अनुसंधान निरीक्षक बी.आर. वर्मा द्वारा किया गया तथा प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक दीपक चौहान बडवानी के द्वारा की गई।

## सुप्रीम कोर्ट- हर वोट सत्यापन की मांग वाली अर्जियां खारिज, बैलट से मतदान से जुड़ी याचिकाएं भी निरस्त




**भोपाल ।** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों की वोटर वेरिफिरबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों से 100 फिसदी सत्यापन की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने बैलेट पेपर से मतदान कराने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दो निर्देश दिए हैं- पहला यह है कि सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) को सील कर दिया जाना चाहिए और उन्हें कम से कम 45 दिनों के लिए सहेज कर रखा जाना चाहिए। इसके अलावा दूसरा निर्देश यह है कि उम्मीदवारों के पास परिणामों के एलान के बाद इंजीनियरों की एक टीम की ओर से जांचे जाने वाले ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम को पाने का विकल्प होगा। इसके लिए उम्मीदवार को नतीजों के एलान के सात दिनों के अंदर आवेदन करना होगा। इसका खर्च भी उम्मीदवार को खुद को उठाना होगा। इससे पहले दो दिन की लगातार सुनवाई के बाद पीठ ने 18 अप्रैल को याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हालांकि, बुधवार को शीर्ष कोर्ट ने इस मामले को फिर से सूचीबद्ध किया था। तब शीर्ष कोर्ट ने अदालत से चुनाव आयोग से कुछ बातों को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था। जिसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। फैसला सुरक्षित रखते हुए शीर्ष कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि वह चुनाव को नियंत्रित नहीं कर सकता, न ही एक सांविधानिक निकाय के लिए नियंत्रक अथॉरिटी के रूप में कार्य कर सकता है। गलत काम करने वाले के खिलाफ कानून के तहत नतीजे भुगतने के प्रावधान हैं। कोर्ट सिर्फ संदेह के आधार पर परमादेश नहीं दे सकता। अदालत ने कहा कि वह मतदान मशीनों के फायदों पर संदेह करने वालों और मतपत्रों पर वापस जाने की वकालत करने वालों की विचार प्रक्रिया को नहीं बदल सकती। इसके अलावा बुधवार को फैसला सुरक्षित रखते हुए पीठ ने उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास को कोर्ट में बुलाकर पांच मुद्दों पर स्पष्टीकरण मांगा था। कोर्ट ने कहा, हमने ईवीएम के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) देखे हैं। हम तीन-चार चीजों पर स्पष्टीकरण चाहते हैं। हम तथ्यात्मक रूप से गलत नहीं होना चाहते बल्कि अपने निर्णय में दोहरा सुनिश्चित होना चाहते हैं और इसलिए यह स्पष्टीकरण मांग रहे हैं। पीठ ने जिन पांच सवालों के जवाब मांगे थे उनमें यह भी शामिल था कि क्या ईवीएम में लगे माइक्रोकंट्रोलर रिप्रोग्रामेबल हैं। इस पर व्यास ने कोर्ट को बताया था कि ईवीएम की तीनों यूनिट, मतदान, कंट्रोल व वीवीपीएटी में माइक्रोकंट्रोलर लगे हैं। फिजिकली उन तक नहीं पहुंचा जा सकता। इन्हें एक बार ही प्रोग्राम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ईवीएम मशीनों को आमतौर पर 45 दिनों के लिए सुरक्षित रखा जाता है।

## ईराम के लिए काम करने के आरोप में अमेरिका ने कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया

**ईरान ।** ईरान के लिए काम करने के आरोप में अमेरिका ने दजज्नों कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है. इनमें से कुछ कंपनियां भारत की भी हैं. इन पर आरोप है कि ये सभी ईरानी सेना के लिए काम कर रही थीं. ये कंपनियां अमेरिका में अवैध व्यापार और ट्रांसफर करने में ईरान की मदद करती थी, जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा है, उनमें से कुछ भारत की भी हैं. अमेरिका ने यह कार्रवाई 25 अप्रैल को की है. अमेरिकी ट्रेजरी विभाग का कहना है कि इन कंपनियों ने यूक्रेन में ईरानी मानवरहित हवाई वाहनों की गुप्त बिक्री को आसान बनाने और फाइनैंस करने में अहम भूमिका निभाई है। आरोप है कि ये काम ईरान के रक्षा और सशस्त्र बल रसद मंत्रालय के लिए किया गया था, जो खुद इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और यूक्रेन में रूस के युद्ध का समर्थन करता है। इन सभी कामों के पीछे सहारा थंडर कंपनी का नाम सामने आया है। ये कंपनी ईरानी रक्षा और सशस्त्र बल रसद मंत्रालय के अंडर काम करती है और उसकी व्यावसायिक गतिविधियों की देखरेख भी करती है. अमेरिकी ट्रेजरी विभाग का कहना है कि सहारा थंडर चीन, रूस समेत कई देशों में ईरानी वस्तुओं की बिक्री और शिपमेंट में भी शामिल है. सहारा थंडर का समथज्न करने के लिए 3 भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं. इनमें जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं.

## तारक मेहता का उल्टा चश्मा के सोढी गुरचरन सिंह लापता



**दिल्ली ।** टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रौशन सिंह सोढ़ी का रोल प्ले करने वाले एक्टर गुरचरन सिंह के 'लापता' होने की खबर है उन्हें आखिरी बार 22 अप्रैल को देखा गया था. वो दिल्ली एयरपोट पर थे और मुंबई के लिए जा रहे थे.गुरचरन सिंह के पिता हरजीत सिंह ने बेटे की 'गुमशुदगी' को लेकर इंडिया टुडे से जानकारी साझा की. हरजीत ने बताया कि गुरचरन सिंह 22 अप्रैल से लापता हैं. उन्होंने कहा,गुरचरन की मां के अस्वस्थ होने और अस्पताल में भर्ती होने की भी बात सामने आई है. हालांकि उनके पिता ने इंडिया टुडे को बताया कि उनकी पत्नी ठीक हैं और घर पर हैं. हरजीत ने बताया कि परिवार चिंतित है, और उन्हें कानून और ईश्वर पर भरोसा है.

## दूसरे चरण की वोटिंग खत्म, बंगाल में बंपर वोटिंग, हिार फिर फिसड्डी

**भोपाल ।** लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर मतदान खत्म हो गया है. आम चुनाव के लिए दूसरे दौर के मतदान में केरल की सभी 20 सीटों, कर्नाटक की 28 सीटों में से 14 सीटों, राजस्थान की 13 सीटों, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीटों, मध्य प्रदेश की छह सीटों और पांच-पांच सीटों पर मतदान हुआ आज छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभा क्षेत्रों में 72.51 फीसदी से अधिक मतदान दर्ज किया गया. छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए तीन चरण में मतदान हो रहा है. पश्चिम बंगाल में 71.84 फीसदी मतदान दर्ज किया गया. यूपी में 53.17 फीसदी, राजस्थान में 60.45 फीसदी, मणिपुर 77.50 और त्रिपुरा में 77.97 फीसदी, महाराष्ट्र में 53.71 फीसदी, बिहार में 54.17 फीसदी, असम में 70.68 फीसदी, मध्य प्रदेश में 55.45 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई. नोएडा की 100 हाईराइज सोसाइटीज में पोलिंग बूथ लगाने के बावजूद भी 3 लोकसभा चुनावों में सबसे कम रहा मतदान प्रतिशत रहा. गौतमबुद्ध नगर लोकसभा की नोएडा विधानसभा में सबसे कम मतदान-46.48 फीसदी वोटिंग हुई. नोएडा विधानसभा में 2014 में 53.46 प्रतिशत मतदान हुआ था और 2019 में 52.35 प्रतिशत मतदान हुआ था।

# महाविद्यालय से चौबे विद्यालय तक निकाली साडी वॉकथान, महिलाओं ने लगाए मतदाता जागरूकता के नारे

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित करते हुए शुक्रवार की सुबह लगभग 8 बजे नगर के प्रमुख मार्गो से एसडीएम शुजालपुर अर्चना कुमारी के निर्देशन में सैकड़ों महिलाओं ने साडी पहनकर साड़ी वॉकथान का आयोजन किया। इस आयोजन का शुभारंभ सिटी मंडी रोड स्थित शासकीय महाविद्यालय परिसर से हुआ, जो कि गांधी स्मारक, ब्रजनगर चौराहा, पुलिस चौकी चौराहा, टेम्पों चौराहा होते हुए लगभग दो किलोमीटर पैदल मार्च करते हुए जागरूकता रैली श्रीरामचन्द्र चौबे विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। मतदाता जागरूकता रैली में बडी संख्या में विभिन्न शासकीय विभागों के कर्मचारी सहित सामाजिक संस्थाओं से जुडी महिलाएं व मॉर्निंग वॉक करने वाली युवतियां सहित अन्य नागरिक शामिल हुए। रैली के दौरान महिलाएं अपने हाथों में मतदान के लिए प्रेरित करने वाले नारे लिखी हुई तख्तिया लेकर चल रही थी तो मतदान के लिए नारे भी लगाए गए। मतदान करने की शपथ एसडीएम अर्चना कुमारी आईएएस द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ रूशाली पोरस, नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, मधु मंडलोई, ग्रीष्मा शाह, महाविद्यालय की प्राध्यापिकाएं, शिक्षिकाएं व स्कूली बच्चें मौजूद रहे।



## नेशनल लोक अदालत के आयोजन को लेकर बैठक सम्पन्न

**बड़नगर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उज्जैन के निर्देशन में तहसील स्थापना बड़नगर न्यायालय परिसर में 11मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसके संबंध में तहसील विधिक सेवा समिति बड़नगर अध्यक्ष/जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राम बिलास गुप्ता, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड ऋचा गोयल बंसल, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड गौरव चौरसिया, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सोनल गुप्ता, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सोनम डेहरिया बड़नगर द्वारा अधिवक्तागण, पुलिस, बैंक, विद्युत विभाग के अधिकारीगण के बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण की चर्चा की गई। नेशनल लोक अदालत 11 मई 2024 को न्यायालयों मे प्रीलिटिगेशन / लंबित राजीनामा योग्य धाराओं के प्रकरण, बाउंस के प्रकरणों में राजीनामा किया जावेगा।



## केंद्रीय मंत्री सिंधिया के पुत्र महाआर्यमन ने केदारनाथ धाम पहुंचकर भोलेनाथ का आशीर्वाद

**गुना।** केंद्रीय मंत्री गुना लोकसभा से भाजपा प्रत्यासी ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में उनकी पत्नी और पुत्र गांव गांव पहुंच नुक्कड़ सभाएं ले रहे हैं। महाआर्यमन ने शुक्रवार को अपने प्रचार की शुरूवात बमोरी विधानसभा के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल केदार नाथ धाम के दर्शन कर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर आशीर्वाद के साथ की। वह केदारनाथ धाम के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर आत्म मुग्ध हो गए और उन्होंने जल्द ही केदारनाथ को स्वच्छ और सुंदर धाम बनाने का आश्वासन दिया। साथ ही केदारनाथ धाम के महंत से आशीर्वाद लेकर स्थानीय लोगों से मंदिर के महत्व को समझा। बता दे की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया लगातार अपने पिता के लिए चुनावी प्रचार कर रहे है । रोज़ाना 10 से अधिक गाँव में जाकर नुक्कड़ सभा को सम्बोधित कर रहे है। उन्होंने अपने बमोरी विधानसभा के जन संपर्क के दौरान केदारनाथ दर्शन के साथ साथ आदिवासी क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए निहाल देवी मैया के नारे लगवाएं। साथ ही उन्होंने खेरिखता में कस्तूरी बाई बारेला के निवास पहुंच अपने हाथों से चूल्हे पर मक्का की रोटी और डाल पानया बनाएं और और भोजन किया। इसी के साथ ही उन्होंने हाट बाजार पहुंच रुमाल और फिटकरी खरीदकर आदिवासी समाज की बहनों के बीच परिवार भाव से चर्चा की।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में 161 जोड़े परिणाय सूत्र में बंधे



**शुजालपुर।** पचोर रोड स्थित बैस राजपूत समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन स्थल पर शुक्रवार को बैस राजपूत समाज द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में समाजजनों ने भागीदारी निभाई और 161 जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। आयोजन समिति ने नव दम्पत्तियों को उपहार स्वरूप गृह उपयोगी सामग्री भेट की। सम्मेलन में जोड़ों की संख्या अच्छी होने के कारण विवाह स्थल पर सुबह से शाम तक काफी भीड़ रही। आयोजन स्थल पर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने नव दम्पत्तियों को आर्शीवाद दिया। इसी प्रकार आष्टा रोड स्थित सरदार पटेल छात्रावास परिसर में भी सामुहिक विवाह सम्मेलन हुआ, यहां पर पाटीदार समाज के 6 जोड़े विवाह बंधन में बंधे, जिन्हे समाजजनों ने आर्शीवाद देते हुए सुखद भविष्य की कामना की।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्रीमती बसन्ताबाई पति श्री भैरूलाल जी निवासी उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 238/1 रकबा 0.6000 हैक्टर स्थित ग्राम डाबला रेहवारी, प.ह.नं. 98 तहसील व जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का लिखित सौदा कर लिया है, तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजारने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हिल में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 26-04-2024 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मो. 99260-68606**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा डी.सी.बी. बैंक, उज्जैन के समक्ष अनिल नायक पिता श्री लिमसिंह नायक निवासी 26, सनराईज सिटी, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन कमांक 6 का उत्तर दिशा वाला भाग, नया म्युनिसिपल क्रमांक 6, जिसका कुल क्षेत्रफल 84.75 वर्गमीटर, स्थित त्रिवेणी हिल्स गोयलाखुर्द, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में: भवन क्रमांक 03, पश्चिम में सड़क कॉलोनी की, उत्तर में:- भवन क्रमांक 05 एवं दक्षिण में: भवन क्रमांक 06 का शेष भाग है, को क्रय करने हेतु ऋण सुविधा की मांग की है तथा उनके द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया गया है, यदि उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, को कोई आपत्ति हो अथवा शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को डी.सी.बी.बैंक, उज्जैन द्वारा बंधक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । दिनांक-26.04.2024

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग,फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9827228461**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा ने श्रीमती कमलाबाई पत्नी स्व. श्री गोपाल जी वर्मा, निवासी 40, सांईनाथ कॉलोनी, सांवेर रोड़, उज्जैन से इनके स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य के भवन क्रमांक 40 का पूर्वी भाग वर्तमान नगर पालिक निगम गृह क्रमांक 40 स्थित सांईनाथ कॉलोनी, सांवेर रोड़, उज्जैन, जो एक मंजिला गार्डर फर्शी का निर्मित है, जिसकी लम्बाई उत्तर दक्षिण 15.24 मीटर तथा चौडाई- पूर्व पश्चिम 3.05 मीटर है, जिसके पूर्व में भवन क्रमांक 39, पश्चिम में भवन क्रमांक 40 का भाग, उत्तर में सड़क, दक्षिण में भवन क्रमांक 49 है, को क्रय करने का अनुबंध कर आंशिक प्रतिफल राशि अदा कर दी है, शेष प्रतिफल राशि अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन कराना शेष है। उक्त वर्णित भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था या बैंक का कोई ऋण, भार बकाया हो, अथवा अन्यत्र कहीं रहन, बय या दान किया हुआ हो, अथवा किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित या अधिकार हो और विक्रय में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लेखी प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा अवधि व्यतीत होने बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करा ली जावेगी और बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, और न ही मेरे पक्षकार के स्वत्व, हित व आधिपत्य को प्रभावित करेगी। सूचित हो दिनांक 27/04/2024

**प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट**
**4. महावीर नगर, सांवेर रोड, उज्जैन**
**मोबाईल नं. 9406886383**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संजय पिता भंवरसिह ने शिवनारायण पिता पदमसिंह जाति आंजना निवासी ग्राम बोरखेड़ा भल्ला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 387 रकबा 1.6100 हेक्टर, स्थित ग्राम धनड़ा भल्ला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है विक्रय मूल्य की शेष राशि अदाकर अनुबंध पत्र पश्चात विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमिं में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्टीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/ व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय मूल्य की शेष राशि अदा कर उक्त समयावधि में विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक 26-04-2024 उज्जैन

**अजय आंजना हाई कोर्ट ( एडवोकेट )**
**कार्यालय-चेंबर नंबर ए-2 न्यायालय परिसर उज्जैन**
**मो. नं. 9770449921**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है विक्रेता सरदार पिता गोरेलाल जाति बंजारा निवासी ग्राम यशवंतगढ़ तहसील तराना जिला उज्जैन के निजी स्वामित्व - आधिपत्य एवं मालिकाना हक्क हिस्से की कृषि भूमि ग्राम यशवंतगढ़ तहसील तराना नवीन पटवारी हल्का नम्बर 125 जिला उज्जैन में भूमि सर्वे नम्बर 25/2 रकबा 1.93 हैक्टेयर, कुल किता कुल 01 रकबा 1.93 हैक्टेयर स्थित है, इस भूमि को अंतरण करने का पूर्ण अधिकार सीमा होने से इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेट बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। एवं जाहिर सुचना समय अवधि उपरांत निकट भविष्य में बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर करवायेंगें, तथा भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवायेंगें, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से,, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगडा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित में संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा, झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगा। यह सूचित हो ।

दिनाँक 26/04/2024

**ए. एल. घटौदा अभिभाषक तराना**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक**
**मो.नं. 9893091476 -8827905460**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, ग्राम खेड़ाखजुरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 767, सर्वे नं. 768 कुल किता 2 मेरे पक्षकार पन्नालाल पिता स्व. बालारामजी पांचाल के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की है उक्त कृषि भूमि को मांगीलाल पिता बालाराम पांचाल, निवासी-महावीर नगर भेरूगढ़ के द्वारा अवैध रूप से विक्रय एवं अंतरण करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि मांगीलाल पिता बालाराम को उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। वर्तमान में उक्त उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में एक व्यवहार वाद क्रं.19/2024 माननीय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय, कनिष्ठ खंड, महिदपुर के समक्ष विचाराधीन है। ऐसी स्थिति में मेरे द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त कृषि भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, पेढ़ी आदि किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय या अन्य कोई संव्यवहार मांगीलाल पिता बालाराम से ना करें एवं वर्तमान जाहिर सूचना के पश्चात भी उक्त कृषि भूमि को क्रय-विक्रय किया जाता है या अन्य किसी प्रकार का कोई संव्यवहार लीज, पट्टा, अधबटई आदि के संबंध में किया जाता है तो उसकी जवाबादारी संव्यवहार करने वाली की होगी एवं ऐसा संव्यवहार वर्तमान जाहिर सूचना के प्रभाव में शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचित हो। इति दिनांक 26/04/2024

**रविकान्त सोनी, एडवोकेट**
**कार्यालय-36, डाबरी पीठा, उज्जैन**
**मो.9893151264**

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?

जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।

पं. रुपेश नाहर
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य (M.A.astrologer) भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान

नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने मोबाइल- 98277-33384, फोन- 2533469 नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
(Web.www.jyotishdham.in)

कई जगह ईलाज कराने, टी.वी., इंटरनेट, पर विज्ञापन देखकर दवाई मंगाने पर भी ठीक न हुए तो मिले व 100 % पूर्ण ठीक हों
आपकी शादी का खर्च और उमंगें कहीं बर्बाद न हो जाए
उज्जैन में पिछले 18 वर्षों से सफलतापूर्वक कार्यरत
क्या आप शादी करने जा रहे हैं ? तो रुके सोचे कहीं आपके शरीर में कोई अंदरुनी कमजोरी तो नहीं है।
आज की आधुनिक जीवनशैली में गुप्त रोग एक ऐसी बीमारी है जिसमें व्यक्ति किसी से न कह पाता है और न सह पाता है बस अंदर ही अंदर घुटता रहता है व समय पास करता है, लापरवाही करने से स्वयं के व जीवनसाथी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता है और बीमारी को अंदर ही अंदर बढ़ाता रहता है इसलिए बिना शर्माए व घबराए निःसंकोच मिले व पूर्ण 100 % ठीक हो..
अतिशीघ्रपतन, स्वप्नदोष लिंग में तनाव व कड़कपन कम होना, धात जाना, शारीरिक कमजोरी, लिंग का छोटापन पतलापन, पैशाब में जलन, शरीर का अत्यधिक दुबला-पतला होना, पाईल्स (बवासीर), मानसिक कमजोरी, सेक्स कमजोरी, शुक्राणु (SPERM) का कम होना, वीर्य का कम बनना आदि गुप्त रोगों के रोगी शादी के पहले या बाद मिले व निराशा को आशा में बदलें।
उम्र का कोई बंधन नहीं
इन्द्रीवर्धक यन्त्र उपलब्ध है।
फायदा 100% अवधि 8 दिन
फायदे हेतु संपर्क करें
सम्पर्क समय :- प्रतिदिन सु. 11 से 2 व शाम 5 से 8
Dr. N.K. ACHARYA
N.D.B.A.M.S. Reg. Consulting Physician
मरीजों के विश्वास हेतु :- ठीक हुए मरीजों के सर्टिफिकेट (प्रमाण) उपलब्ध है।
अनुभवी, क्वालिफाईड चिकित्सक द्वारा परामर्श-परीक्षण व ईलाज
स्थायी पता - + स्वास्थ्य सॉल्युशन +
आयुर्वेदिक परामर्श परिक्षण केंद्र
A-235, तिरुपति ड्रीम्स कॉलोनी, होटल शांति पैलेस के पीछे, चिंतामन (उन्हेल नागदा बायपास), नानाखेड़ा, उज्जैन
आने के पहले फोन पर समय व दिन निश्चित कर लें 9340104447

## न्यूज-कॉलम

### मतदाता जागरूकता के लिए कुष्ठ अंत:वासियों ने छोड़ें आशा के गुब्बारे

**बड़वानी।** मतदान हमारा नैतिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी इन्हीं बातों को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार सायंकाल बड़वानी नगर के मध्य स्थित कुष्ठ अंतःवासी बस्ती के कुष्ठ दिव्यांगजनों ने परिसर स्थित उंची पहाड़ी से मतदाता जागरूकता हेतु आशा के गुब्बारे छोड़कर लोकतंत्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पहल की। कुष्ठ अंतःवासियों के लिए बनाया गया है सुगम मतदान केन्द्र जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. राहुल फटिंग ने बताया कि कुष्ठ अंतःवासियों के लिए बड़वानी शहर के वार्ड नंबर तीन में मतदान को सुगम बनाने हेतु आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 163 तैयार किया गया है। मतदान केन्द्र कुल 354 मतदाता दर्ज है। मतदान केन्द्र पर दिव्यांगजनों के बाधा रहित मतदान हेतु व्हीलचेयर, बैसाखी एवं अन्य सहयोगी संसाधन उपलब्ध रहते है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फटिंग ने भी कुष्ठ अंतःवासियों के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए आशा के गुब्बारे छोड़े।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 से 31 मई तक होगा

**मन्दसौर।** जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा द्वारा बताया गया कि खेल और युवा कल्याण विभाग मंदसौर द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 से 31 मई तक आयोजित किये जाएगें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सिंह ने पुलिस लाईन स्थित सभागृह में खेल प्रशिक्षण के संबंध में बैठक आयोजित कि गई। बैठक के दौरान जिला शिक्षा क्रीडाधिकारी बंशीलाल बारिवाल, खेल संगठनों के पदाधिकारी, खेल प्रशिक्षक एवं वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित थे। ग्रीष्माकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला खेल अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

### आईपीएल सट्टा पकड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** पुलिस ने स्थानीय कालाखेत ग्राउंड पर मोबाइल फोन के जरिये आईपीएल मैच पर सट्टा लगाकर अवैध लाभ कमाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक फरार है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 18 हजार 50 रुपये का सट्टा उपकरण मय नकदी जप्त की है। मंदसौर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार यह कार्यवाही की। इस प्रकरण में आरोपी सतनाम पिता जसपालसिंह निवासी नईआबादी मंदसौर, राजकुमार उर्फ राजा पिता मांगीलाल निवासी जनकूपुरा मंदसौर को गिरफ्तार किया जबकि आजम खान निवासी नीमच की गिरफ्तारी शेष है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध सट्टा अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया।

### ढाई किलो अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** पुलिस ने जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के ग्राम घसोई स्थित यात्री प्रतिक्षालय के सामने आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 2 किलो 500 ग्राम अफीम जप्त की। गुरुवार को सुवासरा थाना पुलिस ने यह कार्यवाही की। इस प्रकरण में आरोपी शंभूलाल पिता अमराजी उम्र 45 वर्ष निवासी उमरिया थाना डग जिला झालावाड़ (राज.) को गिरफ्तार किया। आरोपी शंभूलाल ने पूछताछ में बताया कि उक्त अफीम नारायणसिह पिता नाथूसिंह निवासी उमरिया ने उसे दी थी। पुलिस ने इस प्रकरण में नारायणसिंह को भी आरोपी बनाया है।

### संसदीय क्षेत्र खरगोन-बड़वानी के लिए तीन प्रेक्षकों की नियुक्ति

**बड़वानी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए संसदीय क्षेत्र क्रमांक-27 खरगोन-बड़वानी में प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी गोवेकर मयूर रतिलाल मोबाइल नंबर को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2006 बैच के अधिकारी श्री निलाद्री चक्रवर्ती मोबाईल नंबर को खरगोन एवं खण्डवा लोकसभा क्षेत्र के लिए पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। भारतीय राजस्व सेवा के वर्ष 2014 बैच के अधिकारी यतिश मनी मोबाईल नंबर को व्यय प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

# अवैध वसूली करने वाले किन्नरों के खिलाफ केस दर्ज

## टोल नाके पर मारपीट करने का आया सीसीटीवी, व्यापारी व टीआई ने दर्ज कराया केस

'नगर प्रतिनिधि' ▸▸ रतलाम



बिलपांक थाना अंतर्गत चिकलिया टोल नाके पर किन्नरों की अवैध वसूली को लेकर रतलाम पुलिस की कार्रवाई लगातार जा रही है। 6 दिन के अंदर अवैध वसूली करने वाले किन्नरों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने फिर से अवैध वसूली का दूसरा व पुलिस अधिकारियों के साथ मारपीट व शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज किया है। अब तक किन्नरों पर तीन अलग-अलग केस दर्ज हो चुके है। टोल नाके पर किन्नरों को रुपए नहीं देने पर राहगीरों से मारपीट का सीसीटीवी फूटेज भी सामने आया है।

20 अप्रैल 24 को अवैध वसूली का किन्नरों पर बिलपांक थाने में केस दर्ज हुआ। नाराज किन्नरों ने बिलपांक थाने में हंगामा किया। अगले दिन फरियादी के खिलाफ अवैध रुपए की मांग की शिकायत एसपी राहुल कुमार लोढ़ा को की। मंगलवार को भी किन्नरों के खिलाफ धारा 144 लागू होने व कलेक्टर के आदेश का पालन नहीं करनते लोक सभा चुनाव की आचार संहिता का उल्लंघन करने पर धारा 188 में केस दर्ज हुआ।

इससे नाराज किन्नर बुधवार सुबह बड़ी संख्या में पहले बिलपांक थाने और फिर टोल नाके पहुंचे। फिर से हंगामा किया। ग्रामीण एसडीओपी अभिलाष भलावी व बिलपांक थाना प्रभारी प्रीति कटारे ने समझाइश दी। फिर भी किन्नर नहीं माने। तब एएसपी राकेश खाखा अमले के साथ पहुंचे।

किन्नरों ने स्टेशन रोड थाने पर आकर फिर हंगामा किया। अधिकारियो ने यहां पर भी समझाया। लेकिन किन्नरों ने ग्रामीण एसडीओपी अभिलाष भलावी व बिलपांक थाना प्रभारी प्रीति कटारे के साथ धक्का मुक्की कर मारपीट की। थाना प्रभारी कटारे ने स्टेशन रोड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि किन्नर गुरु काजल, दिशा, अप्सरा, जोया, रागिनी, डिंपल, सोनू, खुशी, देविका, गौरी और मनीषा सभी निवासी नलकुई ने धारा 144 का उल्लंघन किया। समझाने पर मारने की धमकी दी। बच्चों के लिए गलत बोला। मुक्कों से पीटा। बीच बचाव करने आए एसडीओपी भलावी के साथ भी मारपीट की।

**आए दिन करते है विवाद**

किन्नरों द्वारा काफी समय से चिकलिया टोल नाके पर वाहन चालकों और परिवार से अभद्रता कर अवैध रुप से रुपए मांगते थे। नहीं देने पर मारपीट पर उतारु हो जाते है। पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही है। इसी के बाद पुलिस ने अवैध वसूली व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेज दिया था।



## आंखे अनमोल होती है, उनकी सुरक्षा जरूरी -श्री पवन पोरवाल

**रोटरी के नेत्र शिविर में 80 का परीक्षण व 10 ऑपरेशन हेतु चयनित**

**मंदसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर एवं विक्रांत आई हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर विक्रांत आई हॉस्पिटल पर आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ. विक्रांत भावसार ने 80 नेत्र रोगियों का परीक्षण कर 10 रोगियों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया जिनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष पवन पोरवाल ने कहा कि आंखें अनमोल होती हैं। नेत्र शरीर का एक ऐसा अंग है जिससे हम इस सृष्टि को देख पाते है इसलिए इन नेत्रों की सुरक्षा करने पर ही हम अपनी रक्षा कर सकेंगें। प्रोजेक्ट चेयरमेन संजय गोठी ने बताया कि इस शिविर में नेत्र परीक्षण के साथ ही मोतियाबिंद रोगियों के लिये मोतियाबिंद ऑपरेशन आदि व्यवस्था निःशुल्क की गई है। क्लब ट्रेनर प्रवीण उकावत ने कहा कि नेत्र रोगों के प्रति सजगता आवश्यक है। संचालन भूपेन्द्र सोनी ने किया एवं अंत में आभार सचिव अनिल चौधरी ने माना।

# परिवार खोज अस्थियां सौंपी : काकानी

## अस्थियां देख अश्रु धारा बहीं

'नगर प्रतिनिधि' ▸▸ रतलाम



समाजसेवी गोविंद काकानी ने जानकारी देते हुए बताया कि मीडिया, सोशल मीडिया से लगातार प्रयत्न करने पर सफलता हाथ लगी जब अमरावती महाराष्ट्र से काका जगदीश उपाध्याय ने फोन कर बताया मैं सत्यनारायण उपाध्याय को पहचानता हूं। इनका भाई रतलाम सिखवाल नगर क्षेत्र में रहता है। उनसे भाई शरद उपाध्याय के नंबर प्राप्त हुए। भाई शरद को मोबाइल लगा कर बताया कि सत्यनारायण उपाध्याय उम्र 55 वर्ष को समाज सेवी स्वदेश शर्मा द्वारा दो बत्ती सड़क पर बीमारी की हालत में 108 द्वारा समाजसेवी जिला रोगी कल्याण समिति सदस्य गोविंद काकानी की मदद से जिला चिकित्सालय आइसोलेशन वार्ड में 20 अप्रैल को भर्ती करवाया था। संपूर्ण इलाज के बाद उसे बचाया नहीं जा सका। 21 अप्रैल प्रातः उसने दम तोड़ दिया।

उससे प्राप्त जानकारी अनुसार हम लोग एवं पुलिस प्रशासन पहचान निकलने में लगे रहे जबकि उसने बताया पता अमरावती महाराष्ट्र का होने से पहचान नहीं हो सकी। 23 अप्रैल को उसका अंतिम संस्कार कर दिया। भाई शरद उपाध्याय ने बताया कि परिवार में मेरे दोनों भाई मनोरोगी, पांच बहने जिनकी शादी हो चुकी है। उसमें से दो का स्वर्गवास हो चुका है। एक बहन का ससुराल जवाहर नगर में ही है। घर पर माताजी को दिखाई नहीं देता है। सत्यनारायण का इलाज बहुत लंबे समय से चल रहा था। थोड़े दिन पहले इसे रतलाम मेडिकल कॉलेज से इंदौर इलाज के लिए भेजा गया था। जहां से उसे शरीर के सभी अंग खराब होने के कारण घर पर ही सेवा करने का बोलकर वापस रतलाम भेज दिया था। 16 अप्रैल से यह घर से बिना बोले निकल गया था।

## वैशाख शिवरात्री श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 1 मई से

**रतलाम।** पवित्र वैशाख माह में प्रभु की कृपा एवं परम पुज्य गुरूदेव प्रदीप मिश्रा (सिहोर वाले) के आशीर्वाद से गुरूजी के कृपा पात्र शिष्य पू.पं. संजय गौतम (कथा वाचक) के मुखारविन्द से वैशाख शिवरात्री श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 1 मई से 7 मई तक ग्राम जड़वासा खुर्द जिला रतलाम में होगा।आयोजक शिव शक्ति परिवार जड़वासाखुर्द एवं शारदा शांतिलाल परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम जड़वासाखुर्द में आयोजित सात दिवसीय वैशाख शिवरात्री शिव महापुराण कथा 1 मई से प्रारम्भ होगी। 1 मई बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकलेगी उसके पश्चात कथा प्रारम्भ दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक प्रतिदिन (इसरजी-गौराजी) आयोजित होगी। 2 मई गुरूवार को शिव पावर्ती विवाह, 3 मई को शुक्रवार को कार्तिकेय जी का जन्म, 4 मई शनिवार को गणेशजी का जन्म, 5 मई रविवार भागीरथी गंगा का पृथ्वी उदगम, 6 मई सोमवार को गणेश विवाह एवं 7 मई मंगलवार को बारह ज्योर्तिलिंग कथा एवं कथा विराम होगी। वहीं शिवरात्री ६ मई को 108 जोड़ों द्वारा महारूद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। आयोजक शिव शक्ति परिवार जड़वासाखुर्द एवं निवेदक शारदा शांतिलाल परमार सहित समस्त परमार परिवार ने जनता से आग्रह किया है कि ग्राम जड़वासा खुर्द जिला रतलाम में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनावें।

## कॉलेज ग्राउंड में मंदसौर वोट करेगा पर मानव श्रृंखला बनाई



**मन्दसौर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। गतिविधियों के अंतर्गत जिले में मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य लगातार चल रहा है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत आज पीजी कॉलेज ग्राउंड में मंदसौर वोट करेगा पर मानव श्रृंखला बनाई गई। इस मानव श्रृंखला में सभी विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूल के बच्चों, आम जनता, जागरूक मतदाताओं ने भाग लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री यादव द्वारा सभी मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। मानव श्रृंखला निर्मित करने के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री सिद्दीकी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम सहित स्वीप की गतिविधियों से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार, आज जन मौजूद थे।

# मतदान के दिन अपने हाथ में अमिट स्याही का निशान दिखाने वाले मतदाता को खाने-पीने की चीजों में छूट प्रदान करें- कलेक्टर




## खाने पीने की दुकानों के मालिकों के साथ बैठक संपन्न

'नगर प्रतिनिधि' ▸▸ मन्दसौर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव ने सुशासन भवन में खाने पीने की दुकानों के मालिकों के साथ एक विशेष बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने दुकानदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान दिवस की दिन ऐसे मतदाता जो मत का प्रयोग करते हैं तथा अपने हाथों पर अमिट स्याही का निशान दिखाते हैं, उन्हें खाने पीने की वस्तुओं में विशेष छूट प्रदान की जाए। इसके साथ ही मतदाताओं को दुकानों पर 10 से 15 प्रतिशत जो सुविधा अनुसार लगे छूट भी प्रदान कर सकते हैं।

मतदान केंद्र के आसपास की दुकानों में भी छूट प्रदान की जा सकती हैं। दुकानदारों के द्वारा दी जाने वाली छूट के संबंध में स्वीप की गतिविधियों से समन्वय करें। इसके साथ ही समाज स्तर पर भी मतदाता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें।

सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान दिवस के दिन दुकानों पर दी जाने वाली छूट के संबंध आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाए। इसके साथ ही कोई भी छूट किसी राजनीतिक दल विशेष से जुड़ी हुई नहीं होनी चाहिए, इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें।

## मतदाता जागरुकता रैली में वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने की सहभागिता

**जिला निर्वाचन विभाग,और कृति संस्था की रैली सम्पन्न**

**नीमच।** शुक्रवार शाम को शहर के नीमच सिटी क्षेत्र प्रताप चौराहा से एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका नीमच और कृति संस्था द्वारा के सहयोग से किया गया। जिसमें शहर की कृति संस्था, संकल्प पर्यावरण, सहित विभिन्न संस्थाओ के साथ एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन जिला नीमच इकाई द्वारा भी सहभागिता कर वाहन रैली में भाग लिया। जिसमें संकल्प पर्यावरण संस्था के डॉक्टर एच एन गुप्ता, किशोर बागड़ी, डॉ राकेश वर्मा,रंजन स्वामी नारे लगा रहे थे। जिसमे 1 सबसे पहले वोट दो, सारे काम छोड़ दो की नारे लिखी तख्तियों के साथ सभी वाहन रैली मे नारे लगाते चल रहे थे। सिटी क्षेत्र में विभिन्न मार्गों, प्रताप चौराहे से मुख्य बाजार होकर पीपली चौक, मीना मोहल्ला, कोर्ट मोहल्ला, प्रताप चौक पहुची। जिलाध्यक्ष डॉ जीवन कौशिक ,कोषाध्यक्ष पुरूषोत्तम शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य रघुवीर बैरागी,इकबाल हुसेन आदि ने उपस्थिति दी।

## लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु बोट रैली आयोजित

**नीमच।** जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के रामपुरा में शत प्रतिशत वोट के लिए बोट रैली शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर दिनेश जैन पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल जिला पंचायत सीईओ गुरु प्रसाद एसडीएम पवन बारिया ने बोट पर सवार होकर होकर गांधी सागर जलाशय के डूब क्षेत्र से लगे हुए दूसरे किनारे के गांवो में नावो से पहुंचकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस वोट रैली में 30 से अधिक बोट में अधिकारी कर्मचारियों ने सवार होकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व नगर पालिका कार्यालय रामपुर से मतदाता जागरूकता वाहन रैली को कलेक्टर एवं एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर ने उपस्थित जनों को मतदान करने की शपथ दिलाई या वाहन रैली रामपुरा के विभिन्न मार्गो से होते हुए गांधी सागर जलाशय के फिश कलेक्शन पॉइंट पॉइंट पर पहुंची।

## श्री उत्तरमुखी बालाजी मंदिर पर आज सुंदरकांड व कल महाप्रसादी

**मन्दसौर।** श्री उत्तरमुखी बालाजी रामेश्वरम्‍ महादेव मंदिर



रामघाट प्रतापगढ़ रोड मंदसौर पर दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन सम्पन्न होंगे। जिसके तहत आज 27 अप्रैल शनिवार को सायं 7.30 बजे से संगीतमय भव्य सुंदरकांड के पाठ का आयोजन होगा। तथा कल 28 अप्रैल, रविवार को सायं 4.30 बजे महाआरती होगी उसके पश्चात महाप्रसादी (भण्डारे) का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति अध्यक्ष कमलेश सिसोदिया ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। महाप्रसादी में हजारों की संख्या में भक्त उपस्थित होकर प्रसाद लाभ लेते है। इस वर्ष भी उक्त दो दिवसीय आयोजन भव्य रूप से मनाया जा रहा है।

## रेल मंत्रालय का प्रेरणा पुरस्कार आशीष दशोत्तर को दिया गया

**रतलाम।** युवा कथाकार आशीष दशोत्तर को रेल मंत्रालय,भारत



सरकार का प्रेरणा पुरस्कार मिलेगा। श्री दशोत्तर को रेल मंत्रालय की रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना के अंतर्गत उनके लिखे रेल वृत्तांत जिंदगी के सफर में के लिए प्रेरणा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (राजभाषा) द्वारा इस आशय की जानकारी देते हुए श्री दशोत्तर को बधाई दी गई है। पुरस्कार के अंतर्गत उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान निधि प्रदान की जाएगी। श्री दशोत्तर द्वारा लिखित यह रेल वृत्तांत रेलवे की महत्वपूर्ण सेवाओं एवं भारत की विविधरंगी संस्कृति का एक कोलॉज प्रस्तुत करता है। यह हमारी संवेदनाओं का एक गुलदस्ता भी है। इस उपलब्धि पर सुधिजनों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

# सत्संग एवं भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया

'नगर प्रतिनिधि' ▸▸ रतलाम



बाबा जय गुरुदेव आश्रम रामपुरिया फंटा जामुन पाटडी बाजना रतलाम रोड पर बाबा जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा (उत्तर प्रदेश) एवं बाबा जय गुरुदेव धर्म प्रचारक ट्रस्ट वाले मथुरा बाबा जय गुरुदेव संगत जिला रतलाम के तत्वाधान में सत्संग एवं भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

परम पूज्य बाबा जयगुरुदेव महाराज के परम शिष्य विजय पाल सिंह (प्रान्तीयअध्यक्ष जय गुरुदेव संगत मध्य प्रदेश) एवं रामचंद्र यादव राष्ट्रीय पर्यवेक्षक के मुखारविंद से बाबा जयगुरुदेव जी महाराज की सत्संग वचनों का अमृत पान कराया गया। जय गुरुदेव नाम गुरु महाराज ने जगाया है यह नाम किसी इंसान का नहीं है यह नाम है भगवान का भगवान और ईश्वर शाकार है जीते जी मिलते है।

गुरु महाराज ने कहा कि हमने 18 से 20 घंटे एक आसन पर बैठकर साधना की है जो अपने अंतकरण में उतार दिया महात्माओं ने हमको बताया है इन चीजों को अपने जीवन अपने आचरण में उतरना धर्म-कर्म का संदेश लोक परलोक का संदेश देते हुए सुमिरन, ध्यान, भजन, से जीते जी प्रभु दर्शन करने का रास्ता बतलाया 10 जुलाई 1952 में नाम दान देना शुरू किया। तब से सबसे जीवन पर्यंत देते रहे और नाम दान खुले मंच से दिया करते थे। सत्संग स्थल धर्म संसद होती है। भरी धर्म संसद में राजा हरिश्चंद्र ने गुरु के संकल्प पूरा करने के लिए अपने बच्चे और अपनी पत्नी को बेचने के लिए बाजार में निकले और घर-घर पूछने वालों की कोई मेरी पत्नी और मेरे बच्चे को खरीद सकता है मुझे 400 स्वर्ण मुद्रा की आवश्यकता है मैं 400 स्वर्ण मुद्रा में इनको बेचना चाहता हूं ऐसी परीक्षा गुरु ने राजा हरिश्चंद्र की ली। सत्य के कारण ऐसा संकल्प पूरा करना नीच घर निर भराया अपनी मेहनत का दसवां हिस्सा धर्म में लगा।

इस अवसर पर बाबूलाल टाक, बद्रीलाल पाटीदार, देवराम रसवाल रंजीत कुमार यादव, शंभू लाल पाटीदार, मुंशीलाल कटारा, डॉ. समरथ भाभर, वेद प्रकाश गंगवाल, मोहन भूरिया, मोहनलाल मुनिया, अमर सिंह निनामा, गोपाल चंद्र निनामा, राजू भाई, मुकेश मचार, मनीष डामर, बंटी खदेड़ा, दीपक दोहरे, नीता तोहरे, सुनीता पंचोली, नीता निनामा, लक्ष्मी रसवाल, सीताबाई गीताबाई, शीला बाई, बसंती बाई, कलाबाई, कालीबाई, आशा रसवाल, संगीता बाई, मंजू कुमावत, समाजसेवी सूरतलालडामर आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मंदसौर लोकसभा निर्वाचन हेतु आठ अभ्यर्थी शेष रहे मैदान में

**दो के फार्म निरस्त, नाम वापसी दिनांक 29 अप्रैल को**

**मन्दसौर ।** मंदसौर लोकसभा निर्वाचन के लिये कुल 10अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन प्रस्तुत किये। जिसमें जांच उपरांत दो अभ्यर्थियों अमन अगरवाल (अखिल भारतीय परिवार पार्टी) व नंदकिशोर पटेल (इंडियन नेशनल कांग्रेस) के नाम निर्देशन पत्र निरस्त हो गये। अब 8 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में है। हालांकि नाम वापसी दिनांक 29 अप्रैल के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि कितने प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। प्राप्त जानकारी अनुसर 18 से 25 अप्रैल तक कुल 10 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन प्रस्तुत किये है। जिसमें जांच उपरांत शेष बचे आठ उम्मीदवार दिलीप सिंह गुर्जर (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सुधीर गुप्ता (भारतीय जनता पार्टी), सईद अहमद (निर्दलीय), रण विजय (निर्दलीय), कन्हैयालाल (बहुजन समाज पार्टी), मुरलीधर चिचानी (निर्दलीय), सुशील (निर्दलीय) एवं इस्माइल (निर्दलीय) ने नाम निर्देशन प्रस्तुत किये है।

# विद्यार्थियों की सफलता पर शिक्षकों-परिजनों ने दी बधाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रुनिजा




24 अप्रेल को हर कोई शाम 4 बजे बजे का बेसब्री से इंतजार कर रहा क्योकि कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का रिजल्ट घोषित होने वाला था। जैसे ही रिजल्ट घोषित हुआ। चारो ओर अलग माहौल नजर आ रहा था सभी को जल्दी थी अपनी मेहनत के फल को जानने की। ओर धीर धीरे तस्वीर साफ होती गई। सोशल मीडिया पर प्रायवेट विधालयो के दावे प्रति दावे चल पड़े। हमारा यहां का सर्वश्रेष्ठ परिणाम रहा। ऐसे सभी की न8गाहे प्रतिवर्ष शानदार परिणाम देने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर टिकी थी। और इस बार रुनीजा कस परिणाम शानदार रहा। रुनिजा विधालय के परिणाम की जानकारी देते हुए देवचंद नागर ने बताया कि। रुनीजा विद्यालय में कक्षा 12वीं का रिजल्ट 91? तथा कक्षा 10वीं का रिजल्ट 89% रहा। कक्षा 12 वी 66 छात्रो ने परीक्षा दी थी जिसमे 60 उतीर्ण हुए इनमें 53 छात्र प्रथम तथा 7 छात्र द्वितीय स्थान पर रहे।

कक्षा 12वी में 87.4% लाने वाली पायल नागर पिता देवीलाल नागर (कला संकाय) विद्यालय की टॉपर रही । इसी कक्षा 10 वी में 19 छात्रो ने परिक्ष दी।जिसमे 17 उतीर्ण हुए। 11 छात्र प्रथम तथा 6 छात्र द्वितीय स्थान पर रहे। 10 वी में रानू शाह जब्बार शाह ने 84% ने प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। टॉपर बनी कक्षा 12वी में 12 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर सेंस्था प्राचार्य ब्रजराज सिंह राठौर तथा समस्त विद्यालय परिवार द्वारा शानदार परिणाम देने वाले सभ विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्वल भविष्य की कामना की।

### 90%अंक प्राप्त कर प्रभात एवं दीपक रहे प्रथम

**तराना।** सीएम राइज विद्यालय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशतकक्षा 12वीं का 80 प्रतिशत कक्षा पांचवी का 80 प्रतिशत कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा।इस वर्ष कक्षा 12 में छात्र दीपक चौहान ने 90% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही कक्षा दसवीं में छात्र प्रभात गंगवाल ने 90% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 में विद्यालय के 17 विद्यार्थियों को शासन की योजना अनुसार लैपटॉप की राशि की पात्रता रहेगी। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य दिग्विजय सिंह चौहान, मिडल विंग प्रधानाध्यापक अभय नागर, प्राथमिक विंग प्रधानाध्यापक नवाब हुसैन, शिक्षक गण संगीता यादव, दिलीप सिंह सिसोदिया, सीमा सोलंकी, सोनिया पालीवाल, सुनील कुमार देवड़ा, विक्रम सिंह परमार, विकास राठौड़, सुरेश राठौड़, श्याम सुंदर व्यास, रंजीत मालवीय, खुशबू खान, सोनाली गोराना, लक्ष्मी वाघेला, अंतिम बाला जैन, सूरज अहिरवार, हेमलता पटेल, हेमलता वैष्णव, किरण चौहान, सपना खैरवार, विनय शुक्ला, पायल जायसवाल, श्वेता श्रीवास्तव, राहुल चौहान, उमेश राव, देवेंद्र सिंह चौहान आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### एक ही स्कूल के 44 विद्यार्थियो को मिलेंगे लैपटॉप

**जीरापुर।** नगर की संस्था रॉयल हाईट्स हा.से. स्कूल का कक्षा 10 वी एवम 12 वी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा संस्था की कक्षा 10 वी की छात्रा वर्षा कारपेंटर ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर जिले की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 12 वी की छात्रा दर्शिता टांक ने 500 में से 457 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया वही कक्षा 10 वी में खुश्बू पाटीदार ने 95.4 प्रतिशत, हीरामणि सोनी 95 प्रतिशत, अनमोल चौहान 94.2% हर्षल भावसार 93.8 प्रतिशत, माही अग्रवाल 93.8 प्रतिशत, अमीषा पाटीदार 93.2 प्रतिशत शिवम दांगी किरण मालवीय 92.8 प्रतिशत विवेक गुप्ता 92.4% सुमित उपाध्याय 92.4% देवांश सुदानगी 91.8% निकिता राठौर 91.8% अर्पिता दांगी 91.4 % अलफेज मंसूरी 91.2% काजल सोनी 91.2% उर्वशी सोनगरा 91% अभिषेक कारपेंटर 91% मुरली सोनी 90.2% अंक प्राप्त किए वही कक्षा 12वीं में श्रुतकीर्ति शर्मा ने जीव विज्ञान में 90.4% कुमकुम पाटीदार ने 88.2% प्रियल भावसार 87% जया पाटीदार 86.6% प्रणमया गुप्ता 86.4% वंशिका भावसार 85.4% दर्श मुंदड़ा 85.2% पंकज राठौर 85.2% नैतिक गुप्ता 85% भूमिका दुबे 85% अंक प्राप्त कर संस्था सहित अपने माता पिता एवम नगर का गौरव बढ़ाया ।




सुसनेर में प्रतिभाशाली छात्रा का सम्मान करते हुए शिक्षकगण एवं इष्टमित्र।

### सन्तोष कैथोलिक हाई स्कूल के छात्रों ने कक्षा 5, 8 और 10 वीं में लहराया परचम

**सुसनेर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 8 वी और 10 वी बोर्ड की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है जिसमे सुसनेर के सन्तोष कैथोलिक हाई स्कूल के बच्चों का भी श्रेष्ठ परिणाम रहा है। कक्षा 10 वीं में शुभ्र जैन 86 प्रतिशत, परि जैन ने 85 प्रतिशत, सर्याश शर्मा 84 प्रतिशत, हिना खान 83 प्रतिशत, हरि ओम कारपेंटर 81 प्रतिशत अंक हासिल किये तो वही कक्षा 8 वी के इन छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढाया. कक्षा 8 वी में खुशी सिसोदिया ने 92 प्रतिशत, अलिना मंसूरी ने 91 प्रतिशत, खुशी विश्वकर्मा ने 91 प्रतिशत, हितिशा जैन ने 90 प्रतिशत, प्रखर जैन ने 90 प्रतिशत, आधा श्रीवास्तव ने 89 प्रतिशत, मनस्वी सोलंकी व नशरा काजी ने 89 प्रतिशत, अफशा खान ने 89 प्रतिशत, प्रतीक्षा पाल ने 89 प्रतिशत, गौरेश गरुड़ 88 प्रतिशत, रुद्र भावसार 87 प्रतिशत, विनय सिसोदिया 86 प्रतिशत, अर्श मसूरी 85 प्रतिशत अंक हासिल किये तथा कक्षा 5 वीं में केशव राठौर 92 प्रतिशत, नंदनी पाटीदार 90 प्रतिशत, महि शर्मा 88 प्रतिशत, श्रीया नागदिया 87 प्रतिशत, आशिका सोनी 86 प्रतिशत, संयम जैन ने 86 प्रतिशत अंक हासिल किये है।

**भाटपचलाना।** ज्ञान गंगा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल , भाटपचलाना की




12वी कक्षा का परिणाम 94% व 10 वी कक्षा का परिणाम 82 प्रतिशत रहा । कक्षा 12वी के 52 बच्चों में से 75प्रतिशत से अधिक अंक लाकर11 बच्चो ने लेपटॉप के लिए अपनी दावेदारी व्यक्त की । कुल 39 बच्चो ने प्रथम श्रेणी अंक प्राप्त किये । खुशबू पाटीदार ने 91.6%अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया । कक्षा 10वी में 59 बच्चो में से 32 बच्चो ने प्रथम श्रेणी अंक प्राप्त किये । गोरी बैरागी ने 84.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचालक लाभ सिंह सलूजा ने सभी बच्चो व उनके पालको को बधाई देते हुवे उनके उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी ।

सरस्वती शिशु मंदिर उमा विद्यालय का परीक्षा परिणाम 94% रहा भारत पचलाना स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 94% वी हाई स्कूल का 90% था सुमित राधेश्याम राठौर 91% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया लक्ष्मी कुमार दारा सिंह ने 87% माया पूर्ण सिंह ने 91% पूजा शर्मा राजेश जी ने 87% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गत वर्ष की पढ़ाई गत वर्ष की तरह विद्यालय में रिजल्ट विद्यालय में अच्छा रहा सरस्वती शिशु मंदिर आचार्य दीदी परिवार जिला समिति व संयोजक मंडल ने भैया बहनों को शुभकामनाएं दी यह जानकारी प्राचार्य नारायण चौधरी द्वारा दी गई।

### मोड़ी में 10वीं का 37 तो 12 वीं का 83 प्रतिशत रहा परिणाम




**सुसनेर।** कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोड़ी में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 83.33 प्रतिशत रहा एवं कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 37.34 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में रानू राठौर ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 12वीं में कला संकाय में मंजू मीणा ने 83.6 प्रतिशत अंक, जीव विज्ञान संकाय में पवन वर्मा ने 81.6 प्रतिशत अंक एवं गणित संकाय में पवन अहिरवार ने 68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया ' उक्त जानकारी संस्था प्राचार्य गिरिराज बांसिया ने दी।

### जिया मंसूरी ने पाया जिलें में दूसरा स्थान

**सुसनेर।** आस्था अकादमी सुसनेर की



छात्रा जिया मंसूरी पिता सलीम मंसूरी ने कक्षा 12 वी जीव विज्ञान में 93.4 प्रतिशत हासिल किया है। जिलें मेरिट सूची में जीव विज्ञान में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इनकी उपलब्धि पर परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त करते होवें बधाई दी है।

**मजदूर के बेटे ने किया टाप**

## 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया विद्यालय एवं परिवार को गौरान्वित

**महिदपुर।** बुधवार को जारी हुए हायर सेकंडरी तथा हाई स्कूल के परीक्षा परिणामों में नगर के शासकिय उत्कृष्ठ विद्यालय कक्षा 10 वीं के छात्र मजदुर के बेटे ने विद्यालय में टॉप करते हुए विद्यालय तथा अपनें परिवार मान बढ़ाया है। उत्कृष्ठ विद्यालय का परिणाम कक्षा 12वीं में 42 प्रतिशत रहा। जिसमें सबसे ज्यादा वाणिज्य संकाय के पुष्पेंद्र सिंह



दीपक सिंह नें 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए वहीं कक्षा 10वीं 39 का प्रतिशत रहा जिसमें विद्यालय में टॉपर विशाल पिता गोवर्धन लाल 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा अपनें परिवार को गौरानिव्त किया है। जानकारी में प्राचार्य किशोर परमार ने बताया कि विशाल पिता गोर्वधन लाल झारडा के पास ग्राम कछालिया चांद का निवासी है जिसने उत्कृष्ठ बालक छात्रावास में रहकर पढाई की है वही बालक के पिता मजदुरी करते है। विद्यालय का परिणाम में 12 में गत वर्ष से 7 प्रति बढा है तो 10 वी में 2 प्रतिशत कम हुआ है इसी प्रकार शासकीय कन्या उमा विद्यालय के दोनों परिणाम पिछले साल से बेहतर हुए है। प्राचार्य अर्जुन दावरे के अनुसार कक्षा 10 वी का परिणाम 58 प्रतिशत रहा जो गत वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत बढा है कक्षा 12 का परिणाम 68 प्रतिशत रहा जो पिछले साल की तुलना में 37 प्रतिशत ज्यादा रहा है। कक्षा 10 वी में प्रथम फिरदोस शहजाद हुसैन, द्वितिय पूजा सुरेसिंह, तृतीय प्रियंका चंद्रपाल रही। कक्षा 12 वी में अंजली प्रकाशचंद्र प्रथम, अल्फिया शहजाद मो. दुसरे, तृप्ति गोविंद तीसरे स्थान पर रही। शासकीय मॉडल स्कूल में कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 90 एवं कक्षा 12 वीं का 89 प्रतिशत रहा है प्राचार्य रामेश्वर सोनी नें बताया कि स्कूल में प्रथम सुमन जोशी, द्वितीय संतोष अजमेरा, तृतीय स्थान मोहम्मद दानिश का रहा है। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं की परीक्षा में स्कूल में प्रथम स्थान पिंकी राजपूत, द्वितीय स्थान लखन परमार, तृतीय स्थान सरिता का रहा।

## शासकीय मॉडल स्कूल की कक्षा 10 वीं एवं 12वीं का सराहनीय परीक्षा परिणाम





**महिदपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम अनुसार शासकीय मॉडल स्कूल महिदपुर की कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं वीं का 89 प्रतिशत रहा है। कक्षा 10 वीं की परीक्षा मे सम्मिलित 78 छात्रों में से 70 उत्तीर्ण हुवे जिसमे से 58 प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुवे है स्कूल मे प्रथम स्थान कु-सुमन जोशी 89% द्वितीय स्थान कु.संतोष अजमेरा 87% और तृतीय स्थान मोहम्मद दानिश 86% रहा है (10वीं टॉप छात्रों के फोटो अटैच है) इसी इसी प्रकार कक्षा बारहवीं की परीक्षा मे सम्मिलित 83 छात्रों मे से 74 उत्तीर्ण हुवे जिसमे से 61 प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुवे है स्कूल में प्रथम स्थान पिंकी राजपूत 84.4% द्वितीय स्थान लखन परमार 84.2% और तृतीय स्थान कु. सरिता 83.6% का रहा है माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा में विशिष्ट प्रदर्शन करने पर स्कूल के स्कूल प्राचार्या रामेश्वर सोनी वरिष्ठ शिक्षक डॉ रुक्मणी भदोरिया दिलीप अटोलिया मोहम्मद इमरान तथा अथिति शिक्षकगण ईश्वर परमार नाजनीन अंसारी गोरा नरवरिया तृप्ति परिहार, अंकिता सोनी, अभिलाषा जोशी,दिव्या शर्मा,कन्हैयालाल शर्मा लोकेंद्रकुमार खलोटिया, संतोष पांचाल सीमा अवस्थी, ने हर्ष व्यक्त करते हुवे उत्कृष्ट नंबरों से उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी है।



## अमृता सिंह ने ली सोशल मीडिया आइटीसेल कार्यकर्ताओं की बैठक

**सुसनेर।** सोयत रोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय पर राजगढ़ लोकसभा प्रत्याशी दिग्विजय सिंह की धर्म पत्नी अमृता सिंह ने सोशल मीडिया आईटी सेल के कार्यकताओं की बैठक ली जिसमे कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं को उचित दिशा निर्देश दिए गए जिसमे एक एक करके कार्यकताओं से विस्तार से चर्चा करके किस तरह से पार्टी को मजबूत करना है कांग्रेस पार्टी के द्वारा किए गए कार्यों को जल्द से जल्द जन जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया ही सबसे अच्छा मंच है जिस पर हमे मजबूती मजबूत होना पड़ेगा इस अवसर पर पूर्व सांसद नारायणसिंह आमलावे, विधायक भेरूसिंह परिहार बापू, जिला अध्यक्ष बंसीलाल पाटीदार और बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे

## स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में स्वीप की गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती गीतांजलि शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर राजगढ़ रोड़ स्थित हाई स्कूल से रैली का शुभारंभ किया गया, रैली राजगढ़ रोड़ स्थित बालक हाई स्कूल से प्रारम्भ होकर पुराना ए.बी.रोड़ पुलिस थाना ब्यावरा के सामने से होते हुए, पीपल चौराहा से होकर राजगढ़ रोड़ स्कूल में रैली का समापन हुआ तथा रैली उपरान्त मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। उक्त आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रीमती गीतांजलि शर्मा अनुविभागीय अधिकारी, पुष्पराज अजनारे सहायक यंत्री, रूपेश कुमार नेताम उपयंत्री, राहुल गुप्ता उपयंत्री, योगेन्द्र सिंह सौलंकी प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक न.पा.कर्मचारी व शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## बाइक सवार को रास्ता रोक कर पीटा

**शाजापुर।** बाइक सवार युवक को दो लोगों ने रास्ता रोककर मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम दिल्लोदरी निवासी ज्ञानसिंह गुर्जर पिता भंवरसिंह ने बताया कि वह गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपने गांव से शाजापुर आ रहा था, तभी रास्ता रोककर बल्ड़ी पर दो लोगों ने मवेशी छोड़ने का झूठा आरोप लगाते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। ज्ञानसिंह को सिर में चोंट आने पर उपचार के लिए शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कलेक्टर ने 10वीं और 12वीं में उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कलेक्टर ने प्रदेश में रैंक प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती, डीपीसी प्रदीप जैन सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। जिले में 10वीं का परीक्षा परिणाम 59.99 प्रतिशत तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम 60.53 प्रतिशत रहा। जिले में कक्षा 10वीं में 21 हजार 779 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें 13 हजार 065 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिले में कक्षा 12वीं में 16 हजार 831 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें 10 हजार 187 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

उत्कृष्ट विद्यालय की 10वीं की छात्रा जोबिया शेख ने 500 में से 485 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल परीक्षा की दिव्यांग प्राविण्य सूची में पराग मेमोरियल कांवेन्ट स्कूल सतवास की छात्रा सानिया राठौर ने 500 में से 449 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं में विद्यासागर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खातेगांव की छात्रा भव्या राठी ने वाणिज्य संकाय में 500 में से 475 अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौंवा स्थान प्राप्त किये है।

# विशिष्ट आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 28 को

**शाजापुर।** जिले के ऐसे छात्र जिनके द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विशिष्ट आवासीय विद्यालयों कन्या शिक्षा परिसर आदर्श आवासीय विद्यालय एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन किए गए हैं उन छात्रों की परीक्षा का आयोजन 28 अप्रैल 2024 रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 बस स्टैंड शाजापुर में किया जाएगा। जनजातीय कार्य विभाग जिला संयोजक मीना मंडलोई ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश-पत्र जारी किए जाने की तिथि 09 अप्रैल से 28 अप्रैल 2024 तक निर्धारित की गई है। सभी छात्र प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा तिथि 28 अप्रैल 2024 को शासकीय उत्कृष्ट उमावि शाजापुर क्रमांक 01 बस स्टैंड शाजापुर में उपस्थित हों।

## मलेरिया, डेंगू की रोकथाम की जानकारी देते हुए किया जागरूक

**देवास।** विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के आरंभ में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रश्मि दुबे ने कहा कि देश में मलेरिया उन्मूलन सन 2030 तक किया जाना है। इसके लिए देवास जिला अग्रणी है। विगत 8 वर्षो के मेरे कार्यकाल में मलेरिया विभाग ने जिले में उत्तरोत्तर प्रगति की है। इससे पहले मलेरिया विभाग उपेक्षित रहा है। डॉ. रश्मि दुबे ने बरोठा टीम की लारवा सर्वे, फीवर सर्वे, तथा ब्लड स्लाइड कलेक्शन में उल्लेखनीय कार्य की प्रशंसा की। कार्यशाला में बरोठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सीबीएमओ डॉ. मेघा पटेल, उप प्राचार्य, निहारिका श्रीवास्तव, बीपीएम सुषमा राणावत, बीसीएम सुनीता सोलंकी तथा डबल्यु एचओ मॉनिटर राजेंद्र भारम्बे विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यशाला में आरडी किट से रक्त की जांच करने डिमांस्ट्रेशन कर समझाया गया तथा डिक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से मलेरिया, डेंगू की रोकथाम की जानकारी दी। कार्यशाला में अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालो को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। सम्मानित होने वालो में मुख्य रूप से सेक्टर क्षिप्रा के पर्यवेक्षक डॉ.इकबाल मोदी, योगेंद्र सिंह चंदेल, जगदीश चौधरी, बरोठा, अकील शेख, डबल चौकी, डॉ.तरुणकुमार पाठक, नीलिमा परमार लोहार पिपलिया, प्रतिभा सिसोदिया, पटलावड़ा, विष्णु चौधरी, मिश्रीलाल वर्मा, निशा नायकर, भानगढ़, डॉ.कैलाश कारपेंटर, उपड़ी, हिमांशी सिंह, राजोदा, प्रखर बहाड़, अंतर सिंह गुजराती, इत्यादि शामिल हुए।

## दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान की दिलाई शपथ

**ब्यावरा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के मद्देनजर गुरूवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के उन्मुखीकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन कर उपस्थित जनों को नैतिक मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्वीप के नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत महीप किशोर तेजस्वी सहित एसीईओ अर्पित गुप्ता, दिव्यांग आईकॉन प्रभारी दिव्यांग केंद्र के प्रभारी केके परिडा सहित दिव्यांग एवं बुजुर्ग मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**ब्यावरा।** ब्लड बैंक मे रक्त की कमी होने के कारण कई थैलीसीमिया से ग्रसित बच्चों और अन्य मरीजो की परेशानी को देखते हुए विगत 20 वर्षों से निरंतर कैंसर ,थैलीसीमिया, किडनी के रोगियों व निसहाय रोगियों की निःशुल्क रक्त जांच एव सेवा में सदैव तत्पर उमा पैथोलोजी 27 अप्रेल 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला ब्यावरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा रक्तदाता अपना नाम रजिस्टर करा सकते है


**आवश्यकता है**
अनुभवी रेडिमेड गारमेन्ट सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर एवं हाउस कीपिंग, वेतन एवं कमीशन योग्यतानुसार।
मिलने का समय- समय 11 से 2 बजे तक
गौरव परिधान
शहीद पार्क फ्रीगंज, उज्जैन

**Faculty required**
Active English High School, Ujjain invites PGT'S, TGT'S & Montessori trained, activity ,computer & music FEMALE teaching staff,Office assistant to deliver their skills for growth of students and institution
Contact
school Office,Near Chimanganj Police Colony, Aagar Road
09 am to 01 pm Ph
2921243, 8602129243

कान के मवाद से मुक्ति
ब्यूटी पार्लर से बिगड़े कटे कान
बिना ऑपरेशन जुड़वाएं
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006
9425107617
प्रति शनिवार को मिलें
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

**आवश्यकता है**
1. सर्कल कटिंग मशीन आपरेटर2. अनुभवी ड्रायवर जो होंडा सिटी कार चला सके। 3. चौकीदार की आवश्यकता, रहने की सुविधा। 4. हेल्पर कार्य हेतु लड़कों की।
शीघ्र सम्पर्क करें-
श्री हरि पेपर इण्डस्ट्रीज
8, मक्सी रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया प्रवाह पेट्रोल पम्प के पीछे, उज्जैन,
मोबा. 9425358095

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**भास्कर आयुर्वेद**
हमारे यहाँ सभी कम्पनियों की आयुर्वेदिक दवाइयाँ मिलती है।
समय- सुबह 11 से 3 बजे तक एवं शाम 6 से 9 बजे तक
पता- 32 बहादुरगंज उज्जैन (म.प्र.) मोबा. 9826371718
गुप्त रोगी परामर्श लें।

**थोक में रद्दी**
अखबारी कागज की रद्दी थोक भाव में खरीदने के लिए।
सम्पर्क करें
7772017500
9244511806

**आवश्यकता है**
एटलस चौराहे के पास कारखाने में कार्य हेतु श्रमिकों (महिलाएँ) की आवश्यकता है। पार्ट टाईम-फूल टाईम।
सम्पर्क करें
मोबा. 9300405252
समय- प्रातः 10 से शाम 6 बजे तक

**मकान बेचना है**
चारधाम मंदिर के पीछे बंशी का बाड़ा जयसिंहपुरा उज्जैन में 20X30 साईज दो मंज़िला मकान 25 लाख में बेचना है।
सम्पर्क करें
मोबा. 8959513547

**अवन्तिका वर्गीकृत**
- 10 दिन 1000/-
- 20 दिन 1500/-
- 1 माह 2000/-

सम्पर्क करें-
0734-4041777
0731-4085777
विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

# पश्चिम बंगाल: चुनाव आयोग ने बीरभूम से भाजपा उम्मीदवार का नामांकन रद्द किया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बीरभूम लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन चुनाव आयोग ने रद्द कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भाजपा उम्मीदवार ने अपने नामांकन के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा नहीं किया था। जिसके चलते चुनाव आयोग ने नामांकन रद्द करने की कार्रवाई की। देबासीश धर पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं और बीते महीने ही उन्होंने आईपीएस पद से इस्तीफा दिया था।

## 'टीएमसी की शताब्दी राय से था देबाशीष धर का मुकाबला

साल 2021 में हुए बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद ममता बनर्जी की सरकार ने देबाशीष धर को निलंबित भी किया था। दरअसल साल 2021 में देबाशीष धर कूच बिहार के एसपी थे। वहां सीतलकुची जिले में मतदान के दौरान हुए हंगामे के बाद सुरक्षा बलों की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी। जब ममता सरकार ने चुनाव के बाद कार्यभार संभालते ही देबाशीष धर को निलंबित कर दिया था। बीरभूम सीट पर देबाशीष धर का मुकाबला टीएमसी की शताब्दी रॉय से था, जो यहां से निवर्तमान सांसद हैं। बीरभूम को टीएमसी का गढ़ माना जाता है। हालांकि इस बार टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल के जेल में होने के चलते बीरभूम में टीएमसी के कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद थी। हालांकि भाजपा उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने से भाजपा को यहां बड़ा झटका लगा है।

अमेठी का वायनाड कनेक्शन सामने आया है। दरअसल, वर्ष 2019 के चुनाव में राहुल गांधी ने अमेठी के साथ ही वायनाड से चुनाव लड़ा था। इसमें वह अमेठी में भाजपा की स्मृति जूबिन इरानी से 55 हजार 120 वोटों से हार गए थे, जबकि वायनाड से जीत मिली थी। इस बार भी राहुल वायनाड से मैदान में है। अमेठी में कांग्रेस चुनाव को लेकर सक्रिय हो गई है। लेकिन प्रत्याशी के नाम पर चुपी साध रखी है। बसपा ने भी अभी तक पत्ते नहीं खोले हैं।

# अमेठीः शुभ मुहूर्त में आएंगे राहुल, प्रत्याशी पर सस्पेंस



**अमेठी।** 26 अप्रैल 2024, यह वह तारीख है जब वायनाड में चुनाव हुआ है और इसी दिन से वीआईपी सीटों में शुमार अमेठी के लिए नामांकन। वायनाड का इस बार अमेठी से सीधा कनेक्शन है। दरअसल, वर्ष 2019 के चुनाव में राहुल गांधी ने अमेठी के साथ ही वायनाड से चुनाव लड़ा था।

इसमें वह अमेठी में भाजपा की स्मृति जूबिन इरानी से 55 हजार 120 वोटों से हार गए थे, जबकि वायनाड से जीत मिली थी। इस बार भी राहुल वायनाड से मैदान में है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इसके बाद राहुल अमेठी आएंगे। हालांकि अभी इसकी कोई आधिकारिक घोषणा तो नहीं हुई है लेकिन, कांग्रेस के पदाधिकारी जिस तरह से तैयारी कर रहे हैं, उससे साफ है कि अमेठी से राहुल ही चुनाव लड़ेंगे।

कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह साफ कहते हैं कि राहुल गांधी शुभ मुहूर्त में अमेठी आएंगे। रही बात नामांकन की तो शुभ मुहूर्त हनुमानजी के आशीर्वाद से तय होगा। दावा किया कि अमेठी से राहुल गांधी सांसद बनेंगे और देश में प्रधानमंत्री।

अमेठी को गांधी परिवार अपनी परंपरागत सीट मानता है। वर्ष 1976 में गांधी परिवार ने अमेठी में दस्तक दी थी। उस वक्त संजय गांधी ने यहां पर पहुंच कर श्रमदान करके सियासी भूमि तैयार की। हालांकि 1977 के पहले चुनाव में संजय चुनाव हार गए थे। वर्ष 1980 में वह चुनाव जीते लेकिन, उसी साल विमान हादसे में उनका निधन हो गया।

इसके बाद उपचुनाव में राजीव गांधी ने राजनीतिक पारी शुरू की। इसके बाद से 1984, 1989, 1991 में राजीव गांधी लगातार जीते। यह बात अलग है कि वर्ष 1984 में राजीव गांधी का सियासी मुकाबला छोटे भाई की पत्नी मेनका गांधी से हुआ।

### अभी तक सस्पेंस

अमेठी से भाजपा की स्मृति इरानी के समक्ष कांग्रेस से दावेदारी को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। बीच में राबर्ट वाड्रा का एक बयान आया था कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि वह चुनाव लड़ें। कांग्रेस के प्रदेश सचिव योगेन्द्र मिश्र कहते हैं कि वायनाड के चुनाव के बाद राहुल गांधी अमेठी आ रहे हैं। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल कहते हैं कि राहुल गांधी ही अमेठी से चुनाव लड़ेंगे, अमेठी से उनका पारिवारिक नाता है। तैयारी पूरी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल का कहना है कि इस संबंध में घोषणा होने की संभावना है। नामांकन के सवाल पर कहते हैं कि पहले घोषणा तो हो जाय, फिर तिथि तय की जाएगी। कहा कि जिस तरह से आप कर रहे हैं, उसी तरह से हम भी...।

### स्मृति के निशाने पर राहुल

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के निशाने पर राहुल गांधी हैं। चुनावी सभाओं में वह साफ-साफ कहती हैं कि पहले अमेठी में लापता सांसद के पोस्टर लगते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। 26 तारीख को वायनाड में वोटिंग होने के बाद गांधी परिवार का काफिला अमेठी आएगा, जिस राहुल ने 15 साल तक अमेठी से तथाकथित रिश्ता जोड़ा था उसे तोड़कर वायनाड चले गए।15 सालों तक अमेठी के लोगों ने एक लापता सांसद को ढोया।अब 26 अप्रैल के बाद अमेठी आएंगे और नया रिश्ता बनाएंगे।

### बसपा को लेकर भी असमंजस

अमेठी से अभी तक बसपा ने भी उम्मीदवार का एलान नहीं किया है। पार्टी के नेता बस यही कह रहे हैं कि जल्द ही घोषणा हो जाएगी। वैसे 26 अप्रैल को अंबेडकरनगर में हुई रैली पर निगाहें टिकी हुई थी।

# डमी ईवीएम के साथ पप्पू यादव के समर्थक गिरफ्तार



**पूर्णिया।** पूर्णिया लोकसभा चुनाव की मतदान से 12 घंटे पहले सियासी हंगामा मच गया है, जहां निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के चार कार्यकताओं को पुलिस ने डमी ईवीएम एवं थार गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टी सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने की है। सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि देर रात्रि में निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के कुछ समर्थक थार गाड़ी के साथ घूम-घूम कर प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने वाहन जांच के दौरान रात्रि में प्रचार करते हुए चार समर्थकों को डमी ईवीएम के साथ गिरफ्तार किया गया है। साथ ही थाड़ गाड़ी को पुलिस ने जब्त किया है। मामला सहायक खजाँची थाना क्षेत्र का मामला है।

**दिन में भी हुआ था हंगामा-** दूसरे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर पूर्णिया लोक सभा अंतर्गत प्रचार प्रसार बुधवार शाम 6:00 बजे ही थम गया था। पुलिस का कहना है कि आज दिन में भी पूर्णिया लोक सभा अंतर्गत कोढ़ा विधान सभा क्षेत्र में बिना अनुमति के ही पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ घूम रहे थे। साथ ही पप्पू यादव जिस गाड़ी से कोढ़ा में घूमते पाए गए, उन्हें चलाने की अनुमति भी नहीं दी गई थी। पप्पू यादव प्रशासन की अनुमति के बिना अपने समर्थकों के साथ चार गाड़ियों से भ्रमण करते पाए गए थे। जिसके बाद कटिहार डीएसपी अभिजीत सिंह ने पप्पू यादव के गाड़ी को जब्त कर कोढ़ा थाना में मामला दर्ज कराया। वहीं पप्पू यादव ने डीएसपी अभिजीत सिंह पर अपने पावर का दुरुपयोग और बदतमीजी करने का आरोप लगाया था।

# हिमाचल में लोकसभा की दो, विधानसभा की छह सीटों पर असमंजस

**शिमला।** हमीरपुर और कांगड़ा लोकसभा सीटों सहित धर्मशाला, सुजानपुर, बड़सर, गगरेट, कुटलैहड़ तथा नालागढ़ विधानसभा हलकों में हिमाचल प्रदेश के दोनों राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा एक तरह के असमंजस में ही प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस इन आठ सीटों पर प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है तो भाजपा को यह साफ-साफ मालूम नहीं है कि किस-किस पहलवान से मुकाबला होने जा रहा है। ऐसे में सभी प्रत्याशियों के तय होने के बाद ही दोनों ओर से संशय के बादल छंटेंगे। फिलहाल सुक्खू सरकार जहां सभी सीटों पर केंद्र सरकार की अनदेखी को बड़ा मुद्दा बनाए है, वहीं छह विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में भाजपा का टिकट लेने वाले कांग्रेस के छहों बागी ही इसके निशाने पर हैं।

वहीं, भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की नीतियों का बखान करते हुए ही प्रचार कर रही है और यही हवा बनाकर सभी सीटों पर कांग्रेस को बहा ले जाने की योजना का बांध बना रही है।

# बैनर-पोस्टर में ही दिख रहे हैं कन्हैया



**नई दिल्ली।** दिल्ली लोकसभा चुनाव प्रचार में कांग्रेस काफी पिछड़ती नजर आ रही है। आप और भाजपा प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी अभी ज्यादा दूर तक नहीं चल सके हैं। इसमें भी उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा में प्रचार अभियान की शुरूआत तक नहीं दिखाई पड़ रही है।

नाम घोषित होने के 11 दिन बाद भी कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार प्रचार को धार नहीं दे रहे हैं। हालांकि, पोस्टर-बैनर में दिखाई पड़ रहे है, लेकिन पार्टी सूत्र बताते हैं कि अभी तक न तो कार्यकताओं के साथ किसी तरह की बैठक हुई है और न ही सीधा परिचय। भले ही कन्हैया अपने क्षेत्र में 11 दिन बाद भी नजर नहीं आए है। करीबियों का कहना है कि 28 व 29 अप्रैल से वे धमाकेदार एंट्री कर रहे है।

कांग्रेस ने उत्तर- पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने अपने दो बार से सांसद रहे मनोज तिवारी पर तीसरी बार दांव लगाया है। दोनों पूर्वांचलियों के चुनाव मैदान में उतरने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है। पूर्वांचली मतदाताओं के बीच इस मुकाबले को लेकर काफी चर्चा है।




हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर सिर्फ 171 रन बना सकी। किंग कोहली ने 43 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली।

# बतौर ओपनर विराट कोहली का बड़ा कारनामा

## आईपीएल में पूरे किए 4000 रन धवन-वॉर्नर के क्लब में बनाई जगह



**हैदराबाद।** आईपीएल 2024 का 41वां मैच गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। इस मुकाबले में आरसीबी ने एसआरएच का किला भेद दिया। बल्लेबाजी के दौरान विराट कोहली औ रजत पाटीदार ने दमदार प्रदर्शन किया। दोनों ने ताबड़तोड़ अर्धशतक लगाए। दिलचस्प बात यह है कि किंग कोहली ने बतौर सलामी बल्लेबाज आईपीएल में 4000 रन पूरे कर लिए।

हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर सिर्फ 171 रन बना सकी। किंग कोहली ने 43 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और एक छक्का निकला। इस सीजन में यह उनका चौथा अर्धशतक है। वहीं, पाटीदार ने महज 20 गेंदों का सामना किया और 50 रनों की तूफानी पारी खेली। उनके बल्ले से इस सीजन का यह तीसरा अर्धशतक निकला।

### आईपीएल में 10वीं बार कोहली ने पूरे किए 400+ रन

दिलचस्प बात यह है कि 2011 से लगातार 10वीं बार विराट कोहली 400+ रन बनाने में कामयाब हुए हैं। ऐसा करने वाले वह पहले बल्लेबाज बन गए। साल 2016 में उन्होंने सबसे ज्यादा 973 रन बनाए थे, यह आईपीएल के इतिहास में एक सीजन में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं।

### 4000+ रन बनाने वाले बल्लेबाज बने कोहली

आरसीबी के लिए बतौर ओपनर किंग कोहली ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने 4000 रन पूरे कर लिए। 35 वर्षीय खिलाड़ी ने बतौर सलामी बल्लेबाज आईपीएल में 4041 रन बनाए हैं। इसी के साथ वह शिखर धवन और डेविड वॉर्नर के क्लब में शामिल हो गए। पंजाब किंग्स के कप्तान इस मामले में शीर्ष पर हैं। उन्होंने अब तक 6362 रन बनाए हैं। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज वॉर्नर के नाम 5909 रन दर्ज हैं। इस मामले में तीसरे नंबर पर दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल का नाम दर्ज है, जिन्होंने 4480 रन बनाए हैं। विराट इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं।

### आईपीएल इतिहास में 10वीं बार 400+ रन बनाए

557 रन 2011 में
634 रन 2013 में
505 रन 2015 में
973 रन 2016 में
530 रन 2018 में
464 रन 2019 में
466 रन 2020 में
405 रन 2021 में
639 रन 2023 में
430 रन 2024 में

# बोल्ट के बाद यह भारतीय स्टार बना टी20 विश्व कप का एम्बेसडर



**दुबई।** टी20 विश्व कप 2024 को लेकर काउंटडाउन शुरू हो चुका है। आईपीएल 2024 के बाद यह टूनार्मेंट खेला जाना है और इसको लेकर सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। एक मई से पहले सभी टीमों को अपने संभावित 15 खिलाड़ियों का एलान करना है। हालांकि, इस टूनार्मेंट को लेकर आईसीसी कई बड़े एलान कर रहा है। उसने हाल ही में जमैका के दिग्गज धावक उसैन बोल्ट को टूनार्मेंट का एम्बेसडर बनाया था।

अब क्रिकेट काउंसिल ने शुक्रवार को भारत के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह को भी एम्बेसडर नियुक्त किया है। युवराज ने 2007 में टी20 विश्व कप के पहले संस्करण में भारत को ट्रॉफी जीतने में काफी मदद की थी। उन्होंने 17 साल पहले हुए संस्करण में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे। इस साल टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज और अमेरिका की सह मेजबानी में खेला जाना है।

युवराज अंतरराष्ट्रीय मैचों पर हमेशा नजर रखते हैं और उन्होंने आईसीसी के साथ बैठकर इस साल के आयोजन से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने साथ ही यह भी बताया कि भारत को दूसरी बार प्रतिष्ठित टी20 विश्व कप ट्रॉफी उठाने के लिए क्या करने की जरूरत है। युवराज ने कई विकल्पों के बारे में बात की और यह भी बताया कि भारत की पहली पसंद का विकेटकीपर कौन होना चाहिए। साथ ही रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य पर भी चर्चा की।

### युवराज ने बताया कौन होगा टीम इंडिया का एक्स फैक्टर

युवराज ने कहा है कि अगर भारत को टूनार्मेंट जीतना है तो दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का बल्ला चलना होगा। उन्होंने कहा, 'सूर्यकुमार यादव भारत के अहम खिलाड़ी हैं। क्योंकि वह जिस तरह से खेलते हैं, वह 15 गेंदों में खेल का रंग बदलने की क्षमता हैं। इसके अलावा उनका चुना जाना तय है और प्लेइंग 11 में खेलना भी तय है। भारत के लिए यह टी20 विश्व कप जीतने के लिए सूर्या का चलना एक्स फैक्टर होगा।'

युवी ने कहा, 'मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी में अहम भूमिका निभा रहा है और मैं टीम में युजवेंद्र चहल जैसा लेग स्पिनर को भी देखना चाहूंगा क्योंकि वह काफी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। हालांकि, बल्लेबाज होने के नाते मैं कहूंगा कि सूर्यकुमार यादव अहम खिलाड़ी हैं।

आरसीबी के लिए स्वप्निल ने छह गेंदों में 12 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने एक चौका और एक ही छक्का लगाया। उनके बल्ले से निकले तूफानी शॉट्स ने सभी को हैरान कर दिया। स्पिन गेंदबाजी में माहिर स्वप्निल यहीं नहीं रुके, उन्होंने गेंदबाजी के दौरान जोरदार धमाका किया।

# कौन हैं स्वप्निल सिंह? इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे, चटकाया क्लासेन-मार्करम का विकेट

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2024 का रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में आरसीबी ने सीजन की दूसरी जीत दर्ज की। डुप्लेसिस की टीम ने हैदराबाद को 35 रनों से हराया। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में आरसीबी की तरफ से स्वप्निल सिंह ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विरोधी टीम के खिलाफ पहले तो बल्ले से आक्रामक रुख अख्तियार किया। इसके बाद उन्होंने कातिलाना गेंदबाजी की। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे इस खिलाड़ी ने शानदार प्रभाव डाला।

हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर सिर्फ 171 रन बना सकी। आरसीबी के लिए स्वप्निल ने छह गेंदों में 12 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने एक चौका और एक ही छक्का लगाया। उनके बल्ले से निकले तूफानी शॉट्स ने सभी को हैरान कर दिया। स्पिन गेंदबाजी में माहिर स्वप्निल यहीं नहीं रुके, उन्होंने गेंदबाजी के दौरान जोरदार धमाका किया। पारी के पांचवें ओवर में उन्होंने दो विकेट चटकाए। इस ओवर की दूसरी गेंद पर स्वप्निल ने एडन मार्करम को एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद पांचवीं गेंद पर स्वप्निल ने हेनरिक क्लासेन को कैमरन ग्रीन के हाथों कैच आउट कराया। दोनों बल्लेबाज इस मुकाबले में सिर्फ सात-सात रन बना सके।

### 15 की उम्र में किया डेब्यू



उत्तर प्रदेश के रायबरेली में जन्म लेने वाले स्वप्निल का क्रिकेटिंग करियर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। लगभग 15 साल की उम्र में उन्होंने बड़ौदा के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। साल 2007 में उन्होंने टी20 और 2008 में लिस्ट ए क्रिकेट में पदार्पण किया। 2008 में विश्व कप टीम के लिए उन्होंने दावेदारी पेश की थी। हालांकि, उन्हें मौका नहीं मिला। आईपीएल के पहले सीजन में उन्हें मुंबई इंडियंस ने स्क्वॉड का हिस्सा बनाया था। हालांकि, उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला।

## न्यूज कॉलम

### सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक इंदौर आये

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिये नियुक्त सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक इंदौर पहुंच चुके हैं। उक्त सभी प्रेक्षकगणों से मिलने का स्थान और समय तय हो गया है। इनसे चर्चा के लिए मोबाईल नम्बर भी जारी किये गये है। आयोग द्वारा डॉ. आर. सेल्वाराज को सामान्य प्रेक्षक बनाया गया है। डॉ. सेल्वाराज इंदौर पहुंच चुके हैं। वे रेसीडेंसी के कक्ष क्रमांक 9 में ठहरे हैं। इनका मोबाइल नम्बर 9329115341 है। इनसे सुबह 9.30 बजे से सुबह 10.30 बजे तक मुलाकात की जा सकती है। इसी तरह पुलिस प्रेक्षक के रूप में निरलिप्त राय इंदौर आ गये हैं। इनका मोबाइल नम्बर 8770837133 है। इनसे सुबह 9.30 बजे से सुबह 10.30 बजे तक उपलब्धता पर मुलाकात की जा सकती है। वे रेसीडेंसी के कक्ष क्रमांक 7 में ठहरे हैं। आयोग द्वारा अलका गौतम एवं मत्ता पदमा को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। उक्त दोनों प्रेक्षक भी इंदौर आ गयी है। इन दोनों से सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मुलाकात की जा सकती है।

### सभी प्रकार के अवकाश आवेदनों पर प्रतिबंध

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने लोकसभा निर्वाचन कार्य के संपादन के लिये अधिकारी और कर्मचारियों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर जिले के समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के समस्त प्रकार के अवकाश और निर्वाचन कार्य से मुक्ति किये जाने संबंधी आवेदन (अपरिहार्य कारणों को छोड़कर) प्रतिबंधित कर दिये है। समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है, कि उक्त के संदर्भ में किसी भी प्रकार का आवेदन पत्र अग्रेषित न किया जाये। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

### इंदौर के कई इलाकों में पानी की किल्लत

**इंदौर।** गर्मी शुरू होते ही कई इलाकों में पानी की किल्लत देखी गई है। खास तौर पर पिछले एक महीने में कई बार ऐसे हालात बने जब फॉल्ट या लाइन फूटने के कारण जलापूर्ति प्रभावित हुई है। पिछले एक महीने में सामने आई इन घटनाओं के कारण शहर के कई इलाके पानी की समस्या से जूझते दिखाई दिए, क्योंकि सुधारकार्य के चलते पानी की कई टंकियां भरी नहीं जा सकी। हालांकि महापौर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि फेस वन और फेस टू की लाइन बेहद पुरानी हो चुकी है, जिसके कारण दिक्कतें आती रहती है। उनका कहना है कि ऐसी लाइनों के जल्द सुधार का काम भी किया जाता है। जबकि नगर निगम नर्मदा के चौथे चरण को लाने की तैयारी में भी जुटा हुआ है ।

### दोस्त ने मोबाइल अनलॉक कर 2. 29 लाख निकाले

**इंदौर।** टेलीपरफारमेंस कंपनी के कर्मचारी को दोस्त ने चपत लगा दी। मोबाइल अनलॉक कर सवा दो लाख रुपये निकाल लिए। बुधवार को मामला थाने पहुंचा और एफआईआर दर्ज कर ली गई। पुलिस के मुताबिक फरियादी हिमांशु अग्रवाल निवासी पिपरिया बासखेड़ा गाडरवारा जिला नरसिंहपुर है। स्कीम-78 में टेलिपरफॉर्मेंस में नौकरी करता है और पं. दीनदयाल नगर में रहता है। उसने दोस्त पंकज पंवार के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई है। हिमांशु के मुताबिक मोबाइल को डिजिटल लॉकर में रख देता था। दोस्त पंकज को लॉकर के नंबरों की जानकारी थी। आरोपित ने लाकर खोलकर क्यूआर स्कैन कर 17 बार में 2 लाख 29 हजार रुपये निकाल लिए। मूलतः बैतूल निवासी पंकज भी कंपनी में काम करता है।

### वाहन चेकिंग के दौरान 1.25 लाख रुपये जब्त

**इंदौर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में अंतरराज्यीय बार्डर पर वाहनों की सघन तलाशी की जा रही है। इसी को लेकर बिजासन घाट अंतरराज्यीय चेकिंग नाका थाना सेंधवा ग्रामीण चेकिंग पॉइंट पर वाहन चेकिंग के दौरान याकूब पुत्र यूसुफ पठान निवासी ग्राम सायगांव तहसील चालीसगांव जिला जलगांव महाराष्ट्र की कार को चेक करने पर 1.25 लाख रुपये जब्त किए गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि जांच में रुपए को याकूब से पूछताछ की गई है लेकिन याकूब इसके संबंध में कोई ठीक जवाब नहीं दे पाया है। जिसको लेकर कार्रवाई की गई है।

तापमान में उतार-चढ़ाव


# इंदौर में बढ़ रहा मच्छरों का प्रकोप

**दवाइयों का छिड़काव भी नहीं हो रहा और 19 झोनों में दी गई अधिकांश मशीनें भी खराब पड़ी**


दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इन दिनों शहर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण है फागिंग न होना। नगर निगम के 19 झोन हैं। प्रत्येक जोन में दो-दो फागिंग मशीन हैं। इसके अलावा दो बड़ी फागिंग मशीन भी हैं। बता दें कि मलेरिया विभाग के पास 35 तो नगर निगम के पास सिर्फ 25 कर्मचारी हैं, जिन्हें मच्छरों का प्रकोप कम करने की जिम्मेदारी मिली है।

अधिकारियों के मुताबिक, मच्छरों के बढ़ने का कारण तापमान में उतार-चढ़ाव है, क्योंकि गर्मी अधिक नहीं होने के कारण मच्छर तेजी से पनप रहे हैं। शहर तापमान, वर्षा और आर्द्रता में वृद्धि के साथ मौसम परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिससे मच्छरों का घनत्व बढ़ रहा है। हाल ही में कांग्रेस ने भी इस मुदे को उठाया था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिए दवाइयों का छिड़काव भी नहीं हो रहा और 19 झोनों में दी गई अधिकांश मशीनें भी खराब पड़ी हैं।



**जनता परेशान लेकिन जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान**





**क्यूलेक्स मच्छरों का प्रकोप**

इस मौसम में क्यूलेक्स मच्छरों का प्रकोप रहता है। ये मच्छर डेंगू या मलेरिया नहीं फैलाते हैं, बल्कि नालों में रुके हुए पानी में पनपते हैं। जल निकासी लाइनों में गंदा पानी भी इनके पनपते का कारण है। वहीं एडीज और एनोफेलीज डेंगू और मलेरिया फैलाते हैं, लेकिन अभी इनका प्रकोप अधिक नहीं है। गर्मी में इस प्रकार के मच्छरों का घनत्व बढ़ जाता है, क्योंकि लोग बिना ढंके कंटेनरों में पानी जमा करते हैं।

**बाहर निकलना हो गया मुश्किल**

शहरवासियों का कहना है कि हम न केवल अपने घर के पास, बल्कि कार्यालय या शहर में कहीं भी जा रहे हैं तो मच्छर मंडराते रहते हैं। अपने घरों की खिड़कियां और दरवाजे भी खुले रखना बंद कर दिए हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर या सार्वजनिक परिवहन में हम क्या कर सकते हैं।

**बढ़ने लगी गंदगी**

स्वच्छ सर्वेक्षण समाप्त होने के बाद शहर में एक बार फिर स्वच्छता को लेकर सुस्ती का आलम नजर आने लगा है। शहर की सड़कों पर गंदगी भले ही नजर न आए लेकिन गलियों और कालोनियों के भीतर की सड़कों की सफाई छह वर्षों से देश के सबसे स्वच्छ शहर घोषित हो रहे इंदौर का मुंह चिढ़ा रही है।

ड्रोन के सर्वे में

# जमीन 1030 एकड़ निकली



**पुराने रिकॉर्ड में केवल 750 एकड़ जमीन आई सामने**

**रेसीडेंसी एरिया को लेकर लगातार चल रही कार्यवाही**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कलेक्टर आशीष सिंह ने पिछले दो माह पहले रेसिडेंसी एरिया को लेकर एटीएम सपना एम लोवंशी को सर्वे करने के निर्देश दिए थे। इसी के बाद से सबसे पहले जिला प्रशासन ने प्रचार-प्रसार के माध्यम से रेसिडेंसी एरिया में सभी लोगों को अपने-अपने दस्तावेज जमा करने की बात कही थी।

इसके बाद कुछ लोगों ने ही दस्तावेज जमा करने में अपनी रुचि दिखाई थी। इसके बाद कलेक्टर ने कलेक्टर कार्यालय में ही एक कार्यालय विशेष तौर पर दस्तावेज जमा करने के लिए खोला और सभी रहवासियों को कलेक्टर कार्यलय में आकर अपने-अपने दस्तावेज जमा करने की बात कही गई ।

इस प्रक्रिया के बाद भी कुछ लोगों ने और अपने दस्तावेज जमा करें, लेकिन संपूर्ण तरीके से लोगों ने फिर भी अपने रहने का प्रमाण पत्र जिला प्रशासन को नहीं सौंपा। इसके बाद भी अगली प्रकिया बढ़ाते हुए एडीएम सपना एम. लोवंशी ने अपनी टीम के साथ रेसीडेंसी एरिया में रहने वाले लोगों के घर जाकर उनके दस्तावेज चेक किए। इनमें कई तरह की खामियां दिखाई दी, तो कई लोग दस्तावेज दिखाने में नाकाम रहे। कलेक्टर ने अब पूरे क्षेत्र का ड्रोन से सर्वे कराया है, जिसमें टोटल जमीन 1030 एकड़ निकलकर सामने आई है। पुराने रिकॉर्ड में केवल 750 एकड़ ही दर्शाई जा रही है। अब अगली प्रकिया के अंतर्गत 3 मई को इस मामले को लेकर एक बैठक भी रखी गई है। बैठक में कुछ बड़े निर्णय भी सामने आ सकते हैं। जिला प्रशासन इस कार्य के लिए मजबूती से अपने कदम रख रहा है। ऐसे में अवैध कब्जे भी वहां से जल्द हटाए जाएंगे।

**रेसिडेंसी एरिया को अब कब्जा से मुक्ति दिलाना**

कलेक्टर के निर्देशन पर संपूर्ण कार्यवाही चल रही है। जिला प्रशासन का उद्देश्य रेसिडेंसी एरिया को अब कब्जा से मुक्ति दिलाना है तो वही उसे क्षेत्र का विधिवत सर्वे कर उसको सही उपयोग में लाना है।

**सपना एम. लोवंशी, अपर कलेक्टर , इंदौर**

यूजी फाइनल इयर के

# 80 फिसदी विषयों की परीक्षा खत्म, 30 मई तक आएंगे रिजल्ट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में यूजी फाइनल इयर के 80 फिसदी कोर्स की परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। वहीं, बाकी बचे 20 फिसदी कोर्स की परीक्षाएं जून में पूरी होगी। जिन विषयों की परीक्षाएं पूरी हो गई है, विश्वविद्यालय उनके रिजल्ट जल्द जारी करने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए मूल्यांकन का काम भी शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय इनमें से 9 विषयों के रिजल्ट मई के अंत तक जारी करेगा।

एनइपी के तहत डीएवीवी में चल रही यूजी फाइनल इयर के 11 विषयों में से 9 कोर्स की परीक्षाएं गुरूवार को खत्म हो चुकी है। इनके रिजल्ट जारी करने में देरी ना हो इसके लिए विश्वविद्यालय ने मूल्यांकन का काम पहले ही शुरू कर दिया है। यूजी फाइनल इयर के परीणाम तीन चरणों में घोषित किए जाएंगे। अप्रेल अंत तक बीबीए के तीन कोर्स हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, होटल मैनेजमेंट और फॉरेन ट्रेड के रिजल्ट जारी करने की कोशिश होगी। इन तीनों कोर्सेस में विद्यार्थियों की संख्या कम है।

इसके बाद बीकॉम, बीडब्ल्यूएस, बीएचएससी, पत्रकारिता, बीजेएमएसी के परीणाम 30 मई और बीए-बीएएसी के रिजल्ट 30 जून तक जारी किए जाएंगे। यूजी फाइनल इयर में 45 हजार विद्यार्थी शामिल हुए है। इनमें से 25 हजार विद्यार्थियों की परीक्षा हो गई है और उनका रिजल्ट भी मई अंत तक आ जाएगा। 30 मई तक बीकॉम, बीडब्ल्यूएस, बीएचएससी, पत्रकारिता, बीजेएमएसी का और जून के अंतिम सप्ताह तक बीए और बीएससी के रिजल्ट घोषित करने का लक्ष्य है।

# नगर निगम ने खुद की करोड़ों रुपए कीमत की जमीन पर कब्जा करवा दिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नगर निगम ने अपनी खुद की करोड़ों रुपए कीमत की जमीन पर कब्जा करवा दिया है। चुनाव आचार संहिता की आड़ में बिना किसी लिखित आदेश के जमीन के साथ मौके की व्यवस्थाओं को भी कब्जा करने वालों को सौंप दिया गया है। यह पूरा खेल महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त शिवम वर्मा की मिली भगत से हुआ है।

यह आरोप इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने पिछले दिनों पत्रकारों से चर्चा करते हुए लगाया था। आरोप है कि नवरात्रि के पहले दिन इस जमीन का कब्जा संत अच्युतानंद महाराज को दे दिया गया है। उस दिन से संत अपने पांच चेलों के साथ इस जमीन पर काबीज है। इस जमीन पर संत के रहने के लिए व्यवस्था भी जमा दी गई है। अब जल्द ही गायों के अस्पताल को बंद करने का काम किया जा रहा है। इन सभी आरोपों पर अब महापौर पुष्यमित्र भार्गव का बयान भी सामने आया है उनके मुताबिक गौशाला में बेहतर प्रबंधन को लागू करने के लिए संत यहां आए हुए हैं। उनके सुझावों को प्राप्त करने के लिए ये तरीका अपनाया गया है। सारे आरोपों को भार्गव ने नकार दिया है।

# डाटा एंट्री के जाल में फंसाकर करोड़ों रुपये ठगने वाला गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

करोड़ों की धोखाधड़ी में फरार ठग को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया। उसने गिरोह के साथ मिलकर डाटा एंट्री के नाम पर रुपये ऐंठे थे। एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया के मुताबिक लक्ष्मी यादव (दिल्ली), ध्रुव प्रसाद (कानपुर), प्रियांशु प्रसाद (बाराबंकी), खुशी (धार) ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पीड़ितों ने बताया कि आरोपित ने वर्क फ्राम होम का झांसा देकर कहा कि डाटा एंट्री का काम करने पर हर महीने हजारों रुपये कमा सकते हैं। टास्कबेस काम सौंपा और 40 रुपये प्रति फार्म के हिसाब से हजारों रुपये महीने कमाने का बोला। काम पूरा होने पर आरोपितों ने लोगों को वेतन नहीं दिया, बल्कि हाई कोर्ट और जिला कोर्ट के वकीलों के नाम से काल कर रहा कि काम में गड़बड़ी कर दी है।

इन्दौर जिले में अनुपयोगी सूखे बोरवेलों को सुरक्षित बंद करवाने की प्रभावी कार्यवाही

# जिले में 390 बोरवेल करवाए बंद

**बोरवेल खुले पाये जाने पर मालिक के विरुद्ध होगी एफआईआर दर्ज**





दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर जिले में अनुपयोगी सूखे बोरवेल को बंद करवाने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में प्रभावी कार्यवाही की गई है। जिले में पिछले दिनों एक अभियान चलाकर 390 बोरवेलों बंद करवाये गये हैं। चेतावनी दी गई है कि अगर कहीं बोरवेल खुले पाये जाएंगे तो संबंधित मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

उल्लेखनीय है कि रीवा जिले में पिछले दिनों अनुपयोगी बोरवेल में मासूम बच्चे के गिरने की हुई घटना को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर अनुपयोगी बोरिंग को बंद करवाए जाने का अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत जिले में अब तक अनुपयोगी 390 बारेवल बंद करवाए गए हैं। जिला पंचायत इन्दौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि जनपद पंचायतो को क्षेत्र में सूखे बोरवेल की पहचान कर इन्हें विभिन्न उपायों से सुरक्षित कवर करवाने के लिये निर्देशित किया गया था। इन्दौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सहायक अभियंता एवं उपयंत्रियो के दल द्वारा गत 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। 390 सूखे बोरवेल खुले पाये गये। इन सभी बोरवेल को बंद करवाने की कार्यवाही की गई। सिद्धार्थ जैन ने बताया कि जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अब खुले बोरवेल को सुरक्षित करवाने संबंधी प्रमाण पत्र सभी ग्राम पंचायतों से प्राप्त करें। उनसे लिखित में लेवें कि उनकी ग्राम पंचायत में अब कोई भी सूखा बोरवेल असुरक्षित खुला नहीं है। अब यदि खुले बोरवेल पाये जाते हैं तो ऐसे बोरवेल के मालिक के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जाये।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हो रहे लगातार नवाचार, स्वाद के साथ सेहत को लेकर की जा रही

# प्रतियोगिताओं से दिया जा रहा मतदान का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में मतदाता जागरूकता के लिए लगातार नवाचार किये जा रहे हैं। इसी के तहत महिला मतदाता जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले में महिला मतदाताओं को जागरूक करने की अनूठी पहल के तहत श्री अन्न (मिलेट्स) पर आधारित स्वाद के साथ सेहत प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है।



जिला पंचायत के सीईओ तथा जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में महिला मतदाओं के लिए गाँव-गाँव में श्री अन्न (मिलेट्स) पर आधारित स्वाद के साथ सेहत प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में महिलाएं हिस्सा ले रही है। इन्हें जहां एक ओर स्वाद के साथ सेहत का महत्व बताया जा रहा है, दूसरी ओर उन्हें लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए मतदान की महत्ता भी बताई जा रही है। महिलाओं से आग्रह किया जा रहा है कि वे 13 मई को मतदान जरूर करें। उन्हें मतदान की शपथ भी दिलाई जा रही है। श्री अन्न (मिलेट्स) स्वाद के साथ सेहत प्रतियोगिता 2024 में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों, रसोइयों, अध्यापकों ग्रामीण महिलाओं को जोड़ा जा रहा है।

प्रतियोगिता के विजेताओं को


**MAHARAJA COLLEGE**

Near Abhilasha Colony, Dewas Road, Ujjain Phone : 0734-2520220,21, 23 Mob.: 9406532088
Email: principal@maharajacollegeujjain.com

**FACULTY REQUIRED**

Applications are invited for :

**# PROFESSORS - 02 # ASSOCIATE PROFESSORS - 04**
**# ASSISTANT PROFESSORS - 04 # OFFICE ASSOCIATES - 02**
**# TELE - CALLERS - 04 # PEON - 02**

Qualification and Experience : For posts No 1 to 3- as per UGC Norms, should be well conversant with systems & technology. For posts No 4 - MCA or MSC (Computer Science) Experienced in Tally S/W and MS- Office will be preferred.Candidate possesses fluency in English & Hindi will be preferred for post No. 1 to 4. For posts No 5 - Minimum Eighth Pass. Experienced in an education institute. Please mention Application for the post of ------------on the envelope.

Interested candidates may apply along with necessary documents to **chairman Governing Council**, Maharaja College, Ujjain 456010, within 10 days from the date of this advertisement.

**Principal / Correspondent**



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मागज़, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। स पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail: awantikapressind@gmail.com